CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम : 24°C

हल्द्वानी, बुधवार 24 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 29 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सपा सरकार बनने पर आजम खां पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापसः अखिलेश यादव पेज 2



वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर खेल टाइम्स

## रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच साठगांठ का खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट ने CBI को दी छह मुकदमे दर्ज करने की हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने तर्क दिया कि प्रारंभिक जांच के बाद यह पता चला है कि एक संज्ञेय अपराध बनता है। उन्होंने दलील दी कि मामले की त्वरित जांच के लिए एजेंसी छह मामले दर्ज तलाशी और ज़ब्ती भी करना चाहती है। पीठ ने उनकी ये दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी। पीठ ने भाटी से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 22 जुलाई को सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) -शेष पृष्ठ दो पर

**कोर्ट ने मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के CBI के प्रयासों की सराहना की**



### उपहार अग्निकांड मामले में 60 करोड़ के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में अंसल बंधुओं पर लगाए गए 60 करोड़ रुपये के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस याचिका में अंसल बंधुओं को कम सजा देते हुए 2015 में दिए गए निर्देशों को लागू करने की मांग की गई थी। पीठ के समक्ष एवीयूटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने तर्क दिया कि रियायत का लाभ मिलने के बावजूद दोषी अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### अलविदा जुबीन गर्ग

**गुवाहाटी।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार मंगलवार को यहां कर दिया गया। राज्यभर से आए हजारों लोग उनकी इस आखिरी यात्रा में शामिल हुए । इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को दूसरे पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सोनापुर के श्मशान घाट ले जाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा , केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, असम विधानसभा के अध्यक्ष सर्बानंद सोनोवाल, विपक्ष के नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार से पहले श्री गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार दोषी करार

**नई दिल्ली।** लखनऊ की सीबीआई स्पेशल जज (पश्चिम) ने 6.8 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी चीफ मैनेजर पंकज खरे और दो निजी व्यक्तियों राजेश खन्ना तथा शमशुल हक सिद्दीकी को तीन-तीन साल कैद और 1.25 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी निजी कंपनी मेसर्स अनीता कॉन्ट्रैक्टर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर भी एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने नौ जुलाई 2008 को बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक, मेन ब्रांच, हजरतगंज, लखनऊ की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

### सत्येंद्र जैन को झटका

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की संपत्तियां अटैच की हैं। अटैच की गई संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 7.44 करोड़ बताई जा रही है। ईडी ने सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन (सत्येंद्र कुमार जैन की पत्नी) और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी।

## आजम खां 23 महीने बाद जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीतापुर/रामपुर।** सपा नेता आजम खां 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। जेल से निकलने के बाद आजम खां ने बसपा में जाने के सवाल पर कहा कि यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं थी।

अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा सरकार बनते ही आजम खां पर लगे सारे केस हटा दिए जाएंगे? मीडियाकर्मी के इस सवाल पर आजम खां चुप हो गए और मुस्कुरा दिए। आजम खां को 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितम्बर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम खां पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने -शेष पृष्ठ दो पर



**बसपा में जाने के सवाल पर कहा- अटकलें लगाने वालों से ही पूछिए**

### रामपुर बॉर्डर पर आजम खां का काफिला रोका, पुलिस से नोकझोंक

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां ने रामपुर बार्डर काफिले में शामिल गाड़ियों को रोकने पर पुलिस-प्रशासन से नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्यों परेशान कर रहे हो और कितना जुल्म करोंगे।

### राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना, लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। राहुल गांधी ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं।

## मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

### शाहरुख खान व विक्रांत मैसी नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जहां विजेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसी सम्मान समारोह में सुपरस्टार मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।

उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ये सम्मान प्राप्त हुआ। इस साल नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुए सितारों में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और विक्रांत मैसी का नाम भी शामिल रहा। सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नेशनल फिल्म अवाड्र्स से नवाजा गया। इस बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों के विनर्स को पुरस्कार से नवाजा गया है। कोविड महामारी के चलते राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दो साल की देरी से दिए जा रहे हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल विश्वनाथन को साल 2023 के प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में हाथरस की महिला समेत 5 लोग जिंदा जले

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में कानपुर नेशनल हाईवे पर अकराबाद के गोपी पुल के पास एक कार और ट्रक में भीषण टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में कार में बैठी महिला समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में ट्रक का परिचालक बुरी तरह जल गया। ट्रक अलीगढ़ से एटा जा रहा था, जबकि कार एटा की तरफ से आ रही थी, तभी अचानक कार का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड जाकर ट्रक में सामने से टकरा गई। हादसे के बाद नेशनल हाईवे जाम हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी देहात अमृत जैन ने विस्तृत जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह गोपी पुल पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई।

### उप्र लोकायुक्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है। यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उपयोग आयुक्त की नियुक्ति की गई थी।

# आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसें 20 अक्टूबर से शुरू होंगी

शाह टाइम्स संवाददाता



- पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे
- 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा

**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ेरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा। डा. मिर्ज़ा शफ़ीक ने शाह टाइम्स को जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस काजी नुरुल्लाह शूस्तरी आगरा की याद में होंगी।

# अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद का नक्शा खारिज

अयोध्या, वार्ता



- ढाई साल पहले मिली थी पांच एकड़ जमीन

अयोध्या में राम मंदिर की जमीन छोड़ने के एवज में मुस्लिम पक्ष को धन्नीपुर में दी गई 5 एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद का नक्शा अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने निरस्त कर दिया है। यह खुलासा आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में एडीए ने किया है। एडीए ने दावा किया है कि इस मस्जिद के निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट ने पहल की थी। ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए एडीए में आवेदन किया था, लेकिन ढाई साल बाद भी इससे संबंधित विभिन्न विभागों की एनओसी दाखिल नहीं कर सका है। इसकी वजह से ट्रस्ट के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। ऐसे में अयोध्या में मस्जिद निर्माण का मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

करीब साढ़े पांच सौ सालों से चले आ रहे संघर्ष के क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने 9 नवंबर 2019 को श्रीराम जन्मभूमि को लेकर फैसला सुनाया था। इस फैसले के तहत विवादित जमीन हिंदुओं को देने और मुसलमानों को मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को दोनों पक्षों ने स्वीकार किया था। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को राम मंदिरके लिए भूमि पूजन किया और तय समय के मुताबिक राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। अब इस मंदिर का काम अंतिम चरण में है। दूसरी ओर मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने उसी समय मुस्लिम पक्ष को पांच एकड़ जमीन आवंटित कर दी थी। इसके बाद करीब ढाई साल पहले मुस्लिम पक्ष ने भी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट बनाकर मस्जिद बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके लिए एडीए में ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए आवेदन भी कर दिया, लेकिन इन ढाई सालों में यह ट्रस्ट वैध दस्तावेज नहीं जमा करा सका है। इसमें खासतौर पर विभिन्न विभागों की एनओसी मुख्य है। इसकी वजह से मस्जिद का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। वहीं अब एडीए ने ट्रस्ट द्वारा दाखिल नक्शे के आवेदन की फाइल ही खारिज कर दी है।

अयोध्या में नागेश निवासी ओमप्रकाश सिंह ने पिछले दिनों अयोध्या विकास प्राधिकरण में सूचना के अधिकार के तहत इस मस्जिद के संबंध में सवाल पूछे थे। इसके जवाब में एडीए ने बताया कि विभिन्न विभागों की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश न करने की वजह से मस्जिद का नक्शा खारिज किया गया है।

## अखिलेश यादव का वादा: सपा की सरकार बनने पर

# आजम खान पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- खान साहब सपा संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के जेल से रिहा होने और बसपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर जारी अटकलों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग और रामपुर का विधायक व एक अधिकारी, जिसे एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन मिल रहा है, अन्याय नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए खुशी का दिन है, आने वाले समय में उन पर लगे सभी केस खत्म होंगे। आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं का बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं।

समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जाति के आदेश के अनुपालन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आज स्वजातीय लोगों को सरकार ने हर जगह बैठाया हुआ है। उन्होंने कहा कि 5000 साल की पुरानी बातों को कैसे दूर करेंगे। जाति के चलते लोग अपमानित हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर को जाति के आधार पर भेदभाव सहना पड़ा। डा. राम मनोहर लोहिया कहते थे जाति तोड़ो-समाज की व्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी पीडीए से घबराई हुई है। हालांकि यह हाईकोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भावनात्मक रिश्ता बनता है, इसको कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर घर, मंदिर न धुलवाए सरकार।

## आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित: अनिल

**लखनऊ।** भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे।

मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते हैं। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती, तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयान बाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है। तथ्य और प्रमाण के साथ प्रदेश सरकार ने, हमारी पुलिस ने कार्रवाई की है और इसको न्यायालय ने भी माना है। उन्होंने कहा कि आगे आजम पर लगे आरोप साबित भी होंगे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगवाती है। कहा कि जब सरकार पुलिस से पॉलिटिकल पोलिंग कराएगी, उन्हें चुनावी गोरखधंधे का हिस्सा बनाएगी, तो अवैध कार्यों, भ्रष्टाचार और वसूली में पुलिस की मिलीभगत को नजरअंदाज करने पर मजबूर भी होगी।

# उप्र के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूपी सीईओ ने जारी कर मांगा जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आरोप है कि इन दलों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और वर्ष 2019 से अब तक विगत 6 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया मगर निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरण दाखिल नहीं किया गया। नियमों के अनुसार प्राविधान यह है कि विधानसभा चुनाव के पश्चात 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनाव के पश्चात 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल किया जाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में कहा कि इन सभी दलों के अध्यक्ष व महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेख आदि तीन अक्टूबर तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत सुनवाई हेतु 6, 7, 8 एवं 9 अक्टूबर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रात: 10 बजे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।



सेंसेक्स 82102.10
निफ्टी 25169.50



सोना रु. 114179
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 134980
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी गिरावट

## ऑटो-बैंकिंग शेयरों में आई तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही, हालांकि ऑटो और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.87 अंक (0.07 प्रतिशत) की गिरावट में 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 81,776.53 अंक तक लुढ़क गया था, लेकिन ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली से बाजार काफी हद तक उबरने में कामयाब रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत टूटकर 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली रही जबकि एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 2.34 प्रतिशत गिर गया। टेक महिंद्रा में 2.07 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.94 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.90 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.42 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, आईटीसी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और टाइटन के शेयर भी टूट गए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 2.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.94 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.83 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.81 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत, टाटा स्टील और एनटीपीसी दोनों का 1.11 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में कुल 3,136 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,714 के शेयर गिरावट में और 1,329 के बढ़त में रहे जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.13 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 फीसदी लुढ़क गया।

## सोना पहुंचा 114000 के पार, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** गोल्ड ने एक बार फिर से मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिए हैं। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 114179 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। सोना ही नहीं, चांदी भी रफ्तार के साथ भाग रही है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में चांदी भी एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,34,980 प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 22 कैरेट सोने का भाव 1,03,810 रुपये और 24 कैरेट सोने का भाव 1,13,230 रुपये रहा, जबकि मुंबई में1,13,080 रुपये, चेन्नई में 1,13,790, कोलकाता में 1,13,080 और लखनऊ में 1,13,230 रुपये रहा। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती और साल के अंत तक अतिरिक्त रियायतों की संभावनाओं ने सोने के प्रति धारणा को मजबूत किया है, जबकि डॉलर इंडेक्स में नरमी और रुपये में कमजोरी ने भी इसमें तेजी ला दी है। केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी, ईटीएफ में मजबूत निवेश और सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी ने कीमती धातुओं की मजबूती को और बढ़ाया है।

# नवी मुंबई से २० दैनिक उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस



**मुंबई।** एयर इंडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस मुंबई के उपनगरीय इलाके नवी मुंबई में बने नए हवाई अड्डे से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वह नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगी।

ये उड़ानें हवाई अड्डे के संचालन के पहले चरण से शुरू होंगी। अगले साल के मध्य तक वहां से उड़ानों की संख्या बढ़ाकर रोजाना 55 की जाएगी, जिनमें पांच दैनिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल होंगी। अगले साल के अंत तक एयर इंडिया समूह का लक्ष्य नवी मुंबई हवाई अड्डे से अपने परिचालन को 60 दैनिक प्रस्थान तक बढ़ाने की योजना है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि हम नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मुंबई एक से अधिक हवाई अड्डों वाले विश्व शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है। हमें अदानी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को न केवल शेष भारत से जोड़ने वाले एक बिंदु के रूप में, बल्कि अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने में खुशी हो रही है। उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का संचालन अडानी समूह के हाथों में है। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा कि हमें अपने एक मूल्यवान एयरलाइन भागीदार के रूप में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

## यूपी के किसानों के लिए खुशखबरी, सीएसए विवि से मिल सकेंगे बीज

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए विवि) के तिलहन अनुभाग में कृषि वैज्ञानिकों ने पहली बार सरसों की सुरेखा प्रजाति (केएमआर-16-2) को विकसित किया है, जिसका साल 2022 में विमोचन हुआ था और अब कृषि मंत्रालय से इसका नोटिफिकेशन जारी हो गया है। अब उत्तर प्रदेश के किसानों को सरसों की यह एक नई प्रजाति खेती के लिए मिल जाएगी। सीएसए विवि के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. महक सिंह ने बताया कि इस प्रजाति की खूबी है कि इसमें सर्वाधिक तेल की मात्रा 41.4 प्रतिशत तक मिली है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

में मकान खरीदारों से ठगी के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच अपवित्र सांठगांठ के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरण अब शीर्ष अदालत की जांच के दायरे में हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के सीबीआई के प्रयासों की सराहना की। इसने केंद्रीय एजेंसी से जांच शीघ्र पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने को कहा। अदालत ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जांचों को आगे की जांच के लिए संज्ञेय अपराधों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के समकक्ष 22 नियमित मामलों में बदलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई सातवीं प्रारंभिक जांच की परख करने का काम अभी भी जारी है। अदालत ने कहा कि इस प्रारंभिक जांच में शामिल परियोजनाएं मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता, मोहाली और इलाहाबाद में हैं। शीर्ष अदालत ने मार्च में सीबीआई को एनसीआर क्षेत्र (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद) में बिल्डरों और परियोजनाओं से संबंधित पांच प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी थी। पीठ ने रियलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी, जिसके खिलाफ 799 मकान खरीदारों ने आठ अलग-अलग शहरों में परियोजनाओं से संबंधित 84 अपीलों के माध्यम से शीर्ष न्यायालय का रुख किया है।

**आजम खां....**

पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम खां की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई। आजम खां काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा कि ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

# जीएसटी सुधार के साथ जनता को त्योहार में मिला उपहार: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि नवरात्र के पहले दिन देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू होने से जनता में त्यौहार का आनंद कई गुना बढ़ गया है। पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आज पत्रकारों से कहा कि जीएसटी सुधार लागू होने से देशभर में शानदार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और देश में हर कोई छूट का लाभ उठा रहा है।

औद्योगिक कंपनियों के साथ आम जनता ने जीएसटी सुधार पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। पात्रा ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधार लागू होने पर देशभर में केंद्र और राज्य सरकार के भाजपा मंत्रियों ने जनता और दुकानदारों के बीच पहुंच कर उनसे बात की। उन्होंने बताया कि दुकानदारों ने कहा कि नवरात्र में यह अबतक की सबसे शानदार ओपनिंग हैं। जीएसटी की दरों की कटौती का फायदा उठाने के लिए ग्राहक भी मॉल दुकान और शोरूम में पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने जीएसटी सुधार को लेकर मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने इस विषय को जनता तक सटीक तरीके से पहुंचाया है। पात्रा ने कहा कि सोमवार को भाजपा के सांसद और मंत्री जीएसटी सुधार की वस्तुस्थिति जानने के लिए सड़कों पर उतरे, उन लोगों ने दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की, जिसका बड़ा और सकारात्मक फीडबैक आप सभी से शेयर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। मारूति ने जीएसटी कटौती लागू होने के पहले ही दिन 25 हजार कारों की डिलीवर की हैं। उन्होंने बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की तरफ से आई जानकारी के अनुसार पहले ही दिन उन्होंने भी रिकॉर्ड बनाया है। हुंडई के निदेशक का बयान भी आज समाचारपत्रों में छपा है कि नवरात्रि का शुभारंभ, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की वजह से बहुत ही शानदार रहा है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## धामी कैबिनेट में 6 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# महक क्रांति नीति से सुगंधित होगा उत्तराखंड

## पीएम मोदी को पसंद आए तिमरु परफ्यूम ने इस नीति को दी रफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्यहित से जुड़े 6 बड़े प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में सबसे अहम फैसला 'महक क्रांति नीति' को हरी झंडी देना रहा।

बैठक के बाद केबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना महानिदेश बंशीधर तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में लंबे समय से महक क्रांति नीति तैयार करने की चर्चा चल रही थी। उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में सगंध फसलों के उत्पादन को बढ़ाने और इसके इस्तेमाल को बढ़ाए जाने पर जोर देने को दृष्टीगत तमाम पहलुओं को शामिल करते हुए महक क्रांति नीति तैयार करने का निर्णय लिया है। ताकी प्रदेश में सगन्ध खेती को स्थापित किया जा सके। महक क्रांति नीति के पहले चरण में अगले 10 साल यानी 2026 से 2036 तक के सशक्त उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार किया जाएगा। यही नहीं उत्तराखंड राज्य में सगन्ध खेती को बढ़ावा देने के लिए अच्छी खासी सब्सिडी का भी प्रावधान किया जाएगा। राज्य में सगंध फसलों के पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सगन्ध उत्पादों के लिए उत्तराखण्ड ब्रांड को स्थापित करना है। इस नीति में प्रथम चरण के तहत 91,000 लाभार्थियों के जरिए 22750 हेक्टेयर भूमि पर सगन्ध खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति के तहत किसानों को कम से कम एक हेक्टेयर भूमि पर 80 फीसदी की सब्सिडी और एक हेक्टेयर से अधिक की भूमि पर सगन्ध खेती करने पर 50 फीसदी की सब्सिडी दी जाएगी। प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सगंध उत्पादों का ब्रांड बनाने का संकल्प लिया गया है। सौगंध पौधा केंद्र की शोध और प्रधानमंत्री मोदी को पसंद आए तिमरु परफ्यूम ने इस नीति को रफ्तार दी।

### दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि दोगुनी

समाज कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है, अब दिव्यांग युवक-युवती से विवाह करने पर प्रोत्साहन राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। वहीं, उत्तराखंड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के ढांचे में संशोधन करते हुए अधीनस्थ कारीगरों के लिए 24 पद और सुधारात्मक विंग के लिए 3 पदों के सृजन को मंजूरी मिली है। पीएम आवास योजना के तहत रुद्रपुर में बनाए गए 1872 ईडब्ल्यूएस मकानों में लागत धनराशि से अधिक धनराशि खर्च हुई है, ऐसे में इन आवासों को बनाने में खर्च हुई अतिरिक्त 27.85 करोड़ रुपए को राज्य सरकार वहन करेगी। इसके अलावा उत्तराखंड राजकीय प्रारंभिक शिक्षा (अध्यापक) (संशोधन) सेवा नियमावली 2012 में संशोधन को मिली भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड की ओर से वर्तमान समय में पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के तहत 5 फ्री शैक्षिक टीवी चौनलों का प्रसारण किया जा रहा है, इसके लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड के बीच एमओयू किया गया है, ऐसे में इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए धामी मंत्रिमंडल ने आठ पदों को सृजन करने की मंजूरी दे दी है।

**अन्य फैसले**

उत्तराखंड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग में संशोधन को मंजूरी

अधीनस्थ कारीगरों के 24 पद और सुधारात्मक विंग के 3 पद सृजित

पीएम आवास योजना का अतिरिक्त खर्च वहन करेगी सरकार

शिक्षा में डिजिटल पहल, 8 नए पद सृजित

# पेपर लीक मामला: धरने पर जमे छात्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा में कथित पेपर लीक के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन कर परेड ग्राउंड के पास धरने पर बैठ गए और सरकार की नीतियों का विरोध किया।वही बेरा. `जगार युवाओं ने आयोग के अध्यक्ष और सचिव को हटाने और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की है।

बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल और उपाध्यक्ष स्वदेश मोहन मोघा के नेतृत्व में बेरोजगारों ने परेड ग्राउंड में धरना प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि आयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और सरकार उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा। बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें इस मामले की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस बैठक में छात्र नेता बॉबी पंवार, देवेंद्र बिष्ट और अन्य भी मौजूद थे।

## भाजपा की प्रदेश कार्यशाला आज मिशन 2027 मे हैट्रिक पर होगा मंथन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की मौजूदगी में बुधवार को पार्टी की प्रदेश कार्यशाला होने जा रही है। जिसमें प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष समेत समस्त नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी, 2027 में मिशन हैट्रिक को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा करेंगे।

प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कल दिनांक 24 सितंबर को राजधानी के कुँआवाला क्षेत्र के एक निजी संस्थान में पार्टी की प्रदेश कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री संगठन संतोष का मार्गदर्शन पार्टी के सभी नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी जिला प्रभारी से प्रभारी जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों को प्राप्त होगा। इस एक दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम सह प्रभारी रेखा वर्मा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार भी उपस्थित रहेंगे।

## यूकेएसएसएससी अध्यक्ष को बर्खास्त करे सरकार: कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश में रविवार को संपन्न हुए यूकेएसएसएससी परीक्षा के पेपर लीक की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से कराने की कांग्रेस ने मांग की है ,आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि परीक्षा के ठीक एक दिन पहले राज्य के नकल माफिया सरगना की नाटकीय गिरफ्तारी फिर रविवार को पेपर के दौरान ही आधे घंटे में पेपर का बाहर आ जाना और फिर पेपर के प्रश्नों के हल के साथ सोशल मीडिया में वायरल हो जाना और फिर इस बात का खुलासा सबसे चौंकाने वाला है कि परीक्षा केंद्रों में लगे जैमर फोरजी के थे जबकि आज मोबा. इल फोन पर फाइवजी काम कर रहा है तो कैसे फोरजी फाइवजी को इंटरसेप्ट कर सकता है और यह पूरे मामले को और ज्यादा संदिग्ध बना रहा है इसलिए अब इस पूरे पेपर लीक प्रकरण की हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच होनी चाहिए।

# यूसीसी:केंद्र ने कोर्ट से जवाब देने को मांगा समय, 15 अक्टूबर को होगी सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा लागू किये गए यूसीसीसी-2025 को चुनौती देती कई जनहित याचिकाओं सहित प्रभावित लोगों की तरफ से दायर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 15 अक्टूबर बुधवार की तिथि नियत की है।

बता दें मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान केंद्र के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से इस मामले की अगली सुनवाई हेतु 14 अक्टूबर सोमवार की तिथि देने का अनुग्रह कोर्ट से किया गया लेकिन याचिकर्ताओं की तरफ से पैरवी कर रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजूरं चद्रंन कीर्ति सिंह व वृन्दरा ग्रोवर ने कोर्ट से इस मामले की सुनवाई हेतु 15 अक्टूबर बुधवार की तिथि नियत करने की प्रार्थना की, जिसपर कोर्ट ने सहमत होकर अगली सुनवाई की तिथि 15 अक्टूबर बुधवार की नियत की है। मामले के अनुसार यूसीसी को लेकर अभी तक उच्च न्यायलय में प्रभावित व अन्य समुदायों ने इसे चुनौती दी गयी है जिन पर सुनवाई करते हुए पूर्व से अब तक कोर्ट ने जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश राज्य सरकार को दिये थे। राज्य सरकार ने अब इसमें अपना जवाब प्रस्तुत कर दिया है, अभी तक जो याचिकाएं दायर की गई हैं उनमें से खासकर मुस्लिम सुमदाय व लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों के द्वारा दायर की गई हैं। लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों का कहना है कि जो पफार्म रजिस्ट्रेशन के लिए उनसे भरवाया जा रहा है उसमें उनसे कई तरह की पूर्व जानकारी मांगी गई है। अगर वे पूर्व की जानकारी पफार्म में पफील करते हैं तो उन्हें जानमाल का खतरा भी हो सकता है। वर्तमान की शर्तेतो वो सब ठीक है। पूर्व की देने के उनकी व्यक्तिगत प्राइवेषी के खिलापफ है इसको संसोधित किया जाए।

# uksssc मास्टर मांइड मलिक सहित बहन भी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादन।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। फरार चल रहे मास्टरमाइंड खालिद मलिक को हरिद्वार से दबोच लिया गया। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।



खुलासे में सबसे बड़ा चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि जिस परीक्षा कक्ष में खालिद मलिक बैठा था, वहां जैमर ही नहीं लगाया गया था। केंद्र में कुल 18 कमरे थे और 15 जैमर लगे हुए थे, लेकिन कमरा नंबर 9, 17 और 18 में जैमर नहीं थे। खालिद कमरे नंबर 9 में परीक्षा दे रहा था। यहीं से उसने डिवाइस के जरिए प्रश्नपत्र के तीन पन्ने अपनी बहन साबिया को भेजे। साबिया ने इन्हें आगे प्रोफेसर सुमन चौहान तक पहुंचाया। पेपर लीक कांड में मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी के बाद अब साफ है कि यह खेल अकेले का नहीं था। बहनें, प्रोफेसर और जैमर टीम तक, सभी पर पुलिस की नजर टिकी है। अब देखना होगा कि इस हाई-प्रोफाइल नकल गैंग की पूरी सच्चाई कब तक सामने आती है।

**जया बलूनी की टीम ने किया गहन निरीक्षण:** एसएसपी अजय सिंह ने मामले की जांच एसपी देहात जया बलूनी को सौंपी। उनकी टीम ने हरिद्वार के आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादरपुर जट का निरीक्षण किया, जहां से पेपर बाहर आया था। केंद्र के प्रिंसिपल, कक्ष निरीक्षकों और गवाहों से घंटों पूछताछ की गई। बयानों और सबूतों के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बहन साबिया भी पुलिस की गिरफ्त में पुलिस जांच में सामने आया कि खालिद की बहन साबिया को पूरे घटनाक्रम की जानकारी थी। फिर भी उसने प्रश्नपत्र के फोटो सुमन चौहान तक भेजे और उनसे उत्तर प्राप्त किए। एसपी देहात जया बलूनी ने बताया कि नकल कराने के उद्देश्य से की गई इस साजिश के पुख्ता सबूत मिलने पर साबिया को गिरफ्तार किया गया।

### प्रोफेसर सुमन और दूसरी बहन हीना भी संदेह के घेरे में

इस गोरखधंधे में खालिद की दूसरी बहन हीना और सहायक प्रोफेसर सुमन चौहान की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। सुमन चौहान पर आरोप है कि उन्होंने लीक हुए प्रश्नों के जवाब तैयार किए। फिलहाल दोनों पुलिस की हिरासत में हैं। खालिद की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को भरोसा है कि पेपर लीक कांड की कई परतें खुलेंगी। जैमर टीम की भूमिका से लेकर केंद्र में डिवाइस ले जाने तक की गुत्थी सुलझाई जाएगी। हरिद्वार और देहरादून की पुलिस टीमें आरोपी से गुप्त स्थान पर पूछताछ कर रही हैं।

# आयुष्मान योजना के सात साल साबित हुए बेमिसाल

## उत्तराखंड में प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करती आयुष्मान योजना

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड: सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया की कहावत को चरितार्थ कर रही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने आज सात साल का शानदार सफर पूरा कर दिया है। 23 सितंबर 2018 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन इस योजना की शुरूआत की थी। इसमें प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपए तक नि:शुल्क उपचार की सुविधा सुलभ है। इसमें प्रदेश के 5.97 लाख परिवारों को आच्छादित किया गया था।

बाद में आयुष्मान की तर्ज पर उत्तराखंड सरकार ने आयुष्मान को सार्वभौमिक करते हुए आम जनों के लिए अटल आयुष्मान योजना व व राजकीय व स्वावय कार्मिकों व पेंशन. रों के लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना भी शुरू की। योजनाओं के नाम भले ही अलग हों लेकिन लक्ष्य सभी का जन कल्याण ही है। जन कल्याण के इन सामूहिक प्रयासों के नतीजे आज अनुकरणीय बने हैं।


**बुजुर्ग जनों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड:** जन कल्याण में नया अध्याय जोड़ते हुए भारत सरकार ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत ही गत वर्ष 29 अक्टूबर को 70 साल या उससे अधिक आयुवर्ग के बुजुर्गजनों को पृथक से 5 लाख रूपए तक कैशलेस उपचार की सुविधा दी है। चूंकि बड़ी में उम्र ही स्वास्थ्य सुरक्षा की अधिक आवश्यकता होती है ऐसे में वय वंदना कार्ड हमारे बुजुर्ग जनों के लिए उपहार से कम नहीं है। अभी तक 20 हजार से अधिक वय वंदना कार्ड बन चुके हैं। जिसके सापेक्ष करीब 5000 लाभार्थियों ने 7400 बार योजना का लाभ उठाया है जिस पर आरंभ से अब तक करीब 20 करोड़ रूपए की धनराशि खर्च हुई है।

**सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल उपचार:** सड़क हादसे में घायल हुए पीड़ितों के लिए आयुष्मान के तहत ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय संयुक्त पहल से कैशलेस उपचार की खास व्यवस्था की गई है। इसमें किसी भी सड़क हादसे के घायल को सिर्फ पुलिस रिपोर्ट के आधार पर उपचार तत्काल शुरू किया जाता है। इसमें 1.50 लाख तक या सात दिवस (जो भी पहले हो) कैशलेस उपचार की सुविधा है।

### 61 लाख से अधिक बन चुके हैं आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान योजन व उत्तराखंड राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना में आरंभ से वर्तमान तक के ब्यौरे की बात करें तो प्रदेश में करीब 61 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 17 लाख से अधिक मरीजों ने अस्पताल में भर्ती होकर निशुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठाया। और इस नि:शुल्क उपचार सेवा पर बीते सात सालों में करीब 3300 करोड़ का व्यय हुआ है। इसमें गंभीर बीमारियों से जूझते हुए कई लाभार्थी मरीजों को जीवनदान मिला है।

### आयुष्मान में अस्पतालों की है एक बड़ी श्रृंखला



प्रदेश में आयुष्मान योजना के अंतर्गत वर्तमान में कुल 396 अस्पताल सूचीबद्ध हैं। जिसमें 201 सरकारी व 195 निजी अस्पताल शामिल हैं। प्रदेश के बाहरी प्रांतों में 31 हजार से अधिक अस्पताल आयुष्मान योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। प्रदेश के बाहर रहने वाले राज्य के लाभार्थी बाहर के अस्पतालों में उपचार कराते हैं और उत्तराखंड में बाहरी प्रांतों के लाभार्थी भी सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार सुविधा का लाभ उठाते हैं।

आयुष्मान योजना जनापेक्षाओं पर खरी उतरे, पात्र लाभार्थियों को सही ढंग से उपचार मिले और अस्पताल के चिकित्सा दावों का पारदर्शिता के साथ निस्तारण हो इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। सेवाओं में कोई कोताही ना हो इस के लिए सेवा प्रदाताओं को निर्देशित किया जाता है। गलत दावे प्रस्तुत करने वाले अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है.. **अरविन्द सिंह ह्यांकी, अध्यक्ष, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड**

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान योजना व राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा है। सरकार की मंशा व दिशा निर्देशों के अनुरूप आम जन मानस को लाभान्वित कर रही आयुष्मान योजना प्रगति की ओर अग्रसर है। लाभार्थियों को बेहतर उपचार मिले इसके लिए अस्पतालों को समय समय पर निर्देशित किया जाता है। लाभार्थियों की सुविधा के लिए प्राधिकरण में कॉल सेंटर की व्यवस्था भी है...**रीना जोशी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण**



प्रधानमंत्री द्वारा "सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:" की भावना से प्रारम्भ की गई आयुष्मान भारत दृ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना विश्व की सबसे बड़ी आरोग्य योजना है। यह योजना लाखों हितग्राही रोगियों के लिए संजीवनी सिद्ध हो रही है। उत्तराखण्ड में इस योजना के सात वर्षों की यात्रा में असंख्य रोगी नि:शुल्क उपचार पाकर पुन: स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हुए हैं। रोगपीड़ितों को संकट से उबारने वाली, लोककल्याण की इस अद्वितीय योजना के सफल संचालन के लिए केन्द्र सरकार तथा माननीय प्रधानमंत्री के प्रति हृदय से धन्यवाद... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार**



आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के वरदान साबित हो रही है। महंगे उपचार के कारण जहां पहले गरीब-जन अपनी बीमारी का उपचार नहीं करा पाते थे आज आयुष्मान कार्ड लेकर किसी भी बड़े सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में वह नि:संकोच जाकर नि:शुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को भी आयुष्मान का लाभ मिलना चाहिए। गंभीर ब्याधियों से ग्रसित कई लोगों को आयुष्मान से जीवनदान मिला है। हम कह सकते हैं कि आयुष्मान योजना का सात साल का सफर उपलब्धिपूर्ण रहा...**डा धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री उत्तराखंड सरकार**

# आज के समय में तकनीक का सही उपयोग करना बहुत जरूरी: राज्यपाल

## राज्यपाल ने 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**13 सौ से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद, राज्यपाल ने शिक्षा की बात'' शिक्षा विभाग की दूरदर्शी और अभिनव पहल, कहा - विद्यार्थी अपने माता-पिता का सम्मान करने, अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, देहरादून से शिक्षा विभाग की अभिनव पहल ''शिक्षा की बात'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ''शिक्षा की बात'' कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के विविध भौगोलिक व सामा. जिक परिवेश में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से सीधे संवाद का अवसर देना है।

इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा, जिसमें शिक्षाविद्, साहित्यकार, समाजसेवी, वैज्ञानिक, व्यवसायी, सैन्य अधिकारी आदि विशिष्टजन छात्रों से वार्ता करेंगे। इसका सजीव प्रसारण राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्थित केंद्रीय वर्चुअल स्टूडियो से किया जाएगा, जिसमें 13 सौ से अधिक विद्यालय सीधे जुड़ेंगे।

'शिक्षा की बात'' के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों से सीधे संवाद किया। इस दौरान चमोली, टिहरी, पिथौरागढ़ आदि से छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल से करियर को लेकर सवाल पूछे। राज्यपाल ने अपने अनुभवों के आधार पर बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया और उन्हें सफलता के मंत्र बताए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ''शिक्षा की बात'' शिक्षा विभाग की दूरदर्शी और सराहनीय पहल है, जो बच्चों के भविष्य को नई दिशा देगी।

उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीक का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है और शिक्षा के क्षेत्र में यह बच्चों को समान अवसर देने का एक प्रभावी माध्यम है। शिक्षा विभाग द्वारा तकनीक का सही उपयोग किया जाना सराहनीय है। कार्यक्रम में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन, महानिदेशक शिक्षा दीप्ति सिंह, प्राथमिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल, निदेशक एससीईआरटी बंदना गर्ब्याल, जनरल मैनेजर वीईपीएल मानसी शर्मा, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर निखिल राणा, आकाश भड़ाना और रवि झा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अगले महीने मुख्यमंत्री करेंगे बच्चों का मार्गदर्शन: डॉ. रावत

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्यपाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने किसी न किसी ऐसे व्यक्तित्व को संवाद के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिससे बच्चों को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अगले महीने मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा।

# किसानों को 72 घंटे के अंदर मिले फसल का पैसा : रेखा आर्या

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने खरीफ फसलों की खरीद के 72 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय स्थित देवेंद्र शास्त्री भवन में मंगलवार को आयोजित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की बैठक में खरीफ की फसलों, धान और मंडुआ की खरीद की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को आदेश दिए कि इस बार किसानों को उनकी उपज का भुगतान नियमानुसार 48 से 72 घंटे के भीतर हर हाल में किया जाए। केंद्र सरकार ने इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल और मंडुआ का 4886 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।

किसानों को समय पर लाभ पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने पहले से ही 600 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान कर दिया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि फसल भंडारण के लिए गोदाम की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी और खरीद के लिए जूट के बैग की पर्याप्त उपलब्धता हर खरीद स्थल पर सुनिश्चित होगी। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। बैठक में एफसीआई, मंडी समिति और राइस मिल संगठन के प्रति. निधियों की ओर से रखी गई मांगों के भी शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव एल फैनई, खाद्य आयुक्त चंद्रेश कुमार, एमएस बिसेन, सीएम घिल्डियाल, आरएफसी गढ़वाल अरविंद पांडे, लता मिश्रा, अपर आयुक्त पीएस पांगती, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष सचिन गोयल, पंकज सहित अन्य अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# काशीपुर में धारा 163 लागू

## जुलूस के दौरान बवाल: सात लागों की गिरफ्तारी के बाद भी तनाव का माहौल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर के मौहल्ला अल्ली खां में बिना अनुमति निकाले गए जुलूस और पुलिस पर हमले के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए काशीपुर क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। उपद्रव के मास्टर माइंड सहित सात उपद्रवियों की गिरफ्तारी के बाद भी क्षेत्र में तनाव को देखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। परगना मजिस्ट्रेट अभय प्रताप सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 21 सितंबर की रात अल्ली खां चौक पर लगभग 400-500 लोगों ने जुलूस निकाल. कर पुलिस पर हमला किया और सरकारी वाहनों को नुकसान पहुंचाया। इस गंभीर स्थिति के मद्देनज़र धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया गया है, जो 22 सितंबर की सुबह 7 बजे से 7 दिन तक प्रभावी रहेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश की प्रमुख शर्तों के मुताबिक थाना काशीपुर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति भीड़ एकत्रित कर जुलूस, धरना, प्रदर्शन या सभा आयोजित नहीं करेगा। धार्मिक प्रतीकों के साथ जुलूस, शोभायात्रा और नारेबाजी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा, तलवार, बंदूक, पत्थर या अन्य हथियार लेकर सार्वजनिक स्थल पर नहीं जाएगा। किसी भी प्रकार का राजनीतिक, धार्मिक या सामाजिक आयोजन बिना अनुमति के नहीं होगा। चार या उससे अधिक लोगों के एक साथ सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होने पर रोक रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अल्लीखां में बवाल के बाद दूसरे दिन भी जेसीबी ने तोड़ा अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राजस्व विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, प्रदूषण विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौहल्ला अल्ली खां में संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से संचालित बिजली के कुल 17 कनेक्शन काटे गए, जबकि 11 एफआईआर दर्ज की गयीं। वहीं, नियमानुसार जनाधार केंद्र संचालित न करने पर एक केंद्र की आईडी निरस्त किये जाने की संस्तुति की गयी। नगर निगम द्वारा निगम की नाली पर अवैध रूप से अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया तथा ट्रेड लाइसेंस न पाए जाने पर कुल 16 हजार रुपये का चालान कर अर्थ दंड वसूला गया। एक बेकरी द्वारा प्रदूषण के मानक पूर्ण न किये जाने पर प्रदूषण विभाग द्वारा कार्यवाही की गयी। ज़िला विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध रूप से निर्मित 12 संरचनाओं का नियमानुसार चालान किया गया। संयुक्त अभियान में मुख्य नगर आयुक्त रविंदर सिंह बिष्ट, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, एसपी अभय प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्रधिकारी दीपक सिंह, विभव सैनी, तहसीलदार पंकज चन्दौला आदि शामिल रहे। उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी व अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बागेश्वर की टीमें रहीं ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवीपुरा चकलुवा में आयोजित दो दिवसीय डे-नाइट राज्य स्तरीय खो-खो बालक-बालिका प्रतियोगिता का समापन हो गया है। बालिका व बालक दोनों में बागेश्वर की टीम ओवरआल चैंपियन रहीं। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख मनीषा जंतवाल ने विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। उत्तराचंल क्षेत्र खो-खो एसोसिएशन, खो-खो एसोसिएशन नैनीताल व भगवती साह खो-खो क्लब द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिका वर्ग में पहले सेमीफाइनल में बागेश्वर ने पिथौरागढ़ को 16-3 से, दूसरे सेमीफाइनल में नैनीताल ने पौढ़ी गढ़वाल को 14-8 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में बागेश्वर ने पौड़ी को 16-3, दूसरे सेमीफाइल में नैनीताल ने देहरादून को 12-5 से हरा फाइनल मैच में प्रवेश किया। बालि. का वर्ग के फाइनल में बागेश्वर ने पांच मिनट पहले ही नैनीताल को 8-6 से पराजित कर जीत दर्ज की। वहीं बालक वर्ग में बागेश्वर की टीम ने नैनीताल की टीम को 15-14 से मात देकर विजयी प्राप्त की। बालक, बालिका वर्ग के दोनों फाइनल में बागेश्वर ने नैनीताल को हरा कर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। यहां उत्तराचंल खो एसोसिऐशन अध्यक्ष सुरेन्द्र भूटयानी, सचिव रजत शर्मा, आयोजक अध्यक्ष कुंदन बसेडा, सचिव मनमोहन बसेड़ा, ग्राम प्रधान आशा मेहरा, विप्लव कुमार, राजेंद्र नेगी, टेक सिंह राणा, गं भीर बोरा, कामाक्षी कांडपाल, विवेक कुमार, उमा आर्य, सौरभ, अजय रावत, निलेश कुमटिया, पुष्कर विष्ट, रमेश आर्या, संस्थापक राजेश बिष्ट, नकुल कुमटीया, सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल आदि मौजूद रहे।

### मेयर ने किया शिलान्यास

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली द्वारा नगर निगम क्षेत्र को गड्ढा मुक्त करने हेतु लिए गए संकल्प के तहत वार्ड संख्या 40 में 10 सड़कों सहित एक करोड़ 31 लाख 32 हजार रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान महापौर का वार्ड वासियों द्वारा जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। महापौर दीपक बाली ने वायु प्रदूषण सुधार योजना के अंतर्गत श्री नागनाथ मंदिर से मानपुर रोड पर पॉलिटेक्निक के पास तक वार्ड संख्या 37 और 39 के क्षेत्र में मार्ग के दोनों तरु 51 लाख 50 हजार रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स फिक्सिंग के कार्य का शिलान्यास किया। पार्षद वैशाली गुप्ता, अनीता कांबोज, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र मानस सचिन ठाकुर, बूथअध्यक्ष निमिष कुमार, गुरविंदर सिंह, मंगल सिंह, कुलवंत सिंह मौजूद रहे।

## विधायक चीमा ने किया सड़क व नाली निर्माण का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने वार्ड नंबर 40 जंगा रोड पर जागीर सिंह के मकान से राम भरोसे लाल के मकान तक 100 मीटर रिटेनिंग वॉल एवं एक और नाली सहित 105 गुना 350 मीटर टाइल मार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। आपको बता दें उसे सड़क की कुल लागत 16.30 लाख रुपए है। इसके बनने से क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी। वार्ड नंबर 40 के पार्षद रवि प्रजापति व क्षेत्रीय जनता ने विधायक त्रिलोक सिंह चीमा का आभार व्यक्त किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, पूर्व प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, क्षेत्रीय पार्षद रवि प्रजापति, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अर्जुन सिंह व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे



## आज से होंगे ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर हाल ही में मौ. अल्लीखां क्षेत्र में निकाले गए बिना अनुमति आई लव मोहम्मद जुलूस के दौरान हुई अराजकता और ई-रिक्शा चालकों द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क का विरोध जैसे मुद्दों पर स्पष्ट रुख अपनाया। महापौर ने कहा कि नियमों का पालन सख्ती से कराया जाएगा और किसी भी तरह की गुंडागर्दी या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार रात हुई घटना में पुलिस पर हमला, वाहनों में तोड़फोड़ और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की गई है। सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनमें मुख्य आरोपी भी शामिल हैं। बाकी आरोपियों पर भी जल्द कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुष्कर सिंह धामी की सरकार है लिहाजा कानून हाथ में लेने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा और कड़ी करवाई अमल में लायी जाएगी। महापौर ने बताया कि ई-रिक्शा संचालन भी अव्यवस्थित तरीके से हो रहा है। शहर में करीब 8,000 ई-रिक्शा चल रहे हैं, जबकि 4,000 के आसपास ही एआरटीओ में रजिस्टर्ड हैं। कई लोगों ने ठेकेदारी प्रणाली बना रखी है और सौ-सौ ई-रिक्शा खरीदकर दिहाड़ी पर चलवा रहे हैं। इस व्यवस्था को खत्म करने और केवल पारिवारिक स्तर पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए ही नगर निगम ने शुल्क और रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू की है। महापौर ने बताया कि 24 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया नगर निगम में शुरू की जाएगी। एक नाम से केवल एक ही ई-रिक्शा रजिस्टर्ड होगा। रजिस्ट्रेशन शुल्क पहले वर्ष 1000 रूपये और उसके बाद हर साल नवीनीकरण शुल्क 500 रूपये रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह शुल्क ई-रिक्शा चालकों के हित में है, जिससे हेल्थ कैंप, स्टैंड, पीने का पानी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## एक नजर

### विद्यालय की मरम्मत को मिली स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**बागेश्वर।** विधान सभा कपकोट को उत्कृष्ट विधानसभा बनाने की ओर निरंतर प्रयास कर रहे क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया के प्रयासों से एक बार फिर विधानसभा के क्लस्टर विद्यालय हेतु चयनित विद्यालय के मरम्मत कार्य के लिए 137.8 लाख रुपए की धनराशि को स्वीकृत मिल गई है। क्षेत्रीय विधायक गढ़िया ने बताया कि स्वीकृत धनराशि में से पहली किश्त 82 लाख 68 हजार रुपए अवमुक्त कर दिए हैं। बता दें कि शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए लगातार हो रहे प्रयासों में एक और सफलता कपकोट को मिली है। विधायक ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से कलस्टर विद्यालय हेतु चयनित राइका देवतोली में निर्माण व मरमत कार्य जल्द शुरू होगा। ताकि आने वाले दिनों में जल्द से जल्द स्थानीय लोगों को विद्यालय का लाभ मिल सके। विद्यालय के लिए धनराशि मिलने पर स्थानीय जनता ने सीएम पुष्कर धामी, मंत्री डा. धन सिंह रावत, विद्यालय सुरेश गढ़िया के साथ अपर सचिव रंजना राजगुरु उत्तराखंड सरकार का आभार जताया है।

### 610 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया

**बागेश्वर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खनतोली, कमेंडी देवी, धिंगारतोला, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंधार, भगर तोला, हरसिंगबगड में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में 610 लोगों ने स्वास्थ सम्बन्धी सुविधाओं का लाभ लिया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाए गए, ग्रामीणों की गैर-संचारी रोगों की जांच की गई और निशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मातृ, शिशु और किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने साथ ही, अभियान में बेहतर पोषण और स्वैच्छिक रक्तदान पर विशेष जोर देते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में डा. कुलदीप, भैरव गोस्वामी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रितिका आर्या, स्वाती, नेहा, अरविन्द आदि मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कुमार आदित्य ने बताया कि 24 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोफाड, बनलेंख, रवाईखाल, आयुष्मान आरोगय मन्दिर, सरन, खुमटीया, घेटी सिमगड़ी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगेगे। उन्होंने जनता से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### ठेकेदारों ने अधिशासी अभियंता को घेरा

**बागेश्वर।** ठेकेदार वेलफेयर समिति ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग का घेराव किया। कहा कि विभाग मनमानी पर उतर आया है। वह इसका विरोध जारी रखेंगे। क्रशर बंद होने से निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिस कारण वह विकास कार्य भी बंद रखेंगे। मंगलवार को ठेकेदार लोनिवि कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। कहा कि क्रशर बंद हैं। उन्हें निर्माण सामग्री नहीं मिल पा रही है। वह एक अक्टूबर से निर्माण कार्य नहीं करेंगे। विभाग निविदाओं में अनावश्यक शर्त लगा रहा है। थर्ड पार्टी सत्यापन विभाग सत्यापित करें। किसी भी तरह के चयनित अनुबंध नहीं कराए जाएं। सभी निविदाओं के नोटिस की एक प्रति ठेकेदार संघ को भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने निविदा बिक्री की जीएसटी ठेकेदारों के जीएसटी खाते में जमा करने की मांग की। कहा कि स्वीकृति की प्रत्याक्षा में निविदा आमंत्रित नहीं की जाए। ऐसा होने पर ठेकेदार उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस अवसर भगवत डसीला, हरीश ऐठानी, संजय नेगी, सुरेंद्र खेतवाल, प्रमोद मेहता, दिनेश मेहता, भुवन भैसोड़ा, नर सिंह, मनोहर सिंह रावत आदि उपस्थित थे।

### पेयजल लाइन टूटने से पानी संकट

**बागेश्वर।** विकास खंड कपकोट के ग्राम पुड़कुनी गांव की पेयजल लाइन विगत दिनों हुई भीषण बारिश की भेंट चढ़ गई है। पेयजल लाइन टूटने से ग्रामीणों को पिछले आठ दिन से पानी नहीं मिल पा रहा है। वह प्राकृतिक स्रोतों से प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने शीघ्र योजना की मरम्मत कराने की मांग की है। मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवती गढ़िया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कहा कि बीते 17 सितंबर को अतिवृष्टि के कारण ग्राम पंचायत चलकाना तोक के लखमारा के गधेरे से बनी पेयजल योजना बह गई है। जलस्रोत में मलबा भर गया है। पाइपों का भी पता नहीं है। इसके कारण गांव के अलावा प्राथमिक विद्यालय तथा जूनियर हाइस्कूल में भी पानी की किल्लत हो गई है। पिछले एक सप्ताह से वह स्रोतों से पानी भर रहे हैं। उन्होंने शीघ्र योजना की मरम्मत कराने की मांग की। इस अवसर पर धीरज गढ़िया, विक्रम सिंह, चंदन सिंह, कमला देवी, रूपा देवी, मदन सिंह आदि मौजूद थे।

### चन्द्रावती महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता की सेवा 'स्वच्छोत्सव' थीम के तहत स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में निहारिका आर्य ने प्रथम स्थान, काजल यादव ने द्वितीय स्थान, छवि रानी ने तृतीय स्थान, पोस्टर प्रतियोगिता में निहा. रिका आर्य ने प्रथम स्थान, आकांक्षा चतुर्वेदी ने द्वितीय स्थान एवं रीना कौर ने तृतीय स्थान ने प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने स्वच्छता के महत्व को बताते हुए कहा कि स्वच्छता केवल हमारे आस-पास की सफाई तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य से भी जुड़ी हुई है।

# जिला अस्पताल में ओपीडी का बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



सीएमएस पर कार्यवाही पर भड़के डॉक्टर

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में तैनात सीएमएस समेत बाल रोग विशेषज्ञ और अन्य स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने पर डाक्टरों में आक्रोश है। कार्यवाही के विरोध में नाराज चिकित्सकों ने मंगलवार को जिला अस्पताल में ओपीडी का बहिष्कार किया। आपात बैठक कर निर्णय लिया कि यदि पांच दिन के भीतर सरकार निर्णय वापस नहीं लेती है तो वह प्रदेश स्तरीय आंदोलन शुरू करेंगे। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ जिला इकाई की जिला अस्पताल में आपात बैठक हुई। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि बाल रोग विशेषज्ञ डा. अंकित कुमार को अनुकूल प्रविष्टि दी गई है। साथ ही सीएमएस डा. तपन शर्मा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। वहीं अन्य स्टाफ के खिलाफ भी कार्यवाही हुई है।

जिसे न्यायोचित न मानते हुए डॉक्टरों नारेबाजी के साथ विरोध किया। जिसका सीधा असर जिला अस्पताल के ओपीडी में पड़ा। जिसके पश्चात चिकित्सकों ने ज्ञापन के माध्यम से शासन को इसकी जानकारी दी। डाक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिन के भीतर अनुचित कार्यवाही वापस नहीं ली तो संघ आंदोलन को प्रदेश स्तर तक ले जाएगा। उन्होंने अपना दर्द बताते हुए कहा कि डाक्टर विषम परिस्थतितयों दुर्गम क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। पूरे प्रकरण में कोई भी चिकित्सक जिम्मेदार नहीं है। सरकार और विभाग ने तथ्यहीन कार्यवाही की है। इस मौके पर सीएमएस डा. तपन शर्मा, संगठन के अध्यक्ष डा. गिरीजा शंकर जोशी, डा. राजीव उपाध्याय, डा. कल्पना, डा. अंकित कुमार, डा. चंद्रमोहन भैसोड़ा, डा. प्रीति यादव, डा. मोनिका पूरी, डा. भूपेंद्र घटियाल बिट्टू, डा. रीमा उपाध्याय, डा. कुमार अमित, डा. गायत्री पांगती आदि मौजूद रहे। वहीं, अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा कार्यबहिष्कार होने के बाद दोपहर में सीएमओ डा. कुमार आदित्य ने चिकित्सकों के साथ बैठक ली। बैठक में चर्चा के बाद शासन को पांच दिनों का समय दिया गया है। उसके बाद चिकित्सकों ने बृहद प्रदर्शन की बात कही है।

## धान का समर्थन मूल्य किसानों के साथ ठगी: उपाध्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य सामान्य ग्रेड के लिए रुपये 2369 प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए के लिए रुपये 2389 प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। हालांकि, इस निर्णय को लेकर किसानों में असंतोष व्याप्त है। किसान नेता और उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय ने सरकार के इस कदम को किसानों के साथ ठगी बताया है। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में धान के मूल्य में मामूली बढ़ोतरी की गई है, जो बढ़ती महंगाई और खेती की लागत के मुक. ाबले बेहद नाकाफी है। डा. उपाध्याय ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा विधायकों ने अपनी पेंशन में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर ली, लेकिन किसानों की स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि किसान मौसम की मार, जंगली जानवरों का आतंक, और आर्थिक तंगी से जूझते हुए अपनी फसलों को बचाते हैं। इसके बावजूद सरकार की उदासीनता किसानों को निराशा और अवसाद की ओर धकेल रही है। किसान नेता का कहना है कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन मौजूदा हालात में उनकी आय आधी हो गई है। उन्होंने सवाल किया कि इस मूल्य पर किसान अपने बच्चों की पढ़ाई, शादी और परिवार का भरण-पोषण कैसे कर पाएंगे?।

# राष्ट्र नवरचना संगोष्ठी शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में तीन दिवसीय राष्ट्र नवरचना संगोष्ठी का शुभारंभ हो गया है। मंगलवार को कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने कहा कि उत्तराखंड में सामाजिक, आर्थिक, कृषि, उद्यान, उद्योग और पर्यटन सहित कई क्षेत्रों में व्यापक काम और विकास की आवश्यकता है। साथ ही राज्य की संस्कृति को संरक्षित कर उसे विश्व पटल पर विशेष पहचान दिलाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित इस



कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विचार गोष्ठियां होंगी, जिनमें बुद्धिजीवी आपस में चर्चा कर सुझाव देंगे और यहां हुई चर्चाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। जीएसटी पर बोलते हुए कोश्यारी ने कहा कि इसके लागू होने के बाद देशभर में कहीं भी विरोध देखने को नहीं मिला है। इसलिए सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। यहां पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, दीपक पांडे, रमेश बहुगुणा, गोपाल सिंह नयाल, मंगल सिंह बिष्ट, मनोज अग्रवाल, विनोद भट्ट, गोविंद सिंह बिष्ट, प्रकाश लोहनी, बीना नयाल, हीरा कनवाल, अनूप शाह, दीवान सिंह बिष्ट, अर्चना सुयाल, सुरेश सुयाल, कमल बिष्ट, नवीन बिष्ट, मनोज सनवाल, चंदन लाल, मनोहर सिंह नेगी, लता पांडे, सुनील कर्नाटक, डा. भूपेंद्र वल्दिया, नंदन सिंह दसौनी, प्रो. एसएस पथनी, मनोज तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### छात्रसंघ चुनाव को लेकर गोष्ठी आयोजित

**अल्मोड़ा।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चंद्र उपाध्याय ने मंगलवार को सोबन सिंह जीना विवि अल्मोड़ा में आगामी 27 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव के मद्देनजर कालेज के शिक्षकों, निर्वाचन अधिकारियों व छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में कॉलेज प्रबंधन के साथ मंगलवा को गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं से लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने, अनुशासन बनाएं रखने की अपील की गई। किसी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न देंने को कहा गया। चुनावों के दौरान अरा. जकता फैलाने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आयुर्वेद दिवस पर हवन, धनवंतरी की पूजा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** 10 वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य मे जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डक्र मोहम्मद शाहिद के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर शैल अल्मोड़ा में धनवंतरी पूजा एवं हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डा. हेमंत तिवारी के द्वारा हवन संपन्न करवाया गया। हवन के बाद एक संगोष्ठी की गई। जिसमें डा. अनुपमा त्यागी के द्वारा 10 वें आयुर्वेद दिवस का परिचय दिया गया।

डा. गीता पुनेठा ने फीमेल इंफ्रलिटी, डा. श्रुति अग्रवाल ने गर्भिणी में एनीमिया एवं उपचार, डा. अद्या पांडे ने किशोरियों में व्यक्तिगत स्वच्छता एवं पोषण पर अपने विचार रखे।



वहीं, क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान रानीखेत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं डा. ओम प्रकाश, प्रभारी सहायक निदेशक द्वारा भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं धन्वन्तरी वन्दना के साथ किया गया। प्रभारी सहायक निदेशक द्वारा सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रोगियों को आयुर्वेद दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश उपस्थित लोगों को पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. वीबी कुमावत, अनुसंधान अधिकारी (आयु) द्वारा 10 वें आयुर्वेद दिवस के अन्तर्गत आयोजित की गई गतिविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ताड़ीखेत में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता, नेशनल इंटर कॉलेज, रानीखेत में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता एवं संस्थान में आयोजित आहार प्रतियोगिता के विजेताओं के बारे में बताया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन डा. कीर्ति कुमारी, अनुसंधान सहायक (वन) एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. गजेन्द्र राव, अनुसंधान अधिकारी (वन) द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

## प्रदेश में घोटालों से परेशान लोग होंगे एकजुट: तिवारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक और सांस्कृतिक शक्तियों को एकजुट कर चुनाव मैदान में उतरने की योजना है। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी का गठन राजनीतिक, सामाजिक और व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से किया गया है। आगामी चुनावों को देखते हुए पार्टी रणनीति बना रही है, जिसके तहत हर जिले में शिविर और बैठकें आयोजित कर लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे कांड युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। सरकार के संरक्षण में अधिकारियों को जल-जंगल और जमीन की लूट की खुली छूट दी गई है। आपराधिक घटनाएं चरम पर हैं। महंगाई में कोई लगाम नहीं है। कहा कि जनता अब बदलाव के मूंड में है। इसके लिए सभी वर्गों ने रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है।



# पेपर लीक पर भड़के छात्र

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** 21 सितंबर को हुई स्नातकस्तरीय परीक्षा में पेपर लीक की घटना के विरोध में मंगलवार को संयुक्त छात्र संगठन के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने किया धरना प्रदर्शन।मंगलवार को वार्ड नंबर 5 में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क,में सुबह से ही एकत्रित होने लगे थे।देखते देखते दर्जनों छात्र धरना प्रदर्शन में पहुंच गए। छात्रों ने इस दौरान एक स्वर में कहा पटवारी-लेखपाल परीक्षा 30 दिन के भीतर पुन: निष्पक्ष कराने, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने और सरकार से अन्य मांगें पूरी करने की अपील की। छात्रों ने कहा कि इस तरह की अनियमितताओं से उनका भविष्य अधर में लटक रहा है जबकि छात्र दिन रात मेहनत कर के परीक्षा देता है की मगर कुछ लोगों द्वारा पेपर लीक कर के उनके सपनों को तोड़ने का कार्य किया जाता है इससे छात्र छात्राओं का मनोबल टूटता हैं अब यह बर्दश नहीं किया जाएगा हम इसके लिए जितना भी लड़ना पड़ेगा लड़ेंगे मगर इन पेपर लीक कराने वालों को सजा दिला कर रहेंगे।जिसका पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन चल रहा है । कुंवर क्लासेज के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया इस दौरान कमल बोहरा,दीपक बगड़वाल, मनीष जोशी, प्रियंका बिष्ट, अंकिता, चंदू तिवारी, दीपेश जोशी, सौरभ, बादल, सचिन मेहरा, रोशन बिष्ट, अभय बिष्ट, तरुण, मनोज कुमार, नीरज कुमार, नितिन, सागर, मोहित सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी तैनात था।



### चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने स्थानीय छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी द्वारा समर्थित छात्रसंघ प्रत्याशी रिंकू बिष्ट के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्हें आगामी चुनाव हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, प्रदेश मंत्री भाजपा गुंजन सुखीजा, जिला महामंत्री अमित सिंह, सुशील शर्मा, मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र मानस, अर्जुन सिंह, जिला उपाध्यक्ष लवीश अरोरा, जिला संगठन मंत्री एबीवीपी संतोष जुयाल, जिला प्रमुख एबीवीपी शक्ति राणा, जिला सह संयोजक एबीवीपी अमन चौधरी, नगर मंत्री आदित्य तनेजा, कॉलेज अध्यक्ष एबीवीपी युक्ता त्रिपाठी, कॉलेज मंत्री एबीवीपी दक्ष शर्मा, राहुल पैगिया सुखदेव नामधारी, गगन कम्बोज, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप, सतनाम सिंह समेत बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

## डा. बिष्ट की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जननायक डा. शमशेर सिंह बिष्ट की सप्तम पुण्यतिथि पर शमशेर सिंह बिष्ट का समय व आज का परिदृश्य विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन दयाकृष्ण काण्डपाल ने तथा अध्यक्षता रेवती बिष्ट ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी ने कहा कि भारत समेत पूरी दुनिया में दक्षिणपंथी विचारधारा का प्रवाह बढ़ रहा है, जो लोकतंत्र में मुद्दों की राजनीति के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि सत्तर का दशक राष्ट्रीय स्तर पर जनजागरण और आंदोलनों का दौर था, जबकि वर्तमान समय सोशल मीडिया का दौर है, जिसकी कोई निश्चित दिशा नहीं है। सही सूचनाओं और जनजागरण से ही समाज का विकास संभव है। उलोवा नेता जगत रौतेला ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन की धार को आगे बढ़ाने में डा. बिष्ट व उनके साथियों की बड़ी भूमिका रही। उपपा नेता पीसी तिवारी ने कहा कि डा. बिष्ट के नेतृत्व में ही उन्होंने जनसंघर्षों में आगे बढ़ना शुरू किया। वर्तमान राज्य की दुर्दशा के लिए बारी-बारी से शासन कर रही पार्टियां जिम्मेदार हैं। पूर्व पालिक. ाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पिछले वर्षों में डा. बिष्ट की विचारधारा मुखर नहीं हो पा रही है। कार्यक्रम को संम्बोधित करते हुए विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि सरकारों का प्रमुख कार्य अब गांव-गांव तक शराब का विस्तार करना रह गया है। उलोवा अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने कहा कि अब आगे बढ़ने और राज्य की परिस्थितियों पर गंभीर चर्चा करने का समय है। कार्यक्रम के अंत में अजयमित्र बिष्ट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य वक्ता नवीन जोशी को रेवती बिष्ट ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। यहां चारू तिवारी, अजयमित्र बिष्ट, जगत रौतेला, जंगबहादुर थापा, उमेश तिवारी 'विश्वास', शब दत्त पाण्डे, केशव दत्त मिश्रा, ईश्वरी दत्त, बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेश परिहार, उपाध्यक्ष भावना जोशी, हर्ष काफर मौजूद रहे।

# विवादित कानूनगो का एक और कारनामा

## घर में दबाकर रखी थीं ज़मीनों की ज़रूरी फाइलें, कमिश्नर घर ही पहुंच गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी तहसील में निरीक्षण के दौरान कमिश्नर दीपक रावत ने एक बड़ा खुलासा किया। सुपरवाइजर कानूनगो अशरफ अली, जो पहले भी विवादों में रह चुके हैं,

### तहसील निरीक्षण में सामने आया बड़ा खुलासा, डीएम के कार्रवाई के निर्देश

एक बार फिर गंभीर आरोपों में घिर गए हैं। तहसील में जांच के दौरान जब फाइलों की जानकारी मांगी गई तो पता चला कि कई सरकारी फाइलें उनके घर में रखी गई हैं। कमिश्नर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अशरफ के घर पर छापा मारा और वहां से 143 भूमि परिवर्तन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण फाइलें और सरकारी रजिस्टर बरामद किए। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे कमिश्नर दीपक रावत अचानक हल्द्वानी तहसील के निरीक्षण पर पहुंचे। तहसीलदार मनीषा बिष्ट की अदालत से जांच शुरू हुई। उन्होंने





सबसे पहले तहसील में तैनात संग्रह अमीनों और पटवारियों की संख्या पूछी, लेकिन जवाब में बताया गया कि आधे से ज्यादा कर्मचारी अनुपस्थित हैं। इस पर कमिश्नर श्री रावत ने नाराजगी जताते हुए सभी को तत्काल तहसील में हाजिर होने का निर्देश दिया। जब एक-एक कर कर्मचारी पेश हुए, तो कमिश्नर ने उनसे उनके काम का ब्यौरा मांगा। कई कर्मी फाइलों की जानकारी तक नहीं दे पाए। पूछताछ के दौरान नजारा ऐसा था कि एक-दूसरे का मुंह ताकते और बगले झांकते नजर आए। इसके बाद सुपरवाइजर कानूनगो अशरफ अली की बारी आई। कमिश्नर ने उनसे जमीन की धारा 143 से जुड़ी फाइलों की पेंडेंसी और रिकॉर्ड की जानकारी मांगी। आधे घंटे तक पूछताछ चलती रही, लेकिन अशरफ कोई ठोस जवाब नहीं दे सके। आखिर में उन्होंने कहा कि कुछ फाइलें उनके घर पर हैं। अशरफ अली की बात सुनकर कमिश्नर ने मौके पर तो बात टाल दी और तहसील परिसर का बारीकी से निरीक्षण करने लगे इस दौरान उन्होंने कहा कि तहसील और सब-रजिस्ट्रार कार्यालय आम जनता के सीधे संपर्क में रहते हैं, इसलिए इनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और नियमित निगरानी अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने तहसील परिसर की सफाई, शौचालयों की स्थिति, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, शौचालयों की नियमित सफाई और जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, तथा पार्किंग क्षेत्र को सुव्यवस्थित किया जाए। तहसील में इस वर्ष 1 जनवरी से अब तक लगभग 7000 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 1044 अभी भी लंबित हैं। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित मामलों, विशेष रूप से तीन वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों का निस्तारण अगले तीन माह में किया जाए, और सुनवाई की तिथियां अनावश्यक रूप से लंबी न दी जाएं। लेकिन निरीक्षण समाप्त होते ही अपनी गाड़ी सीधे अशरफ अली के उजाला नगर स्थित आवास की ओर मोड़ दी। वहां पहुंचकर की गई जांच में बड़ी संख्या में सरकारी भूमि रिकॉर्ड से जुड़ी अहम फाइलें और रजिस्टर बरामद हुए। सूत्रों के अनुसार ये फाइलें बेहद संवेदनशील और खास मामलों से जुड़ी थीं। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### तहसील प्रशासन पर भी सवाल

सरकारी दस्तावेजों का इस तरह घर में पाया जाना न सिर्फ नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। कमिश्नर ने मौके पर ही सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि अशरफ अली पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

### तीन साल पहले रिश्वत लेते हुए थे गिरफ्तार

बता दें कि सुपरवाइजर कानूनगो अशरफ अली का विवादों से पुराना नाता रहा है। वर्ष 2022 में जब अशरफ अली पटवारी हुआ करते थे और ऊधमसिंह नगर में तैनाती के दौरान उनके पास प्रभारी कानूनगो का भी चार्ज था। उस समय अशरफ अली पर आरोप लगा था कि उन्होंने सितारगंज में दाखिल खारिज के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित किसान, विजिलेंस के पास पहुंच गया और विजिलेंस ने अशरफ को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। अशरफ की गिरफ्तारी के बाद उसके उजालानगर स्थित घर पर भी छापेमारी की गई, लेकिन अशरफ की गिरफ्तारी की भनक लगते ही उसके घरवाले ताला लगाकर फरार हो गए। विजिलेंस और पुलिस ने उसके घर के बाहर ही डेरा जमा लिया और जैसे ही लौटे तो टीम ने घर भी खंगाल डाला।

# पेपर लीक: पुतला दहन में कांग्रेसियों की पुलिस से तकरार

## सरकार व यूकेएसएसएससी अध्यक्ष इस्तीफा दें: सुमित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक सुमित हृदयेश की अगुवाई में मंगलवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और राज्य सरकार व आयोग का पुतला दहन किया। कांग्रेस ने पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच तथा भाजपा सरकार और यूकेएसएसएससी अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान पुतला फूंकने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक व धक्का मुक्की भी हुई।

कांग्रेस का कहना था कि पुलिस प्रशासन की और से पुतला जलाने को रोका जा रहा था और जब इसका कारण पूछा गया तो पुलिस ने कोई साफ़ उत्तर नहीं दिया। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि राज्य सरकार की नाकामी का परिणाम पेपर लीक प्रमाण है। भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य को बेचने पर उतारू है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की भूमिका पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि पुतला दहन रोकने में जिस तत्परता से पुलिस लगी थी, यदि इतनी तत्परता जिला पंचायत चुनाव के दौरान दिखाई होती तो लोकतंत्र की हत्या की साजिश विफल हो जाती और देवभूमि शर्मसार होने से बच जाती। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि पेपर लीक प्रकरण भाजपा सरकार की पूर्ण विफलता का प्रतीक है। यह युवाओं के भविष्य के साथ धोखा है। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने पर आमादा है, वहीं कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने और युवाओं को उनका हक दिलाने के लिए वचनबद्ध है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि भाजपा सरकार चाहे जितना जोर लगा ले, लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नही कर पायेगी। कांग्रेस बेरोजगार युवाओं की हर लड़ाई पूरे दमखम से लड़ेगी। प्रदर्शन करने वालो में हेमंत बगड्वाल, एनबी गुणवंत, नरेश अग्रवाल, मधु सांगुड़ी, जया कर्नाटक, राधा आर्य, कमला सनवाल, सुहैल सिद्दीकी, मलय बिष्ट, हेमन्त साहू, लाल सिंह पवार, जाकिर हुसैन, कुंदन नेगी, मोहन बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, गिरीश पांडे, मयंक भट्ट, हेम जोशी, विशाल भोजक, इंद्रपाल आर्य, महेशानंद, रेनू तोमर, सविता गुररानी, मंजू दानु, पार्षद मोना शर्मा, धर्मवीर, शरीफ अहमद, हरीश लाल वैध, गोविन्द बगड्वाल, जगमोहन बगड्वाल, नवीन सांगुड़ी, संदीप जोशी, कैलाश साह, गजेंद्र गोनिया, राजेंद्र बिष्ट, गुरप्रीत सिंह प्रिंस, राज कुमार, देवेश तिवारी, कमल मेहता, गणेश टम्टा आदि मौजूद रहे।

## 200 नशे के इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले नशे के एक सौदागर को बीती रात्रि एसओजी व बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने 200 नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी टीम को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक युवक नशे के इंजेक्शन लेकर आ रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर एसओजी प्रभारी हरपाल सिंह व बनभूलपुरा थाना प्रभारी सुशील कुमार ने मय टीम के साथ गौला बाइपास हिमालय स्कूल के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध अवस्था में युवक को आता देखा और उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 200 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम जुबैर पुत्र मरहूम मौबीन निवासी उतरउजाला वार्ड नंबर-30 बनभूलपुरा बताया। टीम में एसओजी प्रभारी हरपाल सिंह, एसआई मनोज यादव, कांस्टेबल भूपेंद्र जेष्ठा, अरुण राठौड़, सन्तोष बिष्ट, अतहर आदि शामिल रहे।

## नागरिक सुविधा शिविर में बने राशन कार्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए वार्डवार जन सुविधा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को वार्ड संख्या 5 और 6 में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर लगाए गए। जिसमें नागरिकों ने आपूर्ति व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम जोड़ने/हटाने और पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएं उठाईं। शिविर के दौरान आधार सेवा से संबंधित कार्यों में 48 आधार कार्ड बनाए और संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़ने/हटाने के आवेदन सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त 10 यूसीसी आवेदन और नगर निगम से संबंधित 5 शिकायतें, स्ट्रीट लाइट की खराब स्थिति से संबंधित प्राप्त हुईं, जिन्हें मौके पर ही सुधार दिया गया। शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जीके भट्ट, वार्ड 5 की पार्षद नेहा अधिकारी और वार्ड 6 के पार्षद पंकज त्रिपाठी उपस्थित रहे। अगला जन सुविधा शिविर 24 सितम्बर को वार्ड 4 के पंचेश्वर मंदिर आवास विकास एवं वार्ड 3 के जय माँ काली मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

## एसडीएम कोर्ट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया

**हल्द्वानी।** ईपीएस-95 के मुद्दे पर राष्ट्रीय संघर्ष समिति के सेवानिवृत्त कर्मचारी न्यूनतम पेंशन 7500 करने समेत अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को एसडीएम कोर्ट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजा। इससे पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सांसद अजय भट्ट के आवास पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समिति के प्रांतीय समन्वयक जगत सिंह डोबाल ने कहा कि लंबे समय से वह लोग मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी जा रही। वक्ताओं ने कहा कि न्यूनतम पेंशन 7500 और डीए के अलावा मुफ्त चिकित्सा सुविधा, सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय 2016 और नवंबर 2022 के अनुपालन में उच्च पेंशन का लाभ सभी को दिए जाने समेत अन्य मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए। इस दौरान भुवन कांडपाल, गणेश मेलकानी, ब्रजमोहन सिजवाली, जगदीश पंत, मोहन अधिकारी, देवनाथ, कुंदन, बसंत जोशी आदि मौजूद रहे।

# छात्रसंघ अध्यक्ष सहित 11 पदों के लिए 147 नामांकन बिके

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े एमबीपीजी कालेज में 27 सितम्बर को छात्रसंघ चुनाव संपन्न होने है। इसके लिए मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया के दौरान एमबीपीजी कालेज में नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। जिसमें छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए 147 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 3 नामांकन पत्र खरीदे गए। जबकि उपाध्यक्ष के लिए 4, छात्रा उपाध्यक्ष के लिए 4, सचिव के लिए एक, उपसचिव के लिए 3, कोषाध्यक्ष के लिए 6, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए 2, सांस्कृतिक सचिव के लिए 4, कला संकाय प्रतिनिधि के लिए 72, विज्ञान संकाय के लिए 25 और वार्णिज्य संकाय के लिए 23 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्रों की बिक्री



की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी ने डा. संजय खत्री ने बताया कि आज मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। जबकि कल यानि आज बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष सहित विभिन्न 11 पदों के लिए 147 प्रत्याशियों ने कालेज पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदे। डा. संजय खत्री ने बताया कि चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नामांकन दाखिल करने के दौरान प्रत्याशी और उसके दो प्रस्तावक को ही कालेज परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 सितंबर बुधवार को नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक दाखिल किये जा सकेंगे। तीन बजे बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 सितम्बर गुरूवार को को नाम वापसी व नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी जिसके बाद वैध प्रत्याशियों की सूची चस्पा कर दी जायेगी। 26 सितंबर शुक्रवार को को कालेज में 11 बजे से 3 बजे तक आम सभा आयोजित होगी। 27 सितंबर शनिवार को सुबह 9 बजे से दो बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। 3 बजे से मतगणना शुरू होगी जो देर शाम तक चलेगी। मतगणना के तुरंत बाद विजय प्रत्याशियों को शपथ दिलाई जायेगी।

### महिला कालेज: 10 पदों के लिए 15 नामांकन बिके

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय महिला महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए 15 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। छात्रसंघ अध्यक्ष पद दो नामाकंन पत्र खरीदे गए जबकि उपाध्यक्ष में एक, कोषाध्यक्ष के लिए दो, विवि प्रतिनिधि के लिए दो, सचिव के लिए दो, विज्ञान संकाय के लिए दो, वाणिज्य संकाय के लिए एक, कला संकाय के लिए एक सांस्कृतिक सचिव के लिए एक नामांकन पत्र खरीदा गया। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. तनुजा बिष्ट ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो, सचिव में दो, उपाध्यक्ष में एक, कोषाध्यक्ष में दो, संयुक्त सचिव में एक, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि में दो, सांस्कृतिक सचिव में एक, कला संकाय में एक, विज्ञान संकाय में दो और वार्णिज्य संकाय में एक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। उन्होंने बताया कि कल यानि आज बुधवार सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे।

### नामांकन फार्म की बिक्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में विश्वविद्यालय द्वारा नियत समय प्रात: 11 से अपराहन 3 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए आठ, उपाध्यक्ष दो, उपाध्यक्ष छात्रा तीन, सचिव तीन, संयुक्त सचिव तीन, कोषाध्यक्ष दो, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि चार, सांस्कृतिक सचिव दो, कला संकाय प्रतिनिधि एक, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि व वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि के लिए दो-दो नामांकन पत्र खरीदे गए। कुल 32 नामांकन फार्मों की बिक्री हुई।

## फर्जी पंडित बनकर युवक से ठगे 91 हजार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** साइबर ठगी के एक चौंकाने वाले मामला सामने आया है। यह साइबर ठग ने घर का पंडित बना और आवाज बदलकर युवक को अपने भरोसे में लिया। ठग ने युवक को भरोसे में लेकर कहा कि उसकी मां को कैंसर हो गया और वह सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती है। उसके मोबाइल से पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहे है। ठग पंडित की बात सुनकर युवक का दिल पसीस गया और वह उसके बहकावे में आ गया। उसे रूपये ट्रांसफर करता गया, और विश्वास में लेने के लिए जालसाज उसे फर्जी बैंक ट्रांजेक्शन के मैसेज भेजता गया। कुल पांच ट्रांजेक्शन में जालसाज ने पीड़ित से 91 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं रेंज, रुद्रपुर में जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित अनिरुद्ध साह पुत्र अशोक कुमार साह निवासी रामपुर रोड ने कहा कि बीती 11 सितंबर की दोपहर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पंडित जी बताया। आवाज परिचत लगने पर अनिरुद्ध को विश्वास हो गया। ठग ने कहा कि उसकी मां का कैंसर का इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है। जिसके लिए उसे अचानक दवाइयों के लिए तुरंत भुगतान करना है, लेकिन उसके मोबाइल से पेमेंट नहीं हो पा रहा है। मदद की नीयत से अनिरुद्ध ने पहले 14 हजार रुपये भेजे। तुरंत उसके मोबाइल पर 14 हजार रुपये की वापसी का फर्जी मैसेज भी आ गया। इसे सच मानकर उसने पांच किस्तों में कुल 89 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित ने अपना बैंक खाता चेक किया तो मालूम हुआ कि पैसे वापस नहीं आए। तब उसे ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की लिखित तहरीर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं रेंज रुद्रपुर को दी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घटी हुई जीएसटी दरों से आम वर्ग को तत्काल मिली राहत: अजय भट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने कहा कि घटी हुई जीएसटी दरों से आम वर्ग को तत्काल राहत मिलनी शुरू हो गई है। इससे एक तरु तो बाजारों में रौनक लौटी है, वहीं घटी दरों के कारण मध्यम वर्ग के बचत में वृद्धि हुई है। सांसद व जीएसटी प्रचार अभियान में प्रदेश संयोजक अजय भट्ट ने मंगलवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म के तहत सम्पूर्ण देश में मनाए जा रहे जीएसटी बचत उत्सव की विस्तृत जानकारी मीडिया के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि घटी हुई जीएसटी दरो से रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे की दूध, टूथपेस्ट, साबुन इत्यादि की दरे 5 प्रतिशत में लाई गई है व काफी वस्तुएं जैसी की जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को जीएसटी मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा काफी जीवन रक्षक दवाई भी जीएसटी मुक्त कर दी गयी है। सांसद भट्ट ने बताया की बचत उत्सव 22 से 29 सितंबर तक मनाया जा रहा है, जिसके तहत सभी जनप्रतिनिधि मंत्री, सांसद, विधायक, दायित्वधारी अपने क्षेत्रों के बाजारों में जाकर दुकानदारों से सम्पर्क कर उनसे स्वदेशी अपनाने व घटी हुई जीएसटी दरो का फायदा आम जनता तक पहुंचाने की अपील करेंगे। इससे पहले जिले के भाजपा मीडिया विभाग की नई टीम की मीडिया कर्मियों के साथ परिचयात्मक बैठक हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया संयोजक प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, जीएसटी प्रचार अभियान के जिला संयोजक विनीत अग्रवाल, नितिन राणा, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने जीएसटी बदलावों पर जताया आभार

**हल्द्वानी।** देवभूमि व्यापार मंडल की नगर एवं प्रदेश कार्यकारिणी की एक संयुक्त बैठक देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा किए गए वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में बदलावों का स्वागत किया गया। देवभूमि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राज्य एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नए जीएसटी स्लैब से व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं दोनों को राहत मिलेगी। बैठक में बताया गया कि अब मुख्य रूप से दो ही टैक्स स्लैब-5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह गए हैं, जबकि कई जीवन रक्षक दवाइयों एवं रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं पर टैक्स शून्य कर दिया गया है। मंडल का मानना है कि इस शून्य टैक्स व्यवस्था का प्रचार-प्रसार सरकार और जीएसटी विभाग द्वारा व्यापक रूप से किया जाना चाहिए, ताकि आम उपभोक्ताओं और छोटे कारोबारियों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि आगामी त्योहारों विशेष रूप से धनतेरस और दिवाली पर यह जीएसटी राहत बाजार में रौनक लाएगी और उपभोक्ताओं की खरीदारी की इच्छा को बढ़ाएगी। इससे न केवल उद्योगपतियों को, बल्कि खुदरा व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को भी फायदा होगा। इस मौके पर देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, नगर महामंत्री राजीव जायसवाल, प्रेम चौधरी, परविंदर सिंह प्रिंस, मोईन बाबा, मनीष वर्मा, विनोद कांडपाल, लक्ष्मी नारायण, जगमीत सिंह मीती, रविंदर वाली, अनवार उल्ला सिद्दीकी, अशोक बेलवाल, रजत माहेश्वरी, त्रिलोक कुमार गुप्ता, पवन बिष्ट, मोहित अग्रवाल, जसपाल मालदार, अनुज देवल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## जीएसटी से जुड़ी समस्याओं पर जल्द होगी बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी दरों में हालिया बदलाव से उत्पन्न असमंजस और व्यापारियों की अन्य समस्याओं को लेकर राज्य कर आयुक्त सोनिका से मोबाइल पर वार्ता की, और उन्हें समस्या से अवगत कराया। राज्य कर आयुक्त ने व्यापार मंडल को आश्वस्त किया कि जीएसटी टैक्स की दरों में हुए परिवर्तन से व्यापारियों में असमंजस की स्थिति और अन्य सभी समस्याओं का निराकरण विभाग तथा व्यापारियों के साथ मिलकर किया जाएगा। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कई व्यापारी वेट टैक्स मामलों में अपील के बावजूद रजिस्ट्रेशन सस्पेंड होने से टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते बाजार में अस्थिरता और नकली ब्रांडेड सामान की बिक्री जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा समय पर जानकारी न मिलने से व्यापारियों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। इस पर आयुक्त सोनिका ने आश्वासन दिया कि विभाग जल्द ही व्यापार मंडल के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान करेगा। साथ ही, रुद्रपुर के एडिशनल कमिश्नर राकेश वर्मा को भी शीघ्र बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## महिला महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप नमामि गंगे के तत्वावधान में भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने की। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत ही नहीं बल्कि संस्कार है। यह हमारी जीवन शैली का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। नोडल अधिकारी एवं प्रभारी एनएसएस डा. रितुराज पंत ने कहा कि भाषण प्रतियोगिता का विषय स्वच्छता का महत्व और हमारी भूमिका रखा गया, जिससे छात्राओं को यह समझने का अवसर मिला कि व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाए बिना स्वच्छ भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ भारत अभियान केवल सरकार ही की नहीं हमारी जिम्मेदारी भी है छात्राओं के लिए बेहद प्रासंगिक रहा। इस अवसर पर नमामि गंगे, एनएसएस, एनसीसी एवं रेंजर की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में सौम्या मिश्रा प्रथम, अनुष्का भट्ट द्वितीय, अपूर्वा भट्ट तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन डा. गीता पंत ने किया। निर्णायक मंडल में डा. प्रभा साह एवं डा. विद्या कुमारी रहीं। इस अवसर पर डा. फकीर सिंह, डा. रेखा जोशी, डा. हिमानी सहित महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फर्जी बीमा लोकपाल बता लाखों ठगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने बीमा क्लेम दिलाने के नाम पर हल्द्वानी निवासी प्रकाश चन्द्र उप्रेती से 3.97 लाख रुपये की ठगी कर डाली। ठग खुद को बीमा लोकपाल कार्यालय, हैदराबाद का अधिकारी बताकर लगभग एक साल तक कॉल करते रहे और अलग-अलग फीस, टैक्स व चार्जेज के नाम पर लगातार पैसे मांगते रहे।

आखिरकार जब ठगी का शक हुआ तो पीड़ित ने हल्द्वानी कोतवाली और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। मामला साइबर क्राइम थाना, कुमाऊं रेंज रुद्रपुर को ट्रांसफर किया गया है। साइबर क्राइम को सौंपे गए शिकायती पत्र में प्रकाश चन्द्र उप्रेती ने कहा कि वर्ष 2021 में भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस की दो पॉलिसियां ली थीं। इनमें से एक पॉलिसी चालू रही जबकि दूसरी लैप्स हो गई। अगस्त 2024 में उन्हें अज्ञात नंबरों से कॉल आने लगे। कॉल करने वालों ने खुद को महेश अग्रवाल और दशरथमूर्ति, बीमा लोकपाल अधिकारी (हैदराबाद) बताया। उन्होंने दावा किया कि लैप्स पॉलिसी पर 2.10 लाख का क्लेम पास हुआ है, लेकिन उसे पाने के लिए 28,200 बतौर सिक्योरिटी फीस जमा करने होंगे। उप्रेती ने विश्वास करते हुए यह रकम ट्रांसफर कर दी।

इसके बाद ठगों ने अलग-अलग बहाने बनाकर रकम वसूलना शुरू कर दिया। कभी स्टेट कोड फीस, कभी जीएसटी, तो कभी बैंक मेंटिनेंस चार्ज के नाम पर पैसे मांगे गए। सितंबर 2024 से अगस्त 2025 तक उप्रेती ने धीरे-धीरे कर कुल 3,97,200 विभिन्न खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। पीड़ित ने बताया कि मई 2025 में एक और कॉल आया। इस बार ठग ने खुद को एके सिंह बीमा लोकपाल अधिकारी बताकर कहा कि अब तक की जमा राशि 9.96 लाख हो गई है, लेकिन इसे जारी करने के लिए 50,000 का मिसमैच अमाउंट और देना होगा। लगातार पैसे भेजने के बावजूद कोई क्लेम न मिलने पर उप्रेती को शक हुआ और उन्होंने तुरंत आगे पैसा देने से इनकार कर दिया। तब उन्हें समझ आया कि वे एक संगठित ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हो चुके हैं। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर शून्य एफआईआर दर्ज कर मामला साइबर क्राइम थाना कुमाऊं रेंज रुद्रपुर को ट्रांसफर कर दिया है।

# मैट्रिक्स हॉस्पिटल ने पिथौरागढ़ में लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मैट्रिक्स मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल हल्द्वानी की ओर से नगर निगम पिथौरागढ़ के सभागार में वृहद निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी पिथौरागढ़ डा. एसएस नबियाल, एवं मेयर कल्पना देवलाल एवं अस्पताल के निदेशक वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डा. प्रदीप पांडे ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शिविर में 500 से अधिक मरीजों ने विभिन्न रोगों की जांच कर परामर्श लिया। इस दौरान निशुल्क दवा वितरण, खून की जांच, नसों की जांच तथा हड्डियों में कैल्शियम की जांच की गई। मरीजों को परामर्श देने में वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डा. प्रदीप पांडे, न्यूरो सर्जन डा. अखिलेश जोशी एवं प्लास्टिक सर्जन डा. प्रियंका पंत शामिल रहे। शिविर से पूर्व शहर के एक निजी होटल में मैट्रिक्स हॉस्पिटल हल्द्वानी एवं आईएमए पिथौरागढ़ के सौजन्य से एक चिकित्सकीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें डा. प्रदीप पांडे ने दूरबीन विधि से कंधे के ऑपरेशन की जानकारी दी, जबकि डा. अखिलेश जोशी ने सिर से संबंधित चोटों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डा. प्रियंका पंत ने आधुनिक प्लास्टिक सर्जरी की तकनीकों पर जानकारी दी। संगोष्ठी में डा. जेएस गढ़कोटी, डा. पीसी पंत सहित आईएमए पिथौरागढ़ के सदस्य मौजूद रहे। शिविर के सफल आयोजन में जिलाध्यक्ष गिरीश चंद्र जोशी, राकेश देवलाल एवं अस्पताल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎05946-250286

मुख्यालय: मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पेपर लीक प्रकरण में सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

■ विरोध प्रदर्शन कर धामी सरकार का दहन किया पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पेपर लीक प्रकरण में रामनगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में धामी सरकार के खिलाफ पेपर चोर गद्दी छोड़, उत्तराखंड बेरोजगार युवाओं का उत्पीड़न बंद करो नारों के साथ विरोध प्रदर्शन कर धामी सरकार का पुतला दहन किया।

कांग्रेस नेताओं नें आरोप लगाया कि भाजपा का संरक्षण प्राप्त माफिया तंत्र पेपर लीक कर छात्रों के भविष्य के साथ दोहरी मार कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत नें कहा की राज्य की सरकार के पारदर्शी परीक्षा कराने के सारे दावे एक बार फिर खोखले साबित हुए हैं। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष का बयान सरकार के खोखलेपन को साबित करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि आयोग अध्यक्ष स्वीकार कर रहे हैं कि परीक्षा में दिए गए प्रश्न पत्र के तीन पन्ने तो बाहर आ गए थे लेकिन उसको पेपर लीक नहीं कह सकते हैं।कहा कि उत्तराखंड में पांचो सांसद भाजपा के हैं और सरकार भी भाजपा की है, लेकिन भाजपा सरकार के राज में बेरोजगारी चरम पर है।कहा कि जो भी परीक्षा राज्य में आयोजित की जाती है उसको भाजपा का संरक्षण प्राप्त माफिया तंत्र लिखकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा से ठीक एक दिन पहले नकल माफिया सरगना हाकम सिंह की गिरफ्तारी से रविवार को होने वाली परीक्षा का पेपर लीक होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी और परीक्षा के दौरान ही यह संदेश विश्वास में बदल गया और परीक्षा के दौरान ही पेपर के अंश बाहर आ गए। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा नें कहा की राज्य सरकार राज्य में एक परीक्षा ही ठीक से संपन्न नहीं कर पा रही है तो उसे सरकार से जनता क्या अपेक्षा करेगी।

कांग्रेसी नेता भुवन पाण्डेय नें कहा कि पहले तो राज्य व्यापी आपदा में परीक्षा थोड़े समय के लिए स्थगित की जाती तो बेहतर होता लेकिन सरकार ने आपदा काल में परीक्षा संपन्न कराकर आपदा से जूझ रहे युवाओं को परीक्षा के लिए बुलाया।उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटना से प्रदेश भर के युवाओं को न केवल निराशा किया है बल्कि आक्रोशित कर दिया है।

इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर देशबंधु रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष ललिता उपाध्याय, महिला ब्लॉक अध्यक्ष मालधन पुष्पा देवी, कांग्रेस नेत्री ममता आर्या, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश कालिया, सभासद नवीन सुनेजा, गिरधारी लाल, उमाकांत ध्यानी, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा, जिला सचिव मो युसूफ,कांग्रेस नेता नजाकत अली,युवा कांग्रेस नेता चांद खान,कांग्रेस नेता जावेद खान, अब्दुल गफ्फार, सुरेश चंद्र, हिमांशु जोशी, जीवन अधिकारी, पंकज पोखरियाल, दुर्गा प्रसाद रमेश चंद्र दीपक मसीह, राजा तिवारी, शंकर लाल, राम बहादुर, शाहिद हुसैन, मुंब्बर हुसैन, हरपाल सिंह सैनी, रमेश चंद्र, मो अनीश,नितिन पटवाल, ओम प्रकाश आर्यवंशी, लीलाधर जोशी, गोपाल पाण्डेय, राजू आर्या, प्रेम सिंह, बाबर खान, विक्की बवाड़ी अमरजोत सिंह सिंधु, यशपाल सिंह रावत, करन सिंह, मो गाजी,कांग्रेस नेता मोईन खान,कांग्रेस नेता आफाक हुसैन, सुमित तिवारी, धीरज उपाध्याय, वीरेंद्र तिवारी, कैलाश त्रिपाठी, प्रेम जैन, हर्ष रावत, धीरज मौलिखी, अनीश खान, मो इकबाल, मनोज गोस्वामी, महेश पाण्डेय, मो जलीफ, शोएब रजा,वीरेंद्र लटवाल, धारा बल्लभ पाण्डेय, प्रकाश चंद्र, आनंद कपकोटी, सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वनवासी कल्याण बालिका छात्रावास में हुआ ध्यान सत्र का आयोजन



**रुद्रपुर।** हार्टफुलनेस संस्था द्वारा हार्टफुलनेस रुद्रपुर केंद्र समन्वयक डा. सीमा अरोड़ा के नेतृत्व में छात्रावास प्रभारी वर्षा के सहयोग से वनवासी कल्याण बालिका छात्रावास जगतपुरा, रुद्रपुर में तीन दिवसीय ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। डा. सीमा अरोड़ा द्वारा ध्यान के विषय में बालिकाओं को समझाया गया एवं हार्टफुलनेस ध्यान की प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात बालिकाओं को रिलेक्सेशन कराया गया। आज की व्यस्त व तनावपूर्ण जीवनशैली में ध्यान की क्या महत्ता है एवं ध्यान द्वारा हम खुद को कैसे बदल सकते हैं? ये जानकारी देने के साथ ध्यान के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की गई। तदोपरांत हार्टफुलनेस ध्यान प्रशिक्षक सिस्टर रजनी द्वारा बालिकाओं को ध्यान कराया गया । हार्टफुलनेस अभ्यासी डा. प्रशस्ति द्वारा हार्टफुलनेस प्रार्थना का अर्थ समझाते हुए सभी को प्रार्थना कराई गई। बालिकाओं द्वारा सभी सत्रों में सक्रिय प्रतिभागिता की गई। इस अवसर पर अनेक हार्टफुलनेस अभ्यासी व वॉलेंटियर उपस्थित रहे।

### वैष्णो देवी मंदिर में नवरात्र पर हुए भजन कीर्तन

**रुद्रपुर।** वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम ( वैष्णो देवी मंदिर ) में नवरात्रि पर मंदिर में भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। सुबह 11:00 बजे भक्तों ने महामाई का आह्वान शुरू किया जिसमें सभी भक्तों ने सुंदर भजनों के पेशकश की। सर्वप्रथम मां भगवती का आह्वान, गणेश वंदना , गुरु वंदना , फूलों की वर्षा , दिल करदा मेरा दिल करदा, आके मेहरावलिए मेहरा दे, मै जब भी पुकरू मां , प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी आदि सुंदर भेंटे पेश की। तत्पश्चात आरती के बाद गर्भगृह ( तपोस्थली) में पूज्यनीय माता को शीश नवाकर , रक्षासूत्र बंधवाकर , प्रसाद लिया और तपोस्थली के कपाट बंद किए गए। अष्टमी के दिन 30.9.2025 को दोपहर 12:30 बजे कपाट खुलेंगे जिसके बाद दिन में हवन , भंडारा होगा व रात्रि 10:00 बजे से विशाल भगवती जागरण वैष्णो भजन मंडल के तत्वधान में होगा, जिसमें मंदिर के महंत श्याम खुराना व भजन प्रकाश अरोड़ा ने सभी शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### हरसान का चहुंमुखी विकास ही मुख्य लक्ष्यः उर्मिला पंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम पंचायत हरसान में ग्राम प्रधान पद का कार्यभार संभालने के बाद गांव में विकास कार्य कराने का सिलसिला जारी है। इसी के चलते ग्राम प्रधान उर्मिला पंत के द्वारा गांव निवासी राजू मेहता, विशन सिंह मेहता, मदन जोशी एवं नारायण सिंह जोशी के घरों तक जाने वाले लिंक मार्गो पर आरसीसी मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है।

# जन कल्याण मेले का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएम-स्वनिधि योजना अंतर्गत जन कल्याण मेले का आयोजन नगर पालिका रामनगर सभागार में किया गया। मेले का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामनगर आलोक उनियाल द्वारा किया गया।

मेले में पीएम स्वनिधि से संबंधित जानकारियों के साथ साथ स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत 8 केंद्र पोषित योजना की जानकारी प्रदान की गई।शिविर मे पीएम स्वनिधि के आवेदन के साथ साथ प्रोफाइलिंग व डिजीटल ऑनबोर्डिन का कार्य भी किया गया।इस दौरान पूर्ति निरीक्षक कमल तिवारी,नगर पालिका के कर निरीक्षक संजय मनराल,सभासद खष्टी जोशी आदि मौजूद रहे।

# सीता स्वयंवर की लीला का हुआ सुदंर मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर की प्रमुख बस स्टैंड वाली रामलीला में आज तृतीय दिवस में वनो में सुबाहु मारीच की खरमस्तियां, विश्वामित्र का यज्ञ विध्वंस होना, सुबाहु वध, ताड़का का विकराल रूप, ताड़का वध, अहिल्या तरण, सीता स्वयंवर, रावण वाणासुर संवाद, धनुष टूटना, राम-परशुराम संवाद तक की सुंदर लीला का मंचन हुआ।

आज लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय उद्योग मंडल के जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी सतपाल गाबा एवं उनके सुपुत्र समाजसेवी मनोज गाबा, सुपुत्री नीलम अरोरा एवं चारू ने प्रभु श्रीरामचन्द्र के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। श्री रामलीला कमेटी नें सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



आज की लीला में गणेश वंदना एवं राम वंदना के पश्चात प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि वनों में दुर्दात राक्षसों सुबाहु मारीच का एकछत्र राज होता है। वह आम जनमानस को लूटने व अत्याचार कर परेशान कर देते हैं। गुरू विश्वामित्र का यज्ञ विध्वंस कर धार्मिक आयोजनों में बाधा उत्तपन्न भी करते हैं। इससे तंग आकर गुरू विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में जाकर राम-लक्ष्मण को अपनें साथ वनों में लाते है, जहां दोनों वीर बालकों का ताड़का के साथ विकट युद्ध होता है। ताड़का मारी जाती है। इसके बाद सुबाहु मारीच के साथ हुई जंग में सुबाहु मारा जाता है, मारीच भाग कर अपनी जान बचाता है। राम अहिल्या को तारते हैं। इसके बाद सीता स्वयंवर का मनमोहक व भव्य दृश्य होता है, जिसमें राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था।

इस दौरान पवन अग्रवाल, विजय अरोरा, अमित गंभीर, नरेश शर्मा, बीना बेहड़, पूर्वा बेहड़, अनीषा बेहड़, मिनाक्षी गाबा, ओम प्रकाश अरोरा, महावीर आजाद, सुभाष खंडेलवाल, अशोक गुंबर, जगदीश टंडन, राकेश सुखीजा, कर्मचन्द राजदेव, हरीश अरोरा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, गौरव तनेजा, सौरभ राज बेहड़, अमित चावला, राजकुमार कक्कड़, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, बिट्टू ग्रोवर, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, पत्रकार परमपाल सुखीजा पम्मी, भानु चुघ, वर्षा शर्मा, रीना सुखीजा, मीना चावला, राजेश कामरा, सचिन रहेजा सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में भाग लेने को खिलाड़ी कर्नाटक रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोड़ा ने गत रात्रि इंदिरा चौक पर आयोजित एक कार्यक्रम में रुद्रपुर के 22 पेंचक सिलाट खिलाड़ियों और दो प्रशिक्षकों को 13वीं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। यह प्रतियोगिता 26 से 28 सितंबर तक कर्नाटक की कोप्पल सिटी में आयोजित होगी।

विधायक अरोड़ा ने खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया और उन्हें प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा आज हमारे रुद्रपुर के 20 पेंचक सिलाट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। मुझे विश्वास है कि ये



खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे और हमें गर्व महसूस कराएंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वालों में जेनिका धामी, अंशिका मिश्रा, अभिनव मिश्रा, मनन नेगी, सार्थक प्रताप राव, हर्षिता तेवतिया, कार्तिकेय सक्सेना, चैतन्य सिंह राणा, प्रिंस सिंह, हर्षिका गौर, अथर्वा दास, संची गंगवार, प्रिया कुमारी, मान्या शर्मा, तन्वी नेगी, प्राची रावत, मन्नत गंगवार, नव्या भारद्वाज, अनमोल कुमार, अतुल कुमार, सुमित यादव आदित्य कश्यप शामिल हैं। टीम के प्रशिक्षक अंकित सिंह, तनुजा बुंगल के साथ में मुख्य प्रशिक्षक बबलू दिवाकर , किरन विर्क, अनमोल विर्क, संतोष पाल,बिट्टू शर्मा, विपिन सिंह, राघव पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने किया सीसी मार्ग व शिव मंदिर में इंटरलॉकिंग टाइल्स के निर्माण का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर विधानसभा के अन्तर्गत दानपुर क्षेत्र मे विधायकनिधि से स्वीकृत डीडी जोशी के घर से हरजीत कम्बोज के घर तक जाने वाले सीसी मार्ग का विधायक शिव अरोरा ने लोकार्पण किया।

इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने मार्ग का लोकार्पण महिला प्रधान रही पूजा वर्मा से नारियल फोड़कर करवाया। विधायक बोले दानपुर सामिया क्षेत्र में लगातार विकास कार्य उनके द्वारा करवाए जा रहे हैं, इसके पहले भी कई विकास कार्य इस क्षेत्र की जनता को समर्पित किये है ओर आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे। वहीं दानपुर के शिव मन्दिर प्रांगण में विधायक निधि से




लगी इंटरलॉकिंग टाइल्स का भी लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया।

विधायक बोले विकास कार्य विधानसभा मे लगातार गतिमान है वही बरसात के कारण कार्यों की रफ्तार धीमी जरूर हुई थी मगर अब लंबित पड़े विकास कार्य भी जल्दी शुरू करवा कर उनका भी जल्दी ही शुभारम्भ किया जाएगा।

यहां प्रधान मनदीप वर्मा , पूर्व प्रधान पूजा वर्मा, हरीश भट्ट, इंद्र सिंह, संजू सिंह, अमरजीत सिंह, राहुल वर्मा, दुर्गा दत्त, राजन कवाल, रेवा जोशी, आकाश भंडारी, सूर्य प्रताप भंडारी, रमेश आर्य, राजू कवाल, विजय सैनी, महेश बिष्ट, माधव टम्टा, गुरबाज सिंह, डंम्पी चोपडा,मोहित आदि लोग मौजूद रहे।

# भानु प्रताप स्कूल के युवा योगियों ने स्कूल को किया गौरवान्वित

**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल, शारदा नगर, डिबडिबा, बिलासपुर, रामपुर ने एक गौरवशाली क्षण का जश्न मनाया जब उसके दो चमकते सितारे, देवांश सिंह और सान्वी पलरिया ने माउंट लिटेरा जी स्कूल, देहरादून में आयोजित 17वीं उत्तराखंड राज्य योग चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भारतीय योग महासंघ (स्वर्ण जयंती) द्वारा उत्तराखंड योग संघ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप 2025 के लिए चयन मंच का भी काम किया। पारंपरिक योगासन के अंतर्गत सब जूनियर (ए) वर्ग (8-10 वर्ष) में प्रतिस्पर्धा करते हुए, सान्वी पलरिया ने बालिका वर्ग (8-10 वर्ष) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि देवांश सिंह ने बालक वर्ग (8-10 वर्ष) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों युवा उपलब्धि हासिल करने वालों को स्वर्ण पदक छ्ह से सम्मानित किया गया, जिससे स्कूल के लिए यह क्षण और भी गौरवशाली हो गया। इस सफलता के पीछे योग शिक्षक राजेंद्र का समर्पित मार्गदर्शन है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी.डि. ) महोदय, जनपद-रामपुर।**

**उत्तराधिकार विविध वाद सं. -143/सन् 2025**

विक्रम कपूर उम्र करीब 49 वर्ष पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी कपूर बिल्डिंग, टैक्सी स्टैण्ड रोड सिविल लाईन, तहसील सदर, जिला रामपुर।

.......**प्रार्थी / याची**

.........**याची**

**बनाम**

1. श्रीमती सुषमा कपूर पत्नी स्व. श्री सुन्दर लाल कपूर निवासी कपूर बिल्डिंग, टैक्सी स्टैण्ड रोड सिविल लाईन, तह. सदर, जिला रामपुर।
2. श्रीमती मोनिका पुत्री स्व. श्री सुन्दर लाल कपूर पत्नी मुदित अरोरा निवासी गंगा बी-303 ओमेक्सो रिवाएरा रूद्रपुर जिला उधमसिंहनगर, (उत्तराखण्ड)
3. श्रीमती नीति कपूर पत्नी स्व. चाणक्य कपूर (मृतक पुत्र की पत्नी)
4. प्रगति कपूर पुत्री स्व. चाणक्य कपूर निवासीगण के ब्लाक किदवई नगर, कानपुर, उ.प्र. । (मृतक पुत्र की पुत्री)
5. अथर्व कंपूर पुत्र स्व. श्री राज. कुमार कपूर (मृतक पुत्र का पुत्र)
6. श्रीमती मिताली कपूर पत्नी स्व. श्री राजकुमार कपूर (मृतक पुत्र की तलाक-शुदा पत्नी) निवासी सेक्टर 14 फरीदाबाद, हरियाणा।
7. आम जनता .......**विपक्षीगण**

**प्रार्थना पत्र वास्ते प्रकाशन**

मैं कि विक्रम कपूर उम्र करीब 49 वर्ष पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी कपूर बिल्डिंग, टैक्सी स्टैण्ड रोड सिविल लाईन, तहसील सदर, जिला रामपुर ने उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार वाद इस आशय से प्रस्तुत किया है कि स्व. सुन्दर लाल कपूर पुत्र हुकुम चन्द्र कपूर निवासी कपूर बिल्डिंग टैक्सी स्टैण्ड रोड, सिविल लाईन, जिला रामपुर जो कि प्रार्थी के पिता थे, जिनका दिनांक 15-12-2024 को देहान्त हो गया है तथा प्रार्थी अपने पिता स्व. सुन्दर लाल कपूर पुत्र हुकुम चन्द्र कपूर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा मुख्य शाखा रामपुर के बचत खाता संख्या-10986755274 में जमा धनराशि मुबलिग 8,98.463.73 (आठ लाख अठ्ष्ठानवे हजार चार सौ तिरेसठ रूपये तेहत्तर पैसे) मय ब्याज प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाये।

अत: इश्तेहार निकाला जाता है कि उक्त प्रार्थना पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 16.10.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी तथा उचित आदेश पारित किया जायेगा। आज दिनांक 20/09/2025 न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. ) रामपुर।**

# स्वच्छता को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए शपथ दिलाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** देशभर में चलाए जा रहे स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विद्यालय में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं बाहरी स्वच्छता की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय परिसर क्षेत्र की विशेष सफाई की गई साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने बताया कि विभाग द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्देश हुआ है। कहा कि स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा अभियान एक विशेष अभियान है जिसका उद्देश्य स्वच्छता एवं पर्यावरण को बढ़ावा देना है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जल संचयन व स्वच्छ जल के महत्व को उजागर करना और स्वच्छता व स्वास्थ्य के बीच संबंध को समझना है। उधर स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी ने बताया कि प्रत्येक दिवसों में स्वच्छता एवं सेवा जागरूकता दिवस कार्यक्रम के तहत शौचालय, पीएम पोषण रसोई, कक्षाओं, पंखों, खिड़कियों, झाड़ियां, पुराने अभिलेखों , किचन गार्डन, विद्यालय परिसर की घास के अलावा शैक्षिकता में उपयोगी उपकरणों की विशेष सफाई की गई। जूनियर वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में निदा प्रथम, यामिनी द्वितीय व माही ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में नाजिया खातून, उपासना व सोफिया ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में खुशी, जिया नूर, प्रीति व सीनियर वर्ग में श्रेया, कंचन व भूमि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। जल शक्ति एवं जल संरक्षण आदि के विषय में जागरूक किया गया तथा स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा की थीम का प्रचार प्रसार किया। हाथ धोने के दिन कार्यक्रम के तहत बच्चों को दैनिक जीवन में उचित हाथ धोने के महत्व, जल जनित बीमारियों की जानकारी के अलावा मुंह, दांत, नाखून, कान आदि की स्वच्छता के विषय में बताया । इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को व्यक्तिगत और सामूहिक स्वच्छता की जानकारी दी साथ ही उन्होंने स्वच्छता को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए शपथ भी दिलाई । इसके अलावा नगर पंचायत महुआ डाबरा के अधिशासी अधिकारी आदित्य जोशी ने अपनी टीम के साथ विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल, शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर तजम्मुल हसन, राधा कृष्ण तिवारी, अरुण कुमार वर्मा, नाजिम कमर , राजवीर सिंह, सतेंद्र कुमार, नीतू सैनी,मोनिका, नूतन रानी, अजय कुमार, कालिका प्रसाद सुमन, चेतन चौहान, नफीस अहमद, जयवीर सिंह,राम सजीवन, राजीव कुमार , अरुण कुमार, मनोज पाल, सोमपाल, नसीम जहां, राम कीर्ति, सुनीता, स्वच्छ भारत मिशन प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक सिंह बिष्ट, बंदिता समेत सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

# टाल से खैर प्रकाष्ठ लट्ठा और सोख्ता बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग की संयुक्त टीम ने काशीपुर मोहल्ला अल्ली खां में छापेमारी की गई। छापे के दौरान मो. ताहिर पुत्र सलीम निवासी हजरतनगर, अल्लीखा के टाल स्वामी सारिक निवासी अल्ली खां के टाल से खैर प्रकाष्ठ लट्ठा और सोख्ता लगभग 15 कुण्टल बरामद किया गया। भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।विभागीय अभिरक्षा में लेकर रामनगर कार्यशाला परिसर में सुरक्षित रखा गया है।इस दौरान तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी,एसडीओ किरन साह,रेंजर देवेन्द्र सिंह रजवार, प्रभारी रेंजर अशोक कुमार टम्टा,एसआई गोविन्द सिंह मेहता, ललित सिंह आदि शामिल रहे।

# आयुर्वेद संगोष्ठी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का सैकड़ों ने लिया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं उधम सिंह नगर द्वारा किच्छा के ग्राम वीरू नगला स्थित विद्याश्री कॉलेज में आयुर्वेदिक संगोष्ठी एवं वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ लिया। शिविर में विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया और निशुल्क औषधियां भी वितरित कीं। संगोष्ठी के दौरान लोगों को रोगों की रोकथाम और उपचार में आयुर्वेद की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, छिनकी प्रधान पति हरीश खानवानी और लालपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पुत्र अमृत पाल रंधावा ने शिरकत की।

# परिवार पर धारदार हथियारों से किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वार्ड नंबर 23 रम्पुरा में धारदार हथियार से एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। रम्पुरा निवासी निवासी धर्मेन्द्र पुत्र रामपाल ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित के अनुसार 17 सितंबर की रात करीब 10:30 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर था। उस समय उनके घर के बाहर कुछ लोग तेज आवाज में गाली गलौच कर रहे थे। धर्मेन्द्र के भाई कन्हैयां एवं पिता रामपाल ने इन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपितों ने आग बबूला होकर लोहे की तलवारें, गुप्ती, तमंचा, डंडे व राडों से लैस होकर घर के अंदर घुसकर उन्हें बुरी तरह पीटा। इस हमले में धर्मेन्द्र के पिता के सिर में गंभीर चोटें आई जबकि धर्मेन्द्र एवं उनके भाई किशन समेत कई अन्य लोग भी घायल हुए। पीड़ित ने बताया कि अनिल नामक हमलावर ने तमंचे से फायर किया, जिससे वे बाल-बाल बचे। पड़ोसियों और राहगीरों के हस्तक्षेप से ही वह हमले से बच पाए।

घायल परिवार के सदस्यों को तत्काल रुद्रपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पिता को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। धर्मेन्द्र ने बताया कि हमलावरों में कई पहले से आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं, जो जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि इन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश जारी है और जल्द ही गिरफ्तारियों के प्रयास किए जाएंगे।

# ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल में नवरात्र पर रामलीला का भव्य शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य शुभारंभ ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल परिसर में हुआ। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रथम दिन श्रीराम जन्म और उनके बाल्यकाल की लीला का जीवंत मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रामलीला मंचन से पूर्व समिति के 11 वरिष्ठ बुजुर्ग सदस्यों ने फीता काटकर और विधिवत आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभारंभ में शामिल बुजुर्गों में देव सिंह, आन सिंह रावत, दलीप सिंह बोरा, मनोहर दत्त तिवारी, मदन सिंह बिष्ट, गंगा सिंह कार्की, कृष्ण उपाध्याय, कैलाश पाठक, निर्मल रावत, सुन्दर सिंह, कुंदन सिंह, गंगा सिंह, पूरण फर्त्याल, गोविंद सिंह, प्रकाश बोरा, नंदन सिंह, धन सिंह, चंदर राम और मुकेश रावत आदि शामिल रहे। कमेटी अध्यक्ष गोपाल रावत ने इस अवसर पर कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज को जीवन मूल्यों और आदर्शों की प्रेरणा देने का माध्यम है।

उन्होंने उपस्थित रामभक्तों से आग्रह किया कि वे श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। रामलीला के प्रथम दिन हुए मंचन में कलाकारों के अभिनय और आकर्षक साज-सज्जा की दर्शकों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति एवं उल्लास का माहौल छा गया।

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मनप्रीत सिंह व पुत्रवधू शानू शर्मा मेरे कहने सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दोनों से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके कृतों, क्रियाकलापों से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी लेना देना नहीं होगा।

**बृजेंद्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह**
**( आधार नं. - 987457013744 )**
**वार्ड-10 हर श्रीनाथ मंदिर रोड,बलवंत कॉलोनी , किच्छा**
**( उधम सिंह नगर )**

# निर्माण कार्यों में न बरती जाए लापरवाहीः डीएम

■ नन्दा देवी मंदिर परिसर में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** एमबीएडीपी के अंतर्गत मुनस्यारी स्थित नन्दा देवी मंदिर परिसर में बीआरआईडी सीयूएल द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने मौके पर जाकर किया। जिलाधिकारी ने नन्दा देवी के दर्शन किए और मन्दिर परिसर के अद्भुत वातावरण की प्रशंसा की और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु मंदिर समिति के सदस्यों और अधिकारियों संग व्यापक चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर समिति के अध्यक्ष देव सिंह पापरा एवं अन्य सदस्यों से भेंट की। उन्होंने समिति द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा अधिकारियों को मंदिर समिति के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

साथ ही कार्यों को गति प्रदान करने हेतु समिति से सहयोग की अपील भी की। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्यों के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर परिसर को चारों ओर से फेंसिंग कराने तथा परिसर में खानपान हेतु एक रेस्टोरेंट बनाने एवं सौंदर्यकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कल ही मंदिर समिति के साथ बैठक कर आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने मुनस्यारी में निर्मित हो रहे पार्किंग स्थल का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पार्किंग बनने से नगर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय जनता को भी पार्किंग संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, उपजिलाधिकारी मुनस्यारी खुशबू पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बगवाड़ा गोलीकांड के तीन आरोपी दबोचे, दो फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बगवाड़ा गोलीकांड के मामले में नामजद एक नाबालिग सहित तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए, जबकि दो अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बगवाड़ा कस्बे में छात्रसंघ चुनाव को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक को गोली मार दी गई। पीड़ित के पिता की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया था कि उसका पुत्र राजेन्द्र शनिवार शाम अपने दोस्तों के साथ बगवाड़ा कस्बे में मौजूद था। इसी दौरान छात्रसंघ चुनाव की वोटिंग को लेकर उसकी हिमांशु कश्यप उर्फ जस्सी और उसके साथियों के साथ कहासुनी और गाली-गलौज हो गई। कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना देने की बात कही, तो उक्त युवक धमकी देकर वहां से चले गए। कुछ देर बाद हिमांशु कश्यप अपने तीन अन्य साथी रविकेश यादव निवासी भदईपुरा, रवि दिवाकर निवासी प्रीत विहार और अरुण गुप्ता निवासी रम्पुरा के साथ एक स्विफ्ट कार में मौके पर लौटा। राजेन्द्र अपने दोस्तों के साथ सड़क किनारे डिवाइडर पर बैठा हुआ था।चारों ने एक राय होकर राजेन्द्र पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। गोली उसके बाएं जांघ में लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने आरोपी रवि दिवाकर, रविकेश उर्फ अभय यादव समेत एक बनाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि हिमांशु उर्फ जस्सी और अरुण गुप्ता फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### छात्रा ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर ।** अज्ञात कारणों के चलते एक 16 वर्षीय 10 वीं की छात्रा ने घर मे फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली । जिसके बाद स्वजनों में कोहराम मच गया । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।



जानकारी के अनुसार निकटवर्ती रामबाग गांव निवासी सुभाष सरकार की 16 वर्षीय पुत्री जो दसवीं की छात्रा थी । मंगलवार दोपहर वह अज्ञात कारणों के चलते फंदे से झूल गयी । जिसके बाद स्वजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मौत की खबर से स्वजनों में कोहराम मच गया । उनका रो रोकर बुरा हाल है । ग्रामीणों के अनुसार मृतक के पिता मेहनत मजदूरी करते हैं । और उनकी एकलौती पुत्री थी । लोगों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जानकारी हासिल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### पौधारोपण अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरु रानी द्वारा चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधा रोपण अभियान आज 434 वें दिन भी जारी रहा। आज अभियान के 434 वें दिन डीडीहाट मैं जयश्री जया गुरुरानी ने अपने दादा स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में अपने आवास गुरुरानी भवन परिसर में तारा दत्त गुरुरानी स्मृति में पौधा लगाया। जयश्री जयागुरु रानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जैसे महान कार्य के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उनके दादा स्वर्गीय तारा दत्त गुरु रानी प्रकृति प्रेमी रहे। उनके पिता दिनेश गुरुरानी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान चला रहे हैं। वह उनके द्वारा चलाए गए अभियान में पौधा लगाकर सहयोग कर रही है।

### राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खण्ड विकास के सभागार में मुख्यचिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल के दिशानिर्देश राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सहयोगी संस्था इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट(डब्ल्यूएचपी) द्वारा नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ स्वास्थ विभाग की तरफ से चिकित्सा अधीक्षक डा. राहुल गौर तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत धीरेन्द्र कुमार पंत द्वारा किया गया। नवल किशोर द्वारा टीबी उन्मूलन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला कार्यशाला में पंकज जोशी डिस्ट्रिक्ट लीड, इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यशाला के अंतर्गत सभी बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंर्तगत निक्षय मित्र बनने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी असित आनंद ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में प्रधानों की महत्ता को बताया तथा टीबी उन्मूलन पर प्रधानों के सहयोग की अपील की। कार्यशाला में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा सभी प्रधानों का अभिनंदन कर सभी प्रधानों का आभार प्रकट किया। अध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया की खण्ड के विकास हेतु प्रधान संघ सदा ही ग्राम जन के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यशाला में टीबी उन्मूलन की चर्चा के बाद सभी ग्राम प्रधानों को गुलशन कुमार द्वारा टीबी मुक्त करने की शपथ सी दिलाई। कार्यशाला की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी असित आनंद ने की। सहायक विकास अधिकारी(पं.) धीरेन्द्र पंत एवं गुलशन कुमार बसंती मेवाड़ी ब्लॉक समन्वयक इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट, द्वारा समन्वय किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, चिकित्सा अधीक्षक डा. राहुल गौर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक रुद्र प्रताप एवं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राजीव (सीएचसी किच्छा), खण्ड के सभी नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।



### जीएसटी दर में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रपुर। नेस्ले इंडिया ने हाल ही में भारत सरकार द्वारा घोषित गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दरों में बदलाव का स्वागत किया है। कंपनी ने कहा है कि 22 सितंबर 2025 से यह लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा जीएसटी दर में कटौती भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इससे खपत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। नेस्ह्ले पिछले 113 वर्षों से भारत का अभिन्न हिस्सा रही है और हमारे लिए उपभोक्ता हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। हम उपभोक्ताओं की सेवा को ही अपना मुख्य उद्देश्य मानते हैं और आगे भी हर संभव तरीके से उनके हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### श्रवण कुमार की मातृ-पितृ सेवा ने छुआ दर्शकों का हृदय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** भारत माता पार्क में चल रहे आदर्श श्रीरामलीला मंचन का दूसरा दिन भावनाओं का अनोखा संगम बनकर सामने आया। मंच पर प्रस्तुत श्रवण कुमार की मातृ-पितृ भक्ति और उनके दुखांत प्रसंग ने न केवल दर्शकों को स्तब्ध किया, बल्कि उनकी आंखें भी नम कर दीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पंचायत शक्तिगढ़ शक्तिफार्म के चेयरमैन सुमित मण्डल, समाजसेवी एवं तारक नाथ धाम मंदिर कमेटी अध्यक्ष देवाशीष पोद्दार, गोविंद पोखरिया तथा रामल. ीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरान्त गणेश वंदना के साथ मंचन की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि चेयरमैन सुमित मण्डल ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि रामायण केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है। श्रवण कुमार का प्रसंग हमें यह सिखाता है कि माता-पिता की सेवा सर्वोच्च धर्म है। वहीं श्रीराम के आदर्श जीवन में सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संकल्प देते हैं। यहां पंकज राय, रमन जायसवाल, रविन्द्र अग्रवाल, राजकुमार डालमिया, राघव सिंह, मयंक अग्रवाल,संदीप अग्रवाल,इशू गर्ग सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। लीला के दौरान जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



### आनंद विहार से शक्तिफार्म तक सीधी रोडवेज बस सेवा पुनः शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** लंबे इंतजार के बाद शक्तिफार्म क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर आई है। लगभग 10 से 12 दिन से बंद पड़ी आनंद विहार (दिल्ली) से रुद्रपुर होते हुए शक्तिफार्म आने वाली रोडवेज बस सेवा पुनः शुरू हो गई है। अचानक बंद हुये, इस सुविधा के अभाव में क्षेत्र के यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, खासकर त्योहारों के मौसम में समस्या और गंभीर हो गई थी। नवरात्रि पर्व को देखते हुए जब यह विषय चर्चा में आया, तो समाजसेवी रमेश राय ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को दी और समाधान की मांग रखी। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। परिणाम स्वरूप आज से आनंद विहार से शक्तिफार्म तक सीधी रोडवेज बस सेवा तय समय पर शुरू कर दी गई है। समाजसेवी रमेश राय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से मांग पूरी हुई है।

# सामाजिक व आर्थिक कार्यों में कर रही हैं महिलाएं सक्रिय व सशक्त भागीदारीः रजवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** ग्राम्य विकास के अंतर्गत संचालित योजनाओं व परियोजनाओं से जुडकर ग्रामीण महिलाओं की व्यवसायिक क्रियाकलापों में भागीदारी व रूचि बढी है, तथा उनमें सामाजिक व आर्थिक जागरुकता का प्रसार हुआ है।

ये बात ग्रामोत्थान व एनआरएलएम के मार्गदर्शन में बनबसा स्थित एक स्थानीय होटल में आयोजित उन्नति स्वायत्त सहका. रिता बमनपुरी की दूसरी आम सभा बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार द्वारा सभा का शुभारंभ करते हुए कही गई। आमसभा में उपस्थित शेयर धारकों व समूह सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्नति संघ की अध्यक्ष नीरू राणा द्वारा सहकारिता की वार्षिक एवं वित्तीय प्रगति से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। बिजनेस प्रमोटर राधा चंद ने टर्न ओवर एवं लाभांश की जानकारी दी। आमसभा व संचालक मंडल द्वारा लिए गएनिर्णय अनुसार निष्क्रिय संचालकों के स्थान पर नए निदेशकों का चयन कर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 11 सदस्यीय निदेशक मंडल का गठन किया गया।

यहां जिला पंचायत सदस्य चंदनी सरोज चंद, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तपन गढकोटी, सहायक प्रबंधक ग्रामोत्थान प्रकाश चंद्र पाठक, प्रियंका, देवयानी, आईपीआरपी मुन्नी देवी, रेनु, गीता पांडेय, प्रमोटर राधा चंद समेत शेयरधारक व समूह से जुडी 196 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# अपने पूर्वजों के आयुर्वेद के ज्ञान व अनुभव से आत्मसात करेंः प्रेमा

■ दसवें आयुर्वेदिक दिवस के अवसर पर व्यक्त किए महत्वपूर्ण विचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** ईश्वर ने पग-पग पर हमें जड़ी बूटियों के भंडार देने के साथ बुजुर्ग इसका ज्ञान पीढ़ी दर पीढ़ी बांटते आ रहे थे। तब हम लोग पूरी तरह आरोग्य रहते थे।

आधुनिकता की दौड़ में हमने प्रकृति, संस्कृति व आयुर्वेद से नाता तोड़कर स्वयं को अनेक रोगों का घर बना दिया है। दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का नर्सिंग कॉलेज चम्पावत में आयोजित संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर सुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका की चेयरमैन प्रेमा पांडेय ने कहा कि जब से हमने अपने पूर्वजों के ज्ञान व अनुभव को नजरअंदाज कर श्रम से दूरी बनाई, उसी समय से हमारी मातृ शक्ति कमजोर होती गई। वहीं महिला जो पहले खेतों में काम करते हुए स्वयं प्रसव कर टोकरी में बच्चे को घर ले आती थी वहीं महिलाए आज अनेक रोगों से घिर गई हैं। विशिष्ट अतिथि सीडीओ डा. जीएस खाती ने कहा पहले जब अस्पताल नहीं होते थे हमारे गांव के लोग जड़ी बूटियों एवं वन औषधियों से ही अपना उपचार कर लिया करते थे। गोष्ठी की अध्यक्षता नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डा. रश्मि रावत एवं संचालन आयुष के नोडल अधिकारी डा. सुधाकर गंग. वार ने किया ।

इससे पूर्व जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. आनंद सिंह गुसाई व अन्य लोगों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि समेत सभी नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गोष्ठी में महिलाओं में रजो निवृत्ति पर डॉ जेबा मलिक ने विचार रखे। डा. लता मेलकानी ने गर्भावस्था में वरती जाने वाली सावधानियों के वारे में विचार रखे सर्जन डॉ भास्कर ने डायबिटीज व हाइपरटेंशन , वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. प्रकाश बसेड़ा ने वृद्धावस्था में होने वाले रोग व उनके निवारण के उपाय बताए डा. सुमन से महिलाओं में गलत खान पान से होने वाले रोगों की जानकारी दी। यहां जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. आनंद सिंह, सोनिया आर्य, विजय देउपा, डा. रश्मि रावत ने भी अपने विचार रखे।

पढ़ते रहिए शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें ।

# पेपर लीक मामले को लेकर छात्र-छात्राओं में आक्रोश



■ पुलिस से भी हुई धक्का मुक्की, शासन के विरुद्ध की गई जोरदार नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** यूकेएसएससी का पेपर लीक मामले को लेकर आज चंपावत में बड़ा जन आक्रोश देखने को मिला। 21 सितंबर को हुई यूकेएसएससी की परीक्षा में पेपर लीक होने के साथ ही अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित छात्र-छात्राओं ने सोमवार को लोहाघाट में भी जोरदार प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई थी।

आज उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने नगर में जोरदार प्रदर्शन कर चक्का जाम भी कर दिया। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ भी धक्का मुक्की हुई। आंदोलनकारी पटवारी भर्ती परीक्षा को रद्द करने, पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने, भर्ती में वर्दीधारी पदों में आयु सीमा 28 वर्ष करने, जनसंख्या के आधार पर आरक्षण तय करने तथा नई नियमावली में परिवर्तन करने की मांग की जा रही थी। छात्र-छात्राओं का यह प्रदर्शन रोडवेज स्टेशन से शुरू हुआ जो यहां के स्टेशन बाजार में पहुंचते हुए, और उग्र हो गया। जिससे सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। यहां पौन घंटे तक सड़क में जाम लग रहा। इस दौरान पुलिस ने छात्रों से जाम खोलने का लगातार अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन बात नहीं बनी ।

कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाहरी स्थानों से भी पुलिस व्यवस्था में लगाई गई थी। सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। नकल कराने का मास्टरमाइंड हाकम सिंह के ऊपर सरकार द्वारा कारवाई किए जाने के बावजूद भी वह तंत्र के अंदर घुसकर उनके अरमानों में पानी फेरता आ रहा है। उसका यह दुसाहस बगैर मिली भगत के संभव नहीं है। ऐसा छात्रों का आरोप है।

# नौ सूत्रीय मांगों लेकर सीएम के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

■ मांगे तत्काल पूरी नहीं हुई, तो होगा बड़ा आंदोलनः रजविंदर कौर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विकास खंड की ग्राम पंचायतों को नौ सूत्रीय मांगों को लेकर आक्रोशित ग्राम प्रधानों ने ग्राम प्रधान संघ बाजपुर की अध्यक्ष रजविंदर कौर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीम डॉक्टर अमृता शर्मा को सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की।

ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष रजविंदर कौर ने बताया ग्राम पंचायत की समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधानों में आक्रोश व्यक्त है। जिसमें ग्राम प्रधान का मानदेय 3500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये मासिक किया जाए। ग्राम प्रधानों को उचित मेडिकल सुविधा दी जाए। ब्लॉक स्तर से राशन कार्ड की ऑन लाइन बैवसाइट को खोला जाए, जिसमें राशन कार्ड में बच्चों के नाम चढ़ाये जा सके तथा पात्र परिवारों का श्रेणी के अनुसार एसएफवाई, पीएचएच, एएवाई के नए राशन कार्ड बनाए जाए। बाजपुर ब्लॉक में प्रधानमंत्री किसान पेंशन योजना के लिये ऑन लाइन करने के लिए कर्मचारी की स्थायी नियुक्ति की जाए। जिन ग्राम पंचायतों में वार्ड मेम्बर पूरे नहीं हो पाये हैं, उन ग्राम पंचायतों में जल्द से जल्द चुनाव कराया जाये। जिससे ग्राम पंचायत संगठित होकर ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत में विकास कार्य कर सके। पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक वर्ष बीस कार्यों की सीमा को समाप्त कर असीमित कार्यों को कराने की अनुमति दी जाये।भूमि संरक्षण के लिए भूमि कटाव व नदी/नाला कटाव को रोकने के लिए पत्थर पिचिंग, कट्टा पिचिंग व दीवार पिचिंग आदि कार्य मनरेगा या पंचायत स्तरीय वित्त से करवाया जाये। बकरीवाड़ा, पशुचारा नाद, आदि व्यक्तिगत कार्य जल्द से जल्द पात्रता के अनुसार शुरू किये जाना जनहित के लिये अति आवश्यक है।प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना की बैवसाइट को खोला जाये तथा पुनः सर्वे करवाया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा मांगों को तत्काल पूरा नहीं किया गया तो ग्राम प्रधान संघ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इस मौके पर एडवोकेट सतनाम सिंह, ग्राम प्रधान रामचंद्र, रवि बरुआ, बलविंदर सिंह, प्रमोद कुमार जोशी, रेनू कौर, मनीष, मनोज राठौर, लक्ष्मी देवी, सुरेश कुमार, बबलू खान आदि उपस्थित रहे।



# बंद न किया जाए चूना भट्टी का रेलवे क्रासिंगः चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले चूना भट्टी रेलवे क्रासिंग को रेलवे विभाग द्वारा आवागमन के लिए पूर्णतः बंद किए जाने से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने केन्द्रीय रेल मंत्री व मंडलायुक्त इज्जतनगर को पत्र भेजकर जनहित में चूना भट्टी रेलवे क्रासिंग को बंद न किये जाने की मांग की है। चेयरमैन गित्ते ने पत्र में कहा है कि चूना भट्टी रेलवे क्रासिंग बंद होने से यातायात का सारा दबाव मुख्य मार्ग की रेलवे क्रासिंग पर पड़ेगा। जिससे पूरा बाजपुर नगर हमेशा जाम से जूझता रहेगा। साथ ही नगर के वार्ड नं.2, 5 व 6 के वाशिंदों को आवागमन में भारी असुविधाओं से जूझना पड़ेगा।

# छात्र संघ चुनाव के नामांकन पत्रों की बिक्री, अध्यक्ष के बिके चार फॉर्म

■ 27 सितंबर को होंगे छात्र संघ चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में छात्र संघ निर्वाचन 2025 /26 हेतु नामांकन फार्म बिक्री की प्रक्रिया आज मंगलवार 23 सितंबर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संगीता गुप्ता के दिशा निर्देशन में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की गई।फार्म बिक्री की प्रक्रिया प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होकर सायं 3:00 बजे तक चली जिसमें कुल 31 फॉर्म छात्रों द्वारा विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु क्रय किए गए ।

निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर नीरज कांडपाल ने बताया छात्र संघ अध्यक्ष पद हेतु चार फॉर्म, उपाध्यक्ष छात्र हेतु तीन फॉर्म ,उपाध्यक्ष (छात्र )पद हेतु तीन , उपाध्यक्ष छात्रा हेतु दो,सचिव पद हेतु चार, संयुक्त सचिव हेतु चार, कोषाध्यक्ष पद हेतु चार, सांस्कृतिक सचिव पद हेतु दो फॉर्म, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि हेतु चार फॉर्म , संकाय प्रतिनिधि (कला) हेतु दो फार्म ,संकाय प्रतिनिधि (विज्ञान )हेतु दो फार्म खरीदे गए ।जबकि संकाय प्रतिनिधि (वाणिज्य )हेतु कोई फॉर्म नहीं खरीदा गया। नामांकन फार्म बिक्री की प्रक्रिया डॉक्टर दिनेश राम के संयोजन में संपन्न हुई इस दौरान महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव प्रभारी डॉ नीरज कांडपाल तथा छात्र संघ चुनाव समिति के सदस्य डॉक्टर के सी जोशी ,डॉक्टर दिनेश व्यास तथा डॉक्टर रुचिर जोशी मौजूद रहे।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संगीता गुप्ता द्वारा छात्र संघ निर्वाचन को पूर्ण अनुशासन के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की प्रतिबद्धता को दोहराया । नामांकन फार्म बिक्री की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान अनुशासन बनाए रखने का कार्य डॉक्टर अपराजिता ,डॉ बी पी ओ, तथा डा. अभिषेक पंत के नेतृत्व में विभिन्न प्राध्यापकों के द्वारा संपन्न किया गया। छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्रों में काफी जोश नजर देखने को मिल रहा है । 27 सितंबर को छात्र संघ चुनाव का मतदान संपन्न कराया जाएगा।

### देवीधुरा महाविद्यालय में बिके 11 नामांकन पत्र

**देवीधुरा।** यहां के महाविद्यालय में विभिन्न पदों के लिए 10लोगो द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए। चुनाव प्रभारी डॉ दीपक जोशी के अनुसार सचिव एवं विश्व. विद्यालय प्रतिनिधि के पद के लिए दो- दो तथा शेष पदों के लिए एक- एक नामांकन पत्र बिके।

# सैफी हिंदुस्तानी ने बिरादरी के उत्थान पर चर्चा की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सैफी बिरादरी की जानी व मानी हस्ती एवं सैफी संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व जनपद शामली निवासी डॉ आबिद सैफी उर्फ सैफी हिंदुस्तानी अपने दो दिवसीय उत्तराखंड प्रवास के दौरान उत्तराखंड के नैनीताल व उधमसिंह नगर जनपद में बिरादरी के लोगों से मुलाकात की। रामनगर स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क अपनी टीम के साथ भृमण किया। उन्होंने यहां की खूबसूरत वादियों, जल-जंगलों के लुफ्त लिया व जंगली जानवरों का दीदार किया। मंगलवार को उनकी टीम ने यूनाइटेड सैफी वेलफेयर एसोसिएशन के उत्तराखंड प्रदेश संरक्षक व नगर पालिका परिषद, रामनगर के चेयरमैन हाजी मो अकरम,प्रदेश प्रभारी व वरिष्ठ पत्रकार डॉ जफर सैफी, रामनगर कोतवाली के एसएसआई मो यूनुस सैफी, एसआई सादिक हुसैन सैफी और काशीपुर में लोहार इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी इंजीनियर शादाब आलम सैफी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बिरादरी के सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक उत्थान के संदर्भ में चर्चा की। इस मौके पर उनके साथ शाह टाइम्स के शामली के ब्यूरो चीफ नसीम सैफी, कारी आबिद, मोहसिन सैफी, जाहिद सैफी आदि शामिल रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-971/ नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक-18/09/2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर पंजिका में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संशोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क.सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सूरजमुखी पत्नी श्री कमल सिंह | भवन संख्या 84 वार्ड नं. 7 | श्री आनन्दी लाल पुत्र श्री दीप चन्द्र | सूरजमुखी पत्नी श्री कमल सिंह | आवेदन मय शपथ पत्र, श्री महेन्द्र सिंह, उमेश चन्द्र, विमल सिंह, राजेन्द्र सिंह का अनापत्ति प्रमाण पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर पंजिका में पूर्व में अंकित व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालन नं0 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# डीएसबी में 10 पदों के लिए 18 नामांकन बिके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में 27 सितंबर शनिवार को होने जा रहे छात्र संघ चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी। इस दौरान अध्यक्ष व सचिव समेत 10 पदों के लिए 18 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी तनिष्क मेहरा तथा करन सती जबकि उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए दिनेश चंद्रा, आयुष आर्या, शिवेष कुमार व आशिष कबड्वाल ने नामांकन पत्र खरीदे। इसके साथ ही छात्रा उपाध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशी तनिषा जोशी, प्राची नेगी और पलक बिष्ट ने नामांकन पत्र खरीदे वहीं सांस्कृतिक सचिव के लिए दो प्रत्याशी भावेश विश्वकर्मा व सत्यम सिंह जबकि उपसचिव के लिए दो प्रत्याशी सशांक भंडारी व निर्तात पंत व कला संकाय प्रतिनिधि के लिए दो, विज्ञान संकाय के लिए दो तथा वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि के लिए एक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई है। छात्र अधिष्ठता कल्याण व चुनाव प्रो. संजय पंत व चुनाव अधिकारी अमित जोशी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 11 बजे से लेकर शाम को 3 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। जिसमें 18 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। बुधवार (आज) को परिसर के जीबीपंत पुस्तकालय में नामांकन प्रक्रिया की जाएगी।

### प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन

**नैनीताल।** शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में छात्र संघ निर्वाचन हेतु मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस दौरान प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने संभावित प्रत्याशियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राचार्य के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु सुनील कुमार, उपाध्यक्ष (छात्रा) पद हेतु सुमन, सचिव पद हेतु नीरज कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु हिमानी बिष्ट तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु आरती एवं हिमानी भंडारी ने नामांकन प्रपत्र क्रय किए। उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव व संकाय प्रतिनिधि तथा सांस्कृतिक सचिव पद हेतु किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन प्रपत्र क्रय नहीं किया। नामांकन प्रपत्रों का विक्रय नामांकन समिति डा. ईप्सिता सिंह संयोजक डा. दीपक तथा डा. निर्मला द्वारा किया गया। उक्त प्रक्रिया में डा. तरुण कुमार आर्य छात्र संघ प्रभारी तथा डा. जयति दीक्षित सहित महाविद्यालय के समस्त कार्मिक एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को मुआवज़ा दिया या नहीं ?

## हाई कोर्ट ने विद्युत परियोजना के मामले पर सरकार से पूछा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने चमोली की विष्णुगाड पीपलकोटि जल विद्युत परियोजना के मामले में सुनवाई करते हुए एन्वायरनमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट कमेटी (ईआईएसी) को मौके का सर्वे कर 17 अक्टूबर शुक्रवार तक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने सरकार से भी कहा है कि ग्रामीणों को राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति एनपीआरपी 2007 के अनुसार मुआवजा दिया गया है कि नहीं? मामले को ग्राम सभा हाट और नरेन्द्र प्रसाद पोखरियाल की ओर से दो जनहित याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गयी है। दोनों पर मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। पहले मामले में ग्राम सभा हाट के प्रधान की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि टीएचडीसी की ओर से हाट हटियाली गांव के लक्ष्मी नारायण मंदिर से के पास टनल का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर के एक ओर भारी मलवा जमा किया गया है। इससे नौवीं सदी के मंदिर को खतरा उत्पन्न हो गया है। याचिकाकर्ता की ओर से इससे संबंधित फोटोग्राफ भी अदालत में पेश किये गये। टीएचडीसी की ओर से कहा गया कि गांवों का पूरी तरह से पुनर्वास कर दिया गया है। मंदिर को कोई खतरा नहीं है। मंदिर का ब्यूटीफिकेशन किया जाएगा। अंत में अदालत ने ईआईएसी को निर्देश दिये कि वह मौके की जांच कर पर्यावरण के नुकसान को लेकर रिपोर्ट पेश करें। इसी से जुड़ी दूसरी जनहित याचिका में ग्रामीणों की ओर से कहा गया कि कंपनी की ओर से प्रभावितों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। एनपीआरपी नीति के मानकों का उल्लंघन किया गया है। इसके बाद अदालत ने सरकार से पूछा है कि मुआवजा मामले में कया एनआरआरपी के अनुसार मुआवजा दिया गया है या नहीं?

### टाटा मैजिक को परमिट अगली सुनवाई तक निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य परिवहन निगम के द्वारा टाटा मैजिक (छोटा हाथी) को बस का परमिट जारी करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने ऐसे जारी सभी टाटा मैजिको का परमिट अगली सुनवाई तक निरस्त कर दिया है। पूर्व के आदेश पर मंगलवार को कमिश्नर परिवहन कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट का मार्गदर्शन के लिए पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि मोटर व्हीकल एक्ट में यह प्रावधान है। कोर्ट उनके बयान से सन्तुष्ट नहीं हुई, जिसपर कोर्ट ने 25 सितंबर वीरवार तक इस पर स्थिति से अवगत कराने को कहा। कोर्ट ने पूछा है कि एक 8 से 9 सीटर के वाहन को कैसे बस का परमिट दिया जा सकता है। ऑटो मोबा. इल एक्ट के तहत बस का एक निर्धारित ढांचा होता है। उसमें कितनी सीटें होंगी उसकी भार क्षमता के अनुसार निर्धारित होती है। बस एक निर्धारित समय व जगह से चलती है। टाटा मैजिक को जहां आठ व नौ सवारियां मिली वहां को चल देती है। जैसे देहली तथा ऋषिकेश व शादियों में हर जगह उनका उपयोग बस के तौर नहीं किया जा सकता। मामले के अनुसार देहरादून निवासी बस ओवनर्स विजय वर्धन डंडरियाल ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि देहरादून में राज्य परिवहन निगम के द्वारा सात से नौ सीटर टाटा मैजिक (छोटा हाथी) को बस मानते हुए बस का परमिट जारी किया है। अब वे जहां बस स्टैंड होता है वहाँ अपनी गाड़ी लगाते हैं। जैसे ही सात आठ सवारियां स्टैंड पर आती हैं उनको लेकर फुर्र हो जाती है। हमको सवारियां नहीं मिल पा रही है इसलिए इनको बसों का दिया परमिट निरस्त किया जाय।

### कुष्ठ रोगियों को हटाने के मामले में सुनवाई 8 अक्टूबर को

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने हरिद्वार में गंगा किनारे व अन्य जगहों से कुष्ठ रोगियों को हटाने के खिलाफ स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में मंगलवार को पूर्व के आदेश पर सचिव सोशल वेलफेयर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि पूर्व के आदेश के बाद राज्य सरकार ने इनके विस्थापन के लिए कई जगहों को चिन्हित कर उनके लिए स्थायी आवासों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिनका 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष बचे कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग से बजट आना है। जिस पर कोर्ट ने निदेशक स्वास्थ्य को पक्षकार बनाने को कहा है। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने अब 8 अक्टूबर बुधवार की तिथि नियत की है। पूर्व में कोर्ट ने इनके रहने लिए तीन माह के भीतर शेल्टर होम बनाने के निर्देश दिये थे।

## एक नजर...

### आज सुबह 11 बजे से गुल रहेगी बिजली

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के मेहरागांव उप केंद्र से जुड़े क्षेत्रों में बुधवार (आज) को पूर्वाह्न 11 बजे से लेकर शाम को तीन बजे तक बिजली गुल रहेगी। सब स्टेशन में 132 केवी लाइन में पिटकुल की ओर से मरम्मत कार्य किये जाने हैं। उर्जा निगम एसडीओ प्रवेक पांडे ने बताया कि इन दिनों उर्जा निगम व पिटकुल की ओर से लाइनों की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। बुधवार आज को पिटकुल की ओर से मेहरागांव सब स्टेशन की 132 केवी लाइन में मरम्मत कार्य किया जाना है। जिसके चलते सब स्टेशन से जुड़े नैनीताल, भीमताल, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर, ओखलकांडा, पदमपुरी तथा बेतालघाट क्षेत्रों में दिन में 11 से तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### वाहन की टक्कर से बुजुर्ग चोटिल, भर्ती

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र के तहत रतन कॉटेज क्षेत्र में कार की चपेट में आने से राह चलता एक बुजुर्ग व्यक्ति चोटिल हो गया। चोटिल बुजुर्ग को कार चालक ने ही बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे भर्ती कर उपचार दिया गया। जानकारी के अनुसार रतन कॉटेज निवासी देव राम (73) घर के समीप ही सड़क पर टहल रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रहे वाहन ने नियंत्रण खोया तो उन्हें टक्कर लग गई जिससे वह सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। कार चालक ने लोगों की मदद से तत्काल उन्हें बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां बुजुर्ग के सिर पर चोट होने के कारण भर्ती किया गया है। अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि बुजुर्ग को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

### मां पाषाण देवी मंदिर में सुंदरकांड का पाठ

**नैनीताल।** नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर के ठंडी सड़क स्थित मां पाषाण देवी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। बता दें इस मौके पर आपदा के इस दौर में प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दीर्घायु तथा निरोगी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। मामले में आयोजक सचिव हरीश सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के क्रम में पाषाण देवी मंदिर वाले भूस्खलन क्षेत्र में सुरक्षात्मक उपचार कार्य करने का काम पूर्ण हो चुका है, श्रद्धालु भी अब सुगमता पूर्वक ठंडी सड़क में आवागमन कर पा रहे हैं। इस दौरान मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित जगदीश चंद्र भट्ट समेत संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला सहित अमिता साह, मीनू बुधलाकोटी, अरविंद सिंह पडियार, विक्रम राठौर, तनिष्क मेहरा तथा आयुष भंडारी, नंदा बल्लभ भट्ट तथा जया पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

### छात्र नेताओं ने डीएसबी परिसर में निकाली रैली

**नैनीताल।** छात्र संघ चुनाव की तिथि नजदीक आते देख इन दिनों डीएसबी परिसर में संभावित छात्र नेताओं की ओर से छात्र-छात्राओं को अपने पक्ष में करने के लिए रैलियां निकाली जा रही हैं। मंगलवार को डीएसबी परिसर में छात्र संघ चुनाव को लेकर परिसर में अध्यक्ष प्रत्याशी करन सती ने परिवर्तन रैली निकाली। इसके साथ ही परिसर में सचिव प्रत्याशी आयुष आर्या और उपाध्यक्ष प्रत्याशी दिनेश चंद्रा ने भी परिसर में रैली को अयोजन किया। अध्यक्ष प्रत्याशी करन सती ने बताया की परिसर में आज तक कई बार छात्र संघ चुनाव हुए हैं लेकिन परिसर में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है। वह चुनाव जीत कर परिसर की समस्याओं को दूर कर परिसर में परिवर्तन लाने का वादा करते हैए इसी लिए उन्होंने आपनी रैली का नाम भी परिवर्तन रैली रखा है। इस दौरान मोहित गोयल, विकास जोशी, शुभम बिष्ट, वैशाली, हिमेश कुमार, रोहन गोयल तथा सुनीता आदि मौजूद रहे।

### पेपर लीक सरकारी तंत्र की विफलता

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा



कि बीते रविवार को यूकेएसएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा पूरे राज्य के तेरह जिलों में बड़े जोर-शोर से शुरू तो हुई परंतु आधे घंटे में ही पेपर लीक होने की की खबरें सामने आने लगी। बिष्ट ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि शासन की सुस्ती में बेरा. जगारों को छला गया है बल्कि सच तो यह है कि कई वर्षों से सरकारी सेवाओं के लिए प्रयासरत युवा ठगे जा रहे हैं। अभ्यर्थी दिन रात मन लगाकर तैयारी करते हैं, कठिन परिस्थितियों में रहते हैं तथा आर्थिक दबाव झेलते हैं उसके बाद बड़ी मुश्किल से जब परीक्षा का समय आता है तो वह नकल के कारण निरस्त हो जाती है। यह राज्य सरकार के तंत्र की कि लता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं। अलग-अलग तरह की श्रेणी के अपराध बढ़ते जा रहे हैं परंतु सरकार ने युवाओं को छल के अलावा कुछ नहीं दिया है।

### खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**नैनीताल।** जिले के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कॉलेज परिसर में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करके किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप गोस्वामी, प्रधानाचार्य सिस्टर शोभा और अन्य वक्ताओं ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान ग्राम प्रधान नवल कुमार, हरगोविंद रावत, बीडीसी गीता जोशी, सांसद प्रतिनिधि पुष्कर जोशी, संकुल प्रभारी उमेश आर्य समेत निर्णायक देवेन्द्र जीना, राम सिंह जीना सहित संकुल के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं के आंदोलन को हाईकोर्ट बार का समर्थन

**नैनीताल।** कोटद्वार के परगना मजिस्ट्रेट की कार्यशैली और राजस्व वादों में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने समर्थन दिया है। मंगलवार को एसोसिएशन की बैठक में मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की गई। अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोटद्वार बार एसोसिएशन द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र पर चर्चा हुई। पत्र में एसडीएम कोटद्वार पर गंभीर अनियमित. ताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। बैठक के बाद अधिवक्ता महेश चंद्र भट्ट की माताजी के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। बैठक में कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। शोक सभा में दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत सचिव, डा. महेन्द्र सिंह पाल, त्रिलोचन पाण्डे, भुवनेश जोशी, केके तिवारी, कुन्दन सिंह, राजेश शर्मा, अतुल भट्ट, अतुल बहुगुणा, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा, एमसी पंत, महेन्द्र सिंह, शंशाक उपाध्याय, निरंजन भट्ट, डीके जोशी, बीएस रावत, राजीव पाठक, दीपा आर्या, संजय भट्ट, भूपेन्द्र प्रसाद तथा शिवानन्द भट्ट आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## याचिकाकर्ता की ग्रेच्युटी का भुगतान दो महीने के भीतर करे नगरपालिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पालिका परिषद नैनीताल की सेवानिवृत कर्मचारी के बकाए का भुगतान करने का निर्देश नगर पालिका परिषद नैनीताल को दिया है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नगर पालिका परिषद नैनीताल के एक सेवानिवृत कर्मचारी भगवती देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता जो नगर पालिका में एक माली के रूप में कार्यरत थीं के सेवानिवृति लाभों का जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता जो 30 नवंबर 2023 को सेवानिवृत हुई थीं ने अदालत से शिकायत की थी कि उन्हें अभी तक ग्रेच्युटी तथा अवकाश नकदीकरण और पेंशन का बकाया नहीं मिला है। उन्होंने इन राशियों के साथ 18 फीसदी प्रति वर्ष की दर से ब्याज की भी मांग की थी। याचिका में नगर पालिका परिषद और राज्य सरकार को तुरंत इन बकायों का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान नगर पालिका परिषद के वकील ने स्वीकार किया कि वे याचिकाकर्ता के प्रति इन बकायों का भुगतान करने के लिए बाध्य हैं हालांकिए उन्होंने परिषद की वित्तीय कठिनाइयों का हवाला देते हुए भुगतान के लिए कुछ और समय की मांग की। अदालत ने इस स्वीकारोक्ति को ध्यान में रखते हुए मामले का निपटारा कर दिया और एक समयबद्ध योजना के तहत भुगतान का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि नगर पालि. का परिषद को याचिकाकर्ता की ग्रेच्युटी का भुगतान दो महीने के भीतर करना होगा इसके अलावा अवकाश नकदीकरण और अन्य सभी सेवानिवृति के बकायों का भुगतान पांच महीने के भीतर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिया है कि वह नगर पालिका परिषद द्वारा अनुरोधित धन को कानून के अनुसार जल्द से जल्द जारी करने पर विचार करे ताकि ऐसे भुगतान में और देरी न हो।

### 37वें दिन भी धरना जारी

**हल्द्वानी।** मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बाग. जाला में 37वें दिन भी जारी रहा। किसान महासभा बागजाला के धरने के समर्थन में पहुंचे सक्रिय सामा. जिक कार्यकर्ता और पूर्व प्रधान, पूर्व बीडीसी सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट ने कहा कि बागजाला को मालिकाना अधिकार देने की मांग का पुरजोर तरीके से समर्थन करते है। गौलापार और चोरगलिया क्षेत्र में जो भी वन भूमि पर बसे हुए गांव हैं उन सभी को मालिकाना अधिकार के लिए इस धरने के मंच पर एक होकर लड़ाई लड़नी चाहिए। धरने में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, विमला देवी, हेमा आर्य, डा. कैलाश पाण्डेय, प्रेम सिंह नयाल, पंकज चौहान, मो. परवेज, सिद्धार्थ, महेन्द्र आर्य, सुषमा आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कालाढूंगी।** सोमवार को कालाढूंगी में लगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट व नैनीताल मुख्य चिकित्सा अधिकारी रमेश पंत को नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा के नेतृत्व में सभासदों ने एक ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया. कि नगर पालिका परिषद कालाढूंगी वर्तमान जनसंख्या लगभग शहरी क्षेत्र की लगभग 15 हजार व ग्रामीण क्षेत्र मिलकर लगभग 50 हजार से भी ज्यादा है।

नगर पालिका परिषद कालाढूगी पर्यटक शहर होने के साथ नैनीताल को भी यही से मगर निकला है जहां आए दिन दुर्घटना होना आम बात है व नगर के लगे ग्रामवासी भी अपना इलाज कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालाढूंगी में आते हैं। डाक्टर एवं मशीनों के अभाव में गरीजों का इलाज नहीं हो पाता है। यदि कोई दुर्घटना घटित होती है, तो डाक्टर, एवं उपकरणों के अभाव के चलते मरीजों को हल्द्वानी रेुर किया जाता है, जिसमें अधिकांश मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। स्वास्थ्य केन्द्र में कई रिक्त पदों में विशेष कर आर्थोपडिक सर्जन, पैथोलाजिस्ट, फिजिशियन एवं महिला डाक्टर कार्यरत नहीं है, तथा सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन आदि भी उन्होंने सभी सुविधाएं शीघ्र दिए जाने की मांग की। इस दौरान सभासद नसीम जहां, रोहित बुधलाकोटी, सरवर अली, हरीश मेहरा, मनोज अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मूट कोर्ट में पढ़ाया कानून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** फॉरेंसिक विभाग तथा डा. राजेन्द्र प्रसाद विधि संस्थान डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में फॉरेंसिक सप्ताह आयोजित किया गया। इस मौके पर मूट कोर्ट के माध्यम से कानून के छात्रों को वास्मृविक अदालती कार्यवाही का अनुभव प्रदान कराना है जिससे वे अपने कानूनी तर्क व अनुसंधान तथा लिखित और मौखिक वकालत कौशल विकसित कर सकें तथा अदालती शिष्टाचार सीख सकें और आत्मविश्वास प्राप्त कर सकें। यह नकली अदालती सुनवाई होती है जहाँ छात्र काल्पनिक मामलों पर बहस करते हैं ताकि वे पेशेवर वकील बनने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूट कोर्ट समनव्यक डा. सागर सिंह पाटनी द्वारा की गयी। कार्यक्रम का संचालन डा. राशि मिगलानी द्वारा किया गया। मूट कोर्ट द्वारा मूट विचारण में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका के महत्व को प्रदर्शित उजागर किया गया। विधि विभाग की ओर से अभियोजन यशिता करगेती, जया बहुगुणा तथा प्रतिरक्षा की ओर से नीधि हरिड़िया तथा कशिश पाण्डेय, पूजा, हिमाशु के साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों में अतुल रावत, आकाश सिंह, सुबे सैनी, सलौनी बोरा, मुस्कान, सताक्षी शर्मा, सोनी महर विशेषज्ञ के रूप मे थे तथा दोनों विभाग के सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही जबकि न्यायाधीश के रूप में विभागाध्यक्ष डा. सुरेश चन्द्र पाण्डेय तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. संजय पंत (डीएसडब्लू) तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. ललित तिवारी तथा डा. महेंद्र सिंह राना (डीन फैकल्ट्री बायो मेडिकल साइन्स) अतिथि तथा विभाग की फैकल्टी डा. नगमा, डा. एमएस गुसाई, डा. वीके रंजन, डा. कविता, डा. शशि प्रभा उपस्थित रहे।

# श्रीराम सेवक सभा में महिलाओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा में मंगलवार को श्री नंदा देवी महोत्सव में विशेष सहयोग देने हेतु महिलाओं का विशेष सममान समारोह



आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को श्री राम दरबार, रंगवाली पिछौड़ा तथा नंदा देवी का खजाना प्रसाद भेंट किया गया। इससे पूर्व सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का स्वागत किया तथा कहा कि महोत्सव में नगरपालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान तथा जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन तथा दानदाताओं तथा स्वयं सेवकों का विशेष योगदान रहा। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने कहा कि महोत्सव की सफलता हम सब की सफलता है तथा मां नंदा सुनंदा का आशीर्वाद है। बैठक को नगरपालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने भी संबोधित किया। इसके अलावा एसडीएम नवाजिश खलिक ने विजयादशमी 2 अक्टूबर तथा राम बारात 24 सितंबर को लेकर सभा भवन में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में तय हुआ कि मल्लीताल फ्लैट्स में रावण के पुतले दहन के साथ आतिशबाजी, रामलीला मंचन तथा श्री राम को समर्पित भजन संध्या होगी। एसडीएम ने सभी को सभी व्यस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सभी अधिकारियों को श्री राम दरबार का चित्र भेंट किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष मनोज साह व संच. ालन महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी व सभा के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रो. ललित तिवारी ने किया।

### भीमताल में यूओयू का नया स्टडी सेंटर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल में मंगलवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) का नया स्टडी सेंटर शुरू किया गया। इस पहल का उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्र के छात्रों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें शहरों की ओर न जाना पड़े। समारोह में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की मौजूदगी में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रो. रावत ने इसे संसाधन साझा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि अब भीमताल परिसर में पारंपरिक कोर्सेज भी संचालित होंगे। स्टडी सेंटर के समन्वयक प्रो. अमित जोशी होंगे।

# पेपर लीक: नैनीताल में कांग्रेसी आगबबूला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को नैनीताल में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने के विरोध में मल्लीताल स्थित पंत प्रतिमा के समीप धामी सरकार व यूकेएसएसएससी का पूतला फूंक कर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि धामी सरकार द्वारा भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी से कराने के लिए देश का सबसे सखत कानून बनाने के बाद भी उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने व इस परीक्षा से एक दिन पूर्व हाकम सिंह की गिरफ्तारी तथा प्रदेश के युवाओं के



धामी सरकार व यूकेएसएसएसी का फूंका पुतला

समय व पैसे की बर्बादी कर उनके भविष्य के साथ धामी सरकार द्वारा खिलवाड़ किया गया है। इसके लिए यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष को नैतिक जिममेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए था। नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल प्रदेश के उच्च न्यायालय से अनुरोध करती है कि वह इस महत्वपूर्ण परीक्षा के मामले का स्वत: संज्ञान लेकर अपनी निगरानी में इस परीक्षा में पेपर लीक कि जांच कर परीक्षा को रद्द कर पुन: अपनी निगरानी में परीक्षा करवा कर प्रदेश के युवाओं के लिए न्याय की मांग करती है। प्रदर्शन में नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत नगर महामंत्री कैलाश अधिक. ारी, नगर सचिव बंटू आर्या, सभासद जीनू पांडेय, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शार्दुल नेगी, नगर अध्यक्ष आयुष आर्या, राजेंद्र व्यास, राजेंद्र सिंह कोटलिया, प्रेम कुमार शर्मा, भुवन बिष्ट, मनोज भट्ट, सुरेश चंद्रा, मनमोहन कनवाल, पवन जाटव, प्रदेश महासचिव यूथ कांग्रेस संजय कुमार, ललित चनियाल, ललित सिंह बोरा, पूर्व छात्रसंघ उप सचिव गौरव कुमार, विमल बृजवासी, करन कुमार, संदीप चौहान, शुभम प्रसाद, हारुन खान तथा धीरज बिष्ट आदि शामिल रहे।

# भगवान महर्षि वाल्मीकि की पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अध्यक्ष एवं सरपंच वाल्मीकि सभा गिरीश भईया तथा उनके पुत्र संजीव कुमार मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा के नेतृत्व में रामलीला मंचन से पूर्व विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राम सेवक सभा मल्लीताल तथा रामलीला कमेटी तल्लीताल में भगवान महर्षि वाल्मीकि की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पूजा के उपरांत सभा अध्यक्ष गिरीश भईया ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने संस्कृत का प्रथम महाकाव्य रामायण रचकर समाज को धर्म, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित समाजजनों से महर्षि के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान भी किया। इस दौरान प्रदीप सहदेव, दिनेश कटियार, रोहित कैशले, राजेश, गोपाल सिलेलान, रितुल कुमार महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा, नितिन, रोहित, निखिल, मनोज, अभय, रोनित, गौरव, अनु, अक्षय, कुनाल, सौरव, यश, आलोक, रितेश, कृष्णा, सनी, कवियंस समेत अन्य लोग रहे।

# हैड़ियागांव में किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए हेड़ियागांव और हल्द्वानी रुद्राक्ष वाटिका में वृक्षारोपण किया। दोनों ही कार्यक्रम विश्वविद्यालय की ईको क्लब और एनएसएस इकाई के संयुक्त प्रयास से आयोजित किए गए। हेड़ियागांव में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गांव के लोग, ग्राम प्रधान हेड़ियागांव प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान चाक बहेरी नीलम आर्या एवं बीडीसी सदस्य देवेश कुमार भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक रिटायर्ड कर्नल एके नेयर, डा. हेमानी सेमवाल (लीड इंडस्ट्री कनेक्ट एवं एलुमनाई रिलेशंस) और ईको क्लब समन्वयक डा. फरहा खान ने एनएसएस स्वयंसेवकों के




साथ पौधारोपण किया। यह घोषणा की गई कि वृक्षारोपण गांव को हराभरा बनाने की प्रथम कड़ी है तथा आगे चलकर ग्रामवासियों को आत्मनिर्भर बनाने, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने और बच्चों की शिक्षा में भी विश्वविद्यालय सक्रिय सहयोग करेगा। इसी क्रम में हल्द्वानी स्थित रुद्राक्ष वाटिका में भी एनएसएस स्वयंसेवकों और ईको क्लब के सदस्यों ने मिलकर वृक्षारोपण किया। यह स्थल पहले लैंडफिल क्षेत्र था, जिसे गो क्लीन गो ग्रीन लेट्स मेक इट हैपन संस्था के प्रयासों से साफ कर हरित क्षेत्र में बदला जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक मनोज नेगी, विश्वविद्यालय की ईको क्लब टीम और एनएसएस स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। यह क्षेत्र अब ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल द्वारा संजोया गया नाम से संरक्षित और सुरक्षित रहेगा।

# बंजर जमीन पर पौधा लगाकर हरियाली को बढ़ावा देने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंग.



वार के दिशा-निर्देशन में प्रभाग की मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा बंजर जमीन पर पौंध लगाकर हरियाली को बढ़ावा दे रहे हैं। महिला समूहों व जन प्रतिनिधियों के सहयोग से रेंज में खाली भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के पौंध लगाए जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी मुकल शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत पहली नवरात्र से क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौंध रोपना शुरू कर दिया है। बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या व महिला समूह की पीआरपी शकुंतला नेगी ने की। जिनके साथ 25 समूहों की महिलाएं शामिल रहीं। साथ क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व सरपंच अभियान का हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाली भूमि में पौंध रोपने के साथ लोगों को पौधों को बचाने की शपथ भी दिलाई गयी। बताया कि क्षेत्र में कचनार, मकौल, तुषारू, दुधिला आदि प्रजातियों के एक हजार पौधों का रोपण किया।

### रेस्टोरेंट में शराब पीते-पिलाते पांच धरे

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र स्थित रेस्टोरेंट में शराब पार्टी करना कुछ युवकों व रेस्टोरेंट संचालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने पांचों को हिरासत में लेने के बाद उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को एसएसआई दीपक बिष्ट पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर चौकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान क्षेत्र स्थित पायल रेस्टोरेंट में हल्ला सुनाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा तो कुछ युवक खुलेआम शराब पी रहे थे। पुलिस को देख युवक सकपका गए। पुलिस युवक व रेस्टोरेंट संचालक को कोतवाली ले आई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने पिलाने पर रेस्टोरेंट संचालक देवेंद्र सिंह तथा मल्लीताल निवासी मनोज, संजय, ऋषभ व प्रदीप के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत




**भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है**

**दुबई, वार्ता।** प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी-20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत? वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं। ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं।

संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं। ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी, इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुम. राह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें-उनके पास तूफानी गें. दबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं। वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाक. ेदार पारी खेलना पसंद है। गेंदबा. जी? मुस्तफिजुर रहमान, द फ़िज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है, शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहां सात में से पांच मैच बाद में बल्लेबाज़ी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है। मौसम? गर्मी, चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ। तो फैसला क्या है? भारत प्रबल दावेदार है - अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा।

# दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस-2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

- **कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा**

**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। अपने विशाल अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा। इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। कप्तान के रूप में अपनी नियुक्ति पर, हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है, यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक स्तर पर जाना जाता है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं।

**खेल विशेष**

## धीमी ओवर गति के लिए भारतीय महिला टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया, जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे। समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा। आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने ओवर गति से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने वाले नियमों की रूपरेखा तैयार की। बयान में कहा गया है, षखिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अगर कोई खिलाड़ी निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करता है, तो उस पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ज़िम्मेदारी स्वीकार की। आईसीसी ने आगे कहा कि भारतीय कप्तान ने अपराध स्वीकार कर लिया है और जुर्माना स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं, से पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले लिटन दास के चोटिल होने की आशंका



- **लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर बैचेनी महसूस हुई**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाईं ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायज़िद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।

बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा। हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है।

## एएफसी फुटसल एशियन कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार

**कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में कुशैन अल-मुतैरी हॉल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-10 से हार का सामना करना पड़ा। भारत सोमवार को पहले हाफ के अंत में 1-6 से पीछे था। फुटसल टाइगर्स की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की तुलना में धीमी रही, जिसने किक-ऑफ के पांच मिनट के भीतर ही अपना दबदबा बना लिया। हालांकि इस नतीजे ने भारत को मुश्किल में डाल दिया है, लेकिन वे अभी भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। रात कुवैत व मंगोलिया के बीच होने वाले मैच में फुटसल का भाग्य अधर में लटका हुआ है।

# विंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर



- **सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी, ध्रुव होंगे टीम के मुख्य विकेटकीपर चयनकर्ताओं की बैठक कल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे। पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फैक्चर हो गया था। हालांकि, उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया। वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी उनके क्रिकेट में वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को 19 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने मैच में फिफ्टी लगाई थी। ध्रुव जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगद. ीशन, जिन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी, बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह पा सकते हैं। नितीश कुमार और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नितीश कुमार रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। देवदत्त पडिक्कलरू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी।

# छह साल बाद कैब अध्यक्ष बने गांगुली

- **बोलेः ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य**



**कोलकाता, वार्ता।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा। गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं। 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक कैब अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली टी-20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह टी-20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर भी रह चुके हैं। गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लार्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

## ग्रेस हैरिस महिला विश्व कप से बाहर, हीथर लेंगी जगह

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में खेलने का इंतजार जारी है क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैरिस को शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में वापसी का उनका पहला मैच था। हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को नियुक्त किया है।

# काउंटी सीजन के अंतिम चैंपियनशिप मैच के लिए सरे से जुड़े राहुल चाहर



- **चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे है और हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर इस हफ्ते यूटिलिटा बाउल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी मैच के लिए सरे से जुड़ गए हैं, जहां क्लब लगातार चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 26 वर्षीय चाहर को ईसीबी के नियमों के अनुसार, सितम्बर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की जरूरत नहीं थी। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में सरी को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि खिताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिंघमशायर के हाथ में चला गया।

चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफ़ी में खेलते रहे हैं और इस सीज़न के आईपीएल में भी सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प के रूप में एक बार नजर आए। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है। उन्होंने 2019 और 2021 के बीच भारत के लिए एक वनडे और छह टी-20 मैच भी खेले, लगभग उसी समय जब उन्होंने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस के दोहरे आईपीएल खताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं यहां प्रभाव डालने और सीजन के आखिरी मैच में टीम की मदद करने आ रहा हूं। उन्हें सरे के दोनों मौजूदा स्पिन गेंदबाजों , विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। क्लब के हाई-परफ़ॉर्मेंस सलाहकार, एलेक स्टीवर्ट ने कहा कि राहुल को टीम में शामिल करने से हमें यूटिलिटा बाउल में एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल गया है।हमें हमेशा से पता था कि सीज़न के आखिरी दौर में हमारे खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे और हमने संभावित मैदानों और जिस प्रतिद्वंद्वी टीम से हम खेल रहे हैं, उसे देखते हुए उसी के अनुसार योजना बनाने की कोशिश की। हमने पहले साई किशोर को सीजन के आखरिरी चरणों में वापसी के लिए चुना था, लेकिन दुर्भाग्य से उनकी उंगली में चोट लग गई जिसके कारण ऑपरेशन हुआ और वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

# ओस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी बने 2025 बैलन डी ओर विजेता

- **डेम्बेले ने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 में से 35 गोल किए**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मन के ओस्मान डेम्बेले और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐताना बोनमाटी ने पेरिस के थिएटर डू चैटलेट में 2025 बैलन डी' ओर पुरस्कार जीते। पिछले सीजन में पीएसजी के पहले यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद, 28 वर्षीय डेम्बेले ने कल पहली बार पुरुषों का बैलन डी' ओर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 35 गोल किए, जिसने लीग 1 और कूप डी फ्रांस भी जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी का धन्यवाद। मेरे साथ जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय है। मैं निःशब्द हूं। पीएसजी के साथ यह एक अद्भुत सीजन रहा है। मैंने अविश्वसनीय चीजों का अनुभव किया है, और मैं थोड़ा नर्वस हूं, यह आसान नहीं है। 27 वर्षीय बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी' ओर जीता और मिशेल प्लाटिनी (1983-85) और लियोनेल मेसी (2009-12) के बाद इतिहास में तीन बार यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने बार्सिलोना के लीग और चैंपियंस लीग अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गोल और असिस्ट के मामले में अपनी टीम का नेतृत्व किया। वह स्पेन की साथी मैरियोना काल्डेंटे और इंग्लैंड की फॉरवर्ड लॉरेन जेम्स से आगे रहीं। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा लगातार तीसरा वर्ष है, और मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं। यह अविश्वसनीय है। मुझे यह पुरस्कार देने के लिए फ्रांस फुटबॉल का धन्यवाद, जो आसानी से आप में से किसी को भी मिल सकता था। अगर मैं इसे साझा कर सकती, तो करती। समारोह के दौरान प्रदान किए गए अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए कोपा ट्रॉफी शामिल थी, जिसे लामिन यामल और विकी लोपेज ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी इतालवी गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा और चेल्सी की हन्ना हैम्पटन को प्रदान की गई। क्लब और देश भर में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और बार्सिलोना की फॉरवर्ड इवा को महिला वर्ग में प्रदान की गई।

# बीबीएल में खेलते दिख सकते हैं आर अश्विन



- **भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरूष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आखरिरी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं।

इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी-20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। इससे पहले 2023 में अंबाती रायुडू सीपीएल में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स के लिए और फिर जनवरी 2024 में एमआई एमिरेट्स के लिए आईएलटी-20 में खेल चुके हैं। इसी सीजन में रॉबिन उथप्पा और युसूफ़ पठान दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। वहीं दो साल पहले अबु धाबी टी10 में सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का हिस्सा थे। अश्विन पहले ही यूएई में होने वाली आईएलटी-20 नीलामी का हिस्सा हैं, जो अगले मंगलवार को होगी। अगर वह खरीदे गए तो वह पूरा आईएलटी-20 खेलेंगे, जो 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। बीबीएल 14 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच हो सकता है। इसका मतलब है कि अश्विन किसी एक टीम के लिए सत्र के अंत में तीन-चार मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे और अगर वह टीम क्वालिफ़ाई करती है, तो फाइनल में भी खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उनकी डील में 2026-27 का बीबीएल भी शामिल होगा। बीबीएल क्लब अपने एकदाश में केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला सकते हैं। लीग के प्री-सीजन नियमों और जून के ओव. रसीज ड्राफ़्ट के जरिए हर क्लब पहले ही तीन विजेशी खिलाड़ियों को लॉक कर चुका है। इसके बाद सभी क्लब अतिरिक्त चार विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को साइन कर सकते हैं। यानी उनके दल में कुल सात विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, लेकिन एक समय में केवल तीन ही खेल सकते हैं। लीग के आखरिरी हिस्से में अगर किसी टीम ने किसी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को एसए20 के लिए रिलीज किया तो अश्विन एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। लीग के नियमों के अनुसार रिप्लेसमेंट विदेशी खिलाड़ियों को भी ड्राफ्ट के लिए नामांकन करना होता है, जिसे अश्विन ने तब नहीं किया था क्योंकि उस समय उन्होंने आईपीएल से संन्यास नहीं लिया था। मगर ऐसी परिस्थितियों के लिए एक छूट यह है कि यदि किसी विद. ेशी खिलाड़ी के लिए परिस्थिति बदल गई हो, तो उसे बीबीएल में खेलने की अनुम. ति दी जा सकती है। जो क्लब अश्विन को साइन करेगा, उसे अभी ही उनका वेतन, अपने ओवरऑल पर्स के भीतर फ़िट करना होगा। अधिकांश टीमों के पर्स पहले ही आवंटित हो चुके हैं। लेकिन संभव है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ एक अतिरिक्त मार्केटिंग एग्रीमेंट होगा, जो उस टीम के सैलरी कैप में नहीं गिना जाएगा, जो भी टीम अश्विन को लेगी। टीमें एक विशिष्ट वर्ष में लीग की तकनीकी समिति की मंजूरी के साथ कैप से 5प्रतिशत अधिक भी जा सकती हैं।

UKSSSC परीक्षा फर्जीवाड़ा में मुख्य आरोपी के घर छापेमारी

# बहन गिरफ्तार, खालिद अभी भी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** (UKSSSC) परीक्षा फर्जीवाडे में एसटीएफ लगातार मुख्य आरोपी की तलाश में जहां दबिश दे रही है तो आज उसके घर लक्सर कोतवाली के सुल्तानपुर में भी दबिश दी गयी। मुख्य आरोपी खालिद तो हाथ नहीं लगा लेकिन अब पूछताछ के बाद एसटीएफ की टीम ने खालिद की बहन साबिया को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर का कहना है कि जल्द ही इस फर्जीवाडे का खुलासा कर दिया जायेगा ओर मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

उत्तराखंड सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन कमीशन (UKSSSC) की परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी खालिद को गिरफ्तार करने के लिए हरिद्वार पुलिस, राजस्व विभाग, बिजली विभाग और नगर पंचायत की एक संयुक्त टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। खालिद पर आरोप है कि उसने परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल किया। यह मामला 21 सितंबर 2025 को हरिद्वार के बहादुरपुर जट स्थित आदर्श बाल सदन परीक्षा केंद्र से सामने आया था।



खालिद, जो कि लक्सर के सुल्तानपुर का रहने वाला है, इस मामले का मुख्य आरोपी है। उसके खिलाफ देहरादून की रायपुर कोतवाली में मुकदमा संख्या 301/25, भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम निवारण के उपाय अधिनियम की धारा 11(1)(2) और 12(2) के तहत मामला दर्ज है। छापेमारी के दौरान, अन्य विभागों ने आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की। जांच में पता चला कि आरोपी के घर पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। इस पर, आरोपी के पिता के खिलाफ भी विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**❖एसटीएफ की टीम खालिद को पकड़ने को लगातार मार रही दबिश, अभी नहीं लगा सुराग**

# जांच टीम के सामने ग्रामीणों ने राशन डीलर पर लगाए धांधली के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** टिक्कमपुर गांव के डीलर पर लगे राशन वितरण में धांधली करने के आरोपों की जांच हुई। कार्डधारकों की शिकायत पर टीम ने टिक्कमपुर गांव में पहुंचकर मामले की जांच की। अधिकारी के सामने ग्रामीणों ने राशन डीलर पर धांधली करने का आरोप लगाते हुए राशन की दुकान निरस्त करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार खाद्य आपूर्ति अधिकारी रवि सनवाल और आपूर्ति निरीक्षक मुकुल शर्मा टिक्कमपुर गांव पहुंचे। इस दौरान टीम ने राशन डीलर शिकायतकर्ता और अन्य ग्रामीणों को मौके पर बुलाकर मामले की जांच की। मौके पर पहुंचे ग्रामीण मोनू, रूपचंद, भागीरथ, राकेश, अजमेर, हरमीत, गुरप्रीत, शुभम, गीता आदि कई लोगों ने जांच अधिकारी को बताया कि गांव का राशन डीलर राशन वितरण करने में काफी समय से धांधली करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि राशन डीलर समय पर राशन नहीं देता है। इसके साथ-साथ जो भी राशन देता है उसमें एक किलो राशन काम दे रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि राशन कम देने का विरोध करने पर राशन डीलर मनमानी करता हुआ कहता है कि राशन लेना है ले जाओ नहीं तो यह भी नहीं मिलेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन डीलर एक यूनिट काम करके राशन देता है। किसी की 5 यूनिट है तो चार यूनिट के हिसाब से ही राशन देता है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन वितरण में धांधली के कारण 2024 में भी एक बार राशन डीलर की राशन की दुकान सील कर दी गई थी। ग्रामीणों ने राशन की दुकान निरस्त कर अन्य किसी ग्रामीण को दिए जाने की मांग की है। वहीं राशन डीलर जगत सिंह का कहना है कि ग्रामीणों की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं। राशन नियम के अनुसार वितरित किया जा रहा है। खाद्य आपूर्ति निरीक्षक रवि सनवाल ने बताया कि राशन डीलर और शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों से भी जानकारी की गई है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारी को प्रेषित की जा रही है।

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

# खंजरपुर डेयरी पर छापा, दो कुंतल मिलावटी पनीर किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड.4 में स्थित डेयरी से बडी मात्रा में मिलावटी पनीर पकड़ा गया है। जबकि मिल्क पाउडर, रिफाइंड के कनस्तर और प्रतिबंधित इंजेक्शन भी टीम ने बरामद किए हैं। संयुक्त टीम की कार्रवाई से डेयरी संचालकों में हड़कंप की दिनभर स्थिति रही। डेयरी से बरामद सामान को जेसीबी की मदद से नष्ट करा दिया गया है।

खाद्य संरक्षा वरिष्ठ अधिकारी योगेंद्र पांडे के मुताबिक त्योहारी सीजन पर मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। मुनाफे के चक्कर में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जा रही है। जनहानि को ताक पर रखकर खाद्य पदार्थों में जमकर मिलावट की जा रही है। जिनमें दूध, देसी घी, पनीर, मिठाई व अन्य पैकिंग के सामान शामिल है। उन्हें शिकायत मिली थी कि खंजरपुर में कब्रिस्तान से आगे एक डेयरी है। जहां पर मिलावटी पनीर बनाया जा रहा है। जिसके बाद तहसील प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह छह बजे डेयरी पर छापा मारा। छापे में डेयरी परिसर की जांच हुई। चैकिंग में दो कुंतल पनीर ड्रम में रखा मिला। जबकि छत पर 25-30



रिफाइंड तेल के कनस्तर, मिल्क पाउडर और संदिग्ध खाद्य पदार्थ बरामद हुए। जिसके बाद खाद्य विभाग ने संदिग्ध खाद्य पदार्थों को कब्जे में लेकर जेसीबी की मदद से नष्ट करा दिया। टीम में तहसील प्रशासन से पंकज राजपूत विकास अवस्थी और पशु चिकित्सा एसपी सिंह, रुड़की कोतवाली से उप निरीक्षक एएस पंवार आदि मौजूद रहे।

# कलियर पुलिस ने दबोचे दो नशा तस्कर दस लाख की अवैध शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लाख रुपये की अवैध शराब की भारी खेप पकड़ी है। पुलिस ने मौके से 222 पेटी (करीब 10,000 पैकट टेट्रा पैक) देशी मसालेदार शराब और एक महिंद्रा पिकअप को कब्जे में लिया है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार सोमवार को पुलिसकर्मियों के साथ चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर इमलीखेड़ा स्थित देशी शराब के ठेके पर छापेमारी की गई।मौके से पिकअप वाहन में भरी हुई शराब बरामद हुई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम शाहनवाज उर्फ शानू निवासी पाडली गुज्जर थाना गंगनहर बताया। जबकि ठेके पर मौजूद सेल्समैन ने अपना नाम रजत निवासी मोहम्मदपुर, लक्सर बताया।पुलिस ने वाहन व शराब को कब्जे में ले लिया है।जांच में सामने आया कि बरामद शराब तेज्जुपुर देशी शराब ठेके के नाम पर जारी की गई थी लेकिन अवैध तरीके से इमलीखेड़ा ठेके पर उतारी जा रही थी।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



## एसोसिएशन ने अक्टूबर में भी विद्यालय समय ग्रीष्मकालीन करने को पत्र लिखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन हरिद्वार ने मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार को अक्टूबर माह में भी विद्यालय समय ग्रीष्मकालीन करने हेतु पत्र लिखा है। गौरवतल है कि शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार । अक्टूबर से विद्यालय समय बदलकर शीतकालीन समय हो जाता है लेकिन जनपद हरिद्वार की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए प्रतिवर्ष संगठन की मांग पर छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उसे ग्रीष्मकालीन ही रखा जाता है । उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार को पत्र भेजकर छात्र हित एवं भीषण गर्मी को देखते हुए अक्टूबर माह का विद्यालय संचालन ग्रीष्मकालीन करने हेतु अनुरोध किया है।

## नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों से हटाया जाएगा अतिक्रमण : एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद की सभी सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम के द्वारा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को आदेश दिए हैं।

अधिशासी अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने बताया एसडीएम लक्सर के आदेश अनुसार लक्सर नगर पालिका क्षेत्र हरिद्वार रोड एवं गोवर्धनपुर रोड ओवर ब्रिज के नीचे दोनों और मैन बाजार सभी दुकानदारों को बजरिये मनादी से सूचित कर रहे हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण को तत्काल समय रहते हटा ले अन्यथा प्रशासन द्वारा हटाया जाएगा जिस पर होने वाला व्यय संबंधित अतिक्रमण करता से वसूल किया जाएगा।

# नंगला बाईपास दो घंटे रहा जाम, गड्ढों ने बढ़ाई आफत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगला बाईपास रोड पर रूट डाइवर्ट किए जाने से करीब दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। सुबह से ही वाहनों की कतारें दोनों ओर लग गईं। दोपहिया से लेकर बड़े ट्रक तक रेंग-रेंगकर चलते रहे। स्थिति यह रही कि पैदल चलने वालों तक को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगला बाईपास रोड पर सिर्फ शनिवार और रविवार को ही यातायात डाइवर्ट किया जाता है लेकिन इस दौरान हर बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है। ऊपर से चौक पर जगह-जगह पड़े दो फीट गहरे गड्ढों ने लोगों की आफत बढ़ा दी है। कार और बाइक चालक इन गड्ढों से बचने के लिए बार-बार ब्रेक लगाते हैं जिससे जाम और भी गहरा जाता है। अर्जुन बिरला, आकाश कुमार, आशीष शर्मा, सचिन त्यागी, सचिन शर्मा, इरफान, अमजद ने बताया कि कई बार छोटे वाहन गड्ढों में फंसकर खराब हो जाते हैं। बारिश होने पर ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं और गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों और ऑफिस आने-जाने वालों को परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि सड़क की तुरंत मरम्मत कराई जाए और जाम से निजात दिलाने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।

## बरसात से हुए नुकसान को लेकर विभागीय सर्वे शुरू

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र में भारी बरसात से किसानों को हुए नुकसान का तहसील प्रशासन सहित अन्य विभागों ने सर्वे शुरू कर दिया है लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ अस्वाल ने बताया कि तहसील प्रशासन गन्ना विभाग कृषि विभाग की संयुक्त टीम बना दी गई है और वह मौके पर जाकर सर्वे कर रही है उन्होंने कहा अभी ज्यादा पानी होने की वजह से सर्वे टीम को दिक्कत आ रही है। सर्वे कंप्लीट हो जाने के बाद किसानों को उनकी फसल का मुआवजा दिया जायेगा।

जिपं अध्यक्ष ने सवा करोड़ के विकास कार्यों का किया किया शिलान्यास

# 2027 में भाजपा एक बार फिर लहराएगी परचम : किरण चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने सवा करोड़ से अधिक लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास मंगलवार को किया। उन्होंने बताया कि जिले की अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में करीब 32 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास इस सप्ताह होना है। कहा कि उनका मिशन है कि जिले में भाजपा को कम से कम आठ विधानसभा सीटों पर जीत हासिल हो।

खानपुर विधानसभा के भंगेड़ी जिला पंचायत क्षेत्र में सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा जिले में लगातार विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। किसी भी क्षेत्र को विकास से अछूता नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ सबका विकास की है उसी पर आगे बढ़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव में जिले की कम से कम 8 सीटों पर भाजपा का परचम लहराए इसके लिए वह प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर 32 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शहजाद ने चौमुखी विकास को प्राथमिकता देते हुए हरिद्वार का जिला पंचायत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो कार्य बरसों से रुके हुए थे वह अब पूरे किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन महावीर सिंह, विकास पाल, सुबोध शर्मा, संजय सैनी, महरबान, प्रवीण, मुकेश बालेकी, बट्टू, टिंकू अमखेड़ी, ललित पाल, अंकित सेन, महिपाल सिंह, शहजाद अली, साजिद अली, सोनू लंबरदार, नसीम, रामाज्ञा, सतपाल कश्यप, अंकित गौड, अफजल अली, आदित्य शर्मा आदि उपस्थित रहे।



**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हम कुछ व्यक्तियों द्वारा एक गैर लाभकारी संस्था/फाउंडेशन (नाम: "सच्ची सेवा फाउंडेशन सोसाइटी) का पंजीकरण (Registration) कराने जा रहे हैं, जो सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं परोपकारी कार्यों के लिए कार्य करेगी। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस पंजीकरण पर कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर अपनी आपत्ति संबंधित रजिस्ट्रार (सोसायटी/ट्रस्ट) हरिद्वार के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। संस्थापक/आवेदकगण 1. नाम युवराज सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी महतोली टांडा तहसील व थाना लक्सर जिला हरिद्वार 2. नाम रोहित कुमार एडवोकेट उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल UK09/2023, R1661 3.नावेद अख्तर पुत्र श्री मोहम्मद इस्लाम निवासी ज्वालापुर हरिद्वार 4.नाम सचिन कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी महतोली टांडा तहसील लक्सर जिला हरिद्वार 5.श्री कांत पुत्र राजकुमार निवासी महतोली टांडा तहसील लक्सर हरिद्वार स्थान: हरिद्वार

# डीएवी कॉलेज प्राचार्य व कांग्रेस अध्यक्ष के बीच तीखी नोक झोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कन्हैयालाल डीएवी कॉलेज के प्राचार्य और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके बीच में बीच बचाव किया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के समर्थन में कॉलेज पहुंचे थे।

रुड़की के कन्हैयालाल डीएवी कॉलेज में शिक्षक और कर्मचारी सात माह से वेतन न मिलने पर 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दे चुके है । वहीं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष चौधरी और कार्यकर्ता चुनाव करवाए जाने की मांग लगातार कर रहे हैं। आज उनके द्वारा कॉलेज के बाहर धरना देकर सांकेतिक रूप से तालाबंदी की गई। वहीं कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह उनके समर्थन में कॉलेज पहुंच गए। वह सभी एकत्र होकर प्राचार्य एमपी सिंह और शिक्षकों से वार्ता करने कॉलेज में बैठे थे। वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष और एमपी सिंह के बीच तीखी नोक झोंक शुरू हो गई। बताया गया है कि महानगर अध्यक्ष ने कुछ पुराने मामले में प्राचार्य पर आरोप लगाए। इतना सुनते ही प्राचार्य भी भड़क गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर नोक झोंक शुरू हो गई। दोनों अपनी कुर्सियों से खड़े हो गए और माहौल काफी गर्मा गया। यहां तक कि प्राचार्य ने इस्तीफा देने की धमकी भी दे डाली।जहां प्राचार्य ने महानगर अध्यक्ष पर अभद्रता का आरोप लगाया तो वहीं महानगर अध्यक्ष ने भी उनके साथ अभद्रता का आरोप प्राचार्य पर लगाया है। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों और कॉलेज स्टाफ ने उनके बीच में बीच बचाव करवाया। वहीं बाद में कार्यकर्ता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय गए।

औषधि नियंत्रण विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया संयुक्त निरीक्षण

# कई मेडिकल स्टोर स्वामी बंद कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उपर आयुक्त के निर्देशानुसार औषधि नियंत्रण विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को लक्सर एवं सुल्तानपुर क्षेत्र में औचक निरीक्षण/छापेमारी की गई। इस अभियान का नेतृत्व ड्रग्स इंस्पेक्टर सुश्री मेघा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सिमरनजीत कौर ने किया।

सुल्तानपुर में लगातार नशीली दवाइयों की बिक्री एवं एक्सपायरी दवाएँ बेचे जाने की शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान दो क्लीनिक बिना योग्य चिकित्सक के संचालित पाए गए, जिसकी सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी गई है। इन क्लीनिकों पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। छापेमारी की जानकारी मिलते ही कई मेडिकल स्टोर संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से चले गए। टीम ने लगभग 12 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया, जिनमें से दो स्टोर्स पर डिस्प्ले शेल्फ पर एक्सपायरी दवाइयाँ पाई गईं। संचालकों को नोटिस जारी कर निर्देशित किया गया कि वे तुरंत एक्सपायरी दवाओं की छंटाई कर अलग करें तथा नियमानुसार समय-समय पर उनका निस्तारण करें। अन्यथा उनके विरुद्ध ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। लक्सर क्षेत्र में भी टीम ने औचक निरीक्षण किया। यहाँ दर्जनभर मेडिकल स्टोर्स की जाँच की गई, जिनमें से कुछ पर अनियमितताएँ पाई गईं। जिन दुकानों पर कमियाँ पाई गईं, उन्हें नोटिस जारी करते हुए सख्त चेतावनी दी गई कि निर्धारित समयावधि में सभी निर्देशों का अनुपालन कर आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान ड्रग्स इंस्पेक्टर सुश्री मेघा ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से सख्त हिदायत दी। औषधि नियंत्रण विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निरीक्षण के दौरान बताई गई कमियों का अनुपालन समयबद्ध तरीके से नहीं किया गया तो संबंधित मेडिकल स्टोरों एवं क्लीनिकों के विरुद्ध ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक्स अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**❖प्रतिबंधित व एक्सपायरी दवाई बेचने पर कई को नोटिस, जांच को भेजे दवाई के नमूने**



इकबालपुर शुगर मिल नवंबर के पहले हफ्ते में होगा शुरू

# किसानों के 20 करोड़ बकाया का भी हो जाएगा भुगतान : तंवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर महा प्रबंधक अनिल तंवर ने किसानों से कहा की नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में शुगर मिल में हर हाल में गन्ने की पेराई का कार्य शुभारंभ कर दिया जाएगा। गत वर्ष का किसानों का गन्ना का बकाया भुगतान लगभग 20 करोड़ रूपया शुगर मिल मैं पेराई करने से पहले ही किसानों को दे दिया जाएगा। शुगर मिल में गन्ने का पेराई कार्य जल्द शुरू करने के लिए युद्ध स्तर पर मिल कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर महाप्रबंधक अनिल तंवर ने किसानों से कहा की शुगर मिल नहीं चलने से शुगर मिल मालिक व किसान दोनों को ही नुकसान है। शुगर मिल में गन्ने का पेराई कार्य नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा। शुगर मिल कर्मचारियों का एक माह का वेतन उन्होंने दे दिया गया है ।एक-दो दिन में दूसरे महीने का वेतन भी कर्मचारियों को दे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुगर मिल समय से शुरू करने के लिए कर्मचारी दिन रात शुगर मिल में कार्य कर रहे हैं। अधिकतर कर्मचारी 12 घंटे तक काम कर रहे हैं। 12 घंटे काम करने वाले कर्मचारियों को उन्हें 4 घंटे का अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा। पिछले साल का लगभग 20 करोड़ रूपया किसानों का गन्ना भुगतान जो बकाया चल रहा है। शुगर मिल में गन्ने का पेराई कार्य शुरू करने से पहले ही दे दिया जाएगा। तंवर का कहना है कि वह क्षेत्र के किसानों से लगातार संपर्क में है ।शुगर मिल तथा किसान एक दूसरे के पूरक है। शुगर मिल में काम करने वाले कर्मचारी कुमार हरीश कुमार धर्मदास मोहन दिनेश कुमार वेद प्रकाश राजू सिंह आदि का कहना है कि शुगर मिल में समय से गन्ना पेराई का कार्य शुरू किया जा सके इसके लिए सभी कर्मचारी पूरी मेहनत के साथ तन मन से काम कर रहे हैं।

# राहुल की आक्रामकता

वोट चोरों के नारे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता कम होती दिखाई नहीं दे रही है। वह बराबर सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अब तो उन्होंने वोट चोरी के नारे को बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में उन्होंने मंगलवार को कहा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी है। उन्होंने इस संदर्भ में बिहार के बेरोजगार युवाओं पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार व अवसर देना। लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार को उसकी जरा भी परवाह नहीं है। उसका कारण यह है कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह वोट चोरी और संस्थाओं को कैद करके सत्ता में बनी रहती है। जिसका परिणाम यह है कि इस समय बेरोजगारी 45 साल के सबसे हाई लेवल पर पहुंच गई है। मतलब साफ है कि राहुल गांधी अब देश के युवाओं को फोकस कर रहे हैं। वह हाल ही में नेपाल में जिस तरह जैन जी समूह ने आक्रामकता दिखाई थी और वह वहां तख्ता पलट करने में कामयाब हो गए थे, इस तरह की बातें वह देश में भी करते दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि जैन जी ही वोट चोरी और अपने अधिकारों की रक्षा करेगा। ऐसा करने में वह उनको पूरा अपना सहयोग देने की बात भी कह रहे हैं। जाहिर है, इस तरह के बयानों को भाजपा भी लपक रही है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी माआ.ेवादियों की भाषा बोल रहे हैं। कोई इन्हें नक्सलवाद से प्रभावित होता बता रहा है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप, क्रिया प्रतिक्रिया होती रहती है लेकिन एक बात साफ है कि वोट चोरी का मुद्दा देश में अब आकार लेता दिखाई दे रहा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। जिसका हाल ही में संपन्न बिहार में वोट अधिकार यात्रा में उमड़ा समूह जीता जागता सबूत है। यह बात अपनी जगह है कि यह उमड़ा जनसमूह किस हद तक इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट के रूप में अपना चमत्कार दिखाएगा। लेकिन इससे यह बात तो साफ हो जाती है कि अब देश के युवा राहुल गांधी की बात पर ध्यान दे रहे हैं और वोट चोरी का मुद्दा अब युवा वर्ग में अपील करता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि राहुल गांधी इस मुद्दे को उठाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं और अब तो उन्होंने इसको विस्तार देते हुए चतुराई के साथ बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। निश्चित रूप से बेरोजगारी वह मुद्दा है, जो युवाओं को काफी प्रभावित कर सकता है, क्योंकि इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आज बेरोजगारी व महंगाई अपने चरम पर है। भले ही सरकार ने जीएसटी में सुधार किया हो, लेकिन जिस तरह की समस्या है उससे देश की जनता को बड़ी निजात मिलेगी अभी कहना मुश्किल है।

## अदालत का दिल से शुक्रिया



हर झूठ की एक मियाद होती है, भाजपा को सामाजिक सौहार्द के प्रतीक लोग कभी अच्छे नहीं लगते हैं, आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ- साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ' में ऐतबार करते हैं, न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया, प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे, आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# फेस्टिवल में चेहरे पर बना रहेगा ग्लो





**शहनाज हुसैन**

त्योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

### ग्लिसरीन फेस मास्क

बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल के साथ मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाने से त्वचा में नमी का सन्तुलन बना रहता है और त्वचा को पौषण मिलता है। इसे लगाने के लिए आप बराबर मात्रा में गुलाब जल और ग्लिसरीन लें और अच्छे से मिक्स करें। रात को सोने से पहले इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगा लें और सुबह ठंडे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल और मुलायम दिखने लगेगी।

1 चम्मच ग्लिसरीन में विटामिन ई कैप्सूल को तोड़कर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें और अपने चेहरे को धो लें। आप इस मास्क को रोजाना लगा सकते हैं। यह आपकी स्किन को मॉइस्चराइज करेगा। इससे खुले पोर्स बंद होंगे और झुर्रियां कम होंगी और चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा। एक कांच के कटोरे में एक अंडे का सफेद भाग लें और इसे तब तक फेंटें जब तक कि यह झागदार न हो जाए। इसके बाद इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा लें। पैक को चेहरे पर तब तक लगा रहने दे जब तक यह सूख न जाए और बाद में गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा तक छोड़ दें। फिर सादे ताजे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल होगी और आपके चेहरे पर निखार झलकेगा।

### ओटमील मास्क

ओट्स ग्लूटन फ्री होता है, ओटमील एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर और क्लींजर की तरह काम करता है। ओटमील की मदद से स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। ओटमील चेहरे के कालेपन को हटाकर रंगत में सुधार करता है।

1 चम्मच ओटमील में 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल को अच्छे से मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा बाद इसे ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से कील, मुहांसों और डेड स्किन की समस्या कम होगी और त्वचा में नमी का संतुलन बना रहेगा। कांच की कटोरी में 2 चम्मच पिसे हुए ओट्स, 1 चम्मच दही, और 1 चम्मच शहद को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें इस पेस्ट को आंखों के हिस्से को छोड़ कर बाकि चेहरे और गले के हिस्से में लगाकर प्रकृतिक रूप में सूखने दें जब मास्क सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें। 2 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल को मिक्स करके फेस पैक तैयार करें और फिर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। शहद और ओटमील का ए फेस पैक स्किन को सॉफ्ट और हेल्दी बनाता है।

### पपीता फेस पैक

एक कटोरी में पके हुए पपीते की कुछ स्लागइस को मैश कर लें। इसके बाद आप इस मैश किए हुए पपीते में 1 चम्मकच चंदन पाउडर डालकर दोनों को अच्छे से मिलाएं। अब आप इस मिश्रण में 1 या 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आवश्यमकता अनुसार गुलाबजल डाल कर अच्छे से मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पैक को चेहरे और गर्दन पर अच्छे तरीके से लगा कर आधा घंटा बाद गुनगुने पानी से धो डालें। इस मास्क को नियमित रूप से लगाने से आपकी त्वेचा में चमक आएगी और आपकी त्वगचा मुलायम होगी। एक कटोरी में दो चम्मच के बराबर पपीता मैश कर के इसमें 2 चम्मच दही 1 चम्मच शहद और, 1 चम्मच चावल का आटा मिला लें। सभी चीजों को अच्छे से मिला कर स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक रूप से सूखने दें। जब यह पूरी तरह सुख जाए तो चेहरे को ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक को आप सप्ताह में दो तीन बार उपयोग कर सकते हैं। आधा कप मैश किया हुआ पपीता लेकर उसमें 2 चम्मच दही मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाएं और फिर धोकर हटा लें। चेहरे को ठंडक मिलती है और स्किन निखरी हुई दिखती है। एक कप पिसे पपीते में आधा चम्मच हल्दी मिला कर चेहरे पर लगाए और 15 मिनट बाद चेहरे को धो डालें। इस फेस पैक को लगाने पर स्किन को एंटी बैक्टीरियल गुण भी मिलते हैं और यह त्वचा में निखार लाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

# जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।



गुजरात का गौरव श्रानी की वावश्रू जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास गुजरात के पाटन नगर में स्थित रानी की वाव सीढ़ीदार बावड़ी भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अनमोल खजाना है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है और यह गुजरात आने वाले हर पर्यटक के आकर्षण का केंद्र है। यह बावड़ी केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

रानी की वाव का निर्माण 11वीं शताब्दी में सोलंकी वंश की रानी उदयमती ने अपने पति राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में करवाया था। इस कारण इसका नाम ष्रानी की वावष पड़ा। यह संरचना न केवल प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि उस युग की स्थापत्य दक्षता का भी अद्भुत उदाहरण है।

### स्थापत्य विशेषताएं-

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

### कलात्मक सौंदर्य

बावड़ी की नक्काशी इतनी बारीक है कि पत्थरों पर बने चेहरे, आभूषण और मुद्राएं जीवंत प्रतीत होती हैं। इसमें दशावतार द्धविष्णु के दस अवतारऋ की मूर्तियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

### वर्तमान स्थिति और पर्यटन

रानी की वाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ASI द्वारा संरक्षित है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहां आते हैं। 2014 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया और 2016 में इसे भारत की नई घ्100 के नोट की डिजाइन पर भी स्थान दिया गया। यहां अक्सर रानी की वाव फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

### कैसे पहुंचे?

निकटतम हवाई अड्डा-अहमदाबाद लगभग 125 किमी

रेलवे स्टेशन- मेहसाणा और पाटन

सड़क मार्ग- अहमदाबाद और गांधीनगर से पाटन तक सड़क द्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है।

रानी की वाव भारतीय शिल्पकला, स्थापत्य और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। यह न केवल जल प्रबंधन का एक प्राचीन और वैज्ञानिक मॉडल है बल्कि प्रेम, श्रद्धा और कला की जीवित मिसाल भी है। पाटन आने वाला हर यात्री इस धरोहर को देखकर भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा पर गर्व महसूस करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नवरात्रि के नौ दिन: शक्ति से शक्ति की कामना का पर्व



**योगेश कुमार गोयल**

नवरात्रि पर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। वैसे तो वर्षभर में चार बार नवरात्र मनाए जाते हैं, चौत्र तथा शारदीय नवरात्र के अलावा दो गुप्त नवरात्रि। इनमें चौत्र तथा शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व माना गया है। प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तक शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है और लगातार नौ दिनों तक आदिशक्ति जगदम्बा का पूजन किया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा।

इस वर्ष नवरात्र दस दिनों तक चलेंगे जबकि सामान्यत: नौ दिन के ही होते हैं। ऐसा संयोग नौ वर्षों बाद पड़ा है। इससे पहले 2016 में नवरात्र दस दिन के रहे थे। पंचांग के अनुसार 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि के साथ कलश स्थापना का विधान रहेगा। द्वितीया 23 सितंबर, तृतीया 24 सितम्बर, चतुर्थी 25 सितम्बर और चतुर्थी की वृद्धि के कारण 26 सितंबर को भी रहेगी। पंचमी 27 सितम्बर, षष्ठी 28 सितम्बर, सप्तमी 29 सितम्बर, अष्टमी 30 सितम्बर, नवमी 1 अक्तूबर और विजयादशमी 2 अक्तूबर को मनाई जाएगी। कभी नौ तो कभी दस दिनों तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त माने गए हैं, जिनमें प्रत्एक शक्ति का अपना अलग महत्व है। वास्तव में नवरात्रि पर्व 'शक्ति' स्वरूपा देवी से शक्ति की कामना का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए ही निर्धारित हैं। मां दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, मां कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। दुर्गा मां के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

देवी दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

दुर्गा का चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

देवी का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द द्धकार्तिकेयऋ की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। मां दुर्गा का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में यह ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 90 साल पुराने फैसले की करेगा समीक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर ज्यादा नियंत्रण देने का रास्ता खोल दिया। इसके तहत कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रम्प को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीएस) की डेमोक्रेटिक सदस्य रेबेका स्लाटर को पद से हटाने की अनुमति दे दी है। हालांकि यह मामला अभी पूरी तरह निपटा नहीं है।

ऐसे में कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने ट्रम्प के पक्ष में फैसला दिया, जबकि जस्टिस एलेना केगन, सोनिया सोतोमेयर और केतानजी ब्राउन जैक्सन ने इसका विरोध किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट अब विचार कर रही है कि 1935 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले को पलटा जाए या नहीं। उस फैसले में कोर्ट ने कहा था कि स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। इससे इन एजेंसियों को कार्यपालिका से अलग एक स्वायत्त पहचान मिली थी। अब ऐसे में ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि राष्ट्रपति को अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इन एजेंसियों पर पूरा नियंत्रण होना चाहिए, यानी वे इन बोर्ड सदस्यों को किसी भी कारण से हटा सकें। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट 1935 के फैसले को पलटती है, तो अमेरिका की कई स्वतंत्र संस्थाएं जैसे श्रम, उपभोक्ता संरक्षण और संघीय कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी एजेंसियां राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में आ जाएंगी। इससे कार्यपालिका की शक्ति काफी बढ़ जाएगी और इन एजेंसियों की स्वतंत्रता पर बड़ा असर पड़ेगा। हालांकि दूसरी ओर इस फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा कि सभी मानते हैं कि कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी। फिर भी बहुमत ने धीरे-धीरे सभी एजेंसियों पर राष्ट्रपति का पूरा नियंत्रण सौंप दिया है। वहीं स्लाटर की ओर से वकीलों ने दलील दी कि अगर राष्ट्रपति को ऐसी खुली छूट मिलती है, तो राजनीतिक दबाव में फैसले लिए जाएंगे, ना कि विशेषज्ञता के आधार पर। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को नई शक्तियां देनी हैं, तो यह फैसला जनप्रतिनिधियों यानी कांग्रेस को लेना चाहिए। यह मामला सिर्फ एफटीसी तक सीमित नहीं है। नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) और मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड (एमएसपीबी) की सदस्य ग्विन विलकाक्स और कैथी हैरिस को भी राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है।




- उन फैसले में कोर्ट ने कहा था: स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं
- फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा: सभी मानते हैं कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी



**मिलान (इटली)। फलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध और हड़ताल मार्च के बाद पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारी।**

## इटली में फलस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

**60 पुलिसकर्मी घायल, फलस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज, पीएम मेलोनी के खिलाफ की नारेबाजी**

**रोम।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की सरकार ने फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फलस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, टडूरिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी सैन्य तैनाती से क्षेत्रीय शांति को खतरा: वेनेजुएला

**कराकस।** वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने सोमवार को चेतावनी दी कि कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य तैनाती से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन की 'शांति क्षेत्र' की स्थिति खतरे में पड़ गई है। न्यूयॉर्क में लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गिल ने कहा कि अमेरिकी खतरे न केवल वेनेजुएला को बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौन सोच सकता है कि हमारे देश पर हमला उनके पड़ोसियों या क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करेगा? गिल ने जोर देकर कहा कि वेनेजुएला का अमेरिका के साथ कोई विवाद नहीं है लेकिन उसे वाशिगटन में राजनीतिक तत्वों द्वारा प्रोत्साहित सैन्य आक्रमण के प्रयास का सामना करना पड़ रहा है।

### इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी एवं विस्फोट की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने स्थानीय टीवी नेटवर्क इक्वाविसा को बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे।

### मास्को ने दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए: मेयर

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने कम से कम 23 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है जो सोमवार रात मास्को पर हमला कर रहे थे। यह जानकारी मास्को के मेयर ने दी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रक्षा बलों ने मास्को को निशाना बनाने वाले मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। सोब्यानिन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि आपातकालीन सेवा विशेषज्ञ उन स्थानों पर काम कर रहे हैं जहां ड्रोन का मलबा गिरा था। ड्रोन हमलों ने मास्को में नागरिक हवाई यातायात को प्रभावित किया है। अधिकारियों ने सोमवार शाम शहर के शेरेमेत्येवो हवाई अट्टे पर उड़ानों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया जो लगभग सात घंटे तक जारी रहा, जिसके बाद हवाई अट्टे पर पूरी तरह से परिचालन शुरू हुआ।

## भारत ने की संयुक्त राष्ट्र के बाद कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग

- बैठक में मंत्रियों ने कहा: कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक

**न्यूयॉर्क।** भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कामनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (प.) राजदूत सिबी जार्ज ने किया।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जार्ज ने कामनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कामनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके। इस बैठक की अध्यक्षता समोआ के उप प्रधानमंत्री टोएलुपे माओइ. आउतेले पोमुलिनुकु ओनेसेमो ने की। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के विदेश मंत्रियों की बैठक (सीएफएएमएम) एक उच्च स्तरीय मंच है, जो कामनवेल्थ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को एक साथ लाता है, ताकि आपसी सहयोग को मजबूत करने और 56 देशों के इस संगठन की साझा चुनौतियों का मिलकर समाधान निकालने के तरीकों पर चर्चा कर सकें। बैठक में मंत्रियों ने कहा कि कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया गहरे संकट में है। अपने संबोधन की शुरुआत में टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में उनकी भूमिका अहम है और आज जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, वे समोआ में आयोजित कामनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए जरूरी हैं, ताकि कामनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके।

# फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया अफगानी लड़का

## बोला: देखना था कैसा लगता है, पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा

**काबुल/ नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया।

यह घटना रविवार, 21 सितम्बर की है। अफगानिस्तान की केएएम एयरलाइन की फ्लाइट आरआईक्यू-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि लड़का काबुल एयरपोर्ट में घुस गया था और



### पंजाब के दो भाईयों ने 1996 में किया था ऐसा ही प्रयास

10 अक्टूबर 1996 को, पंजाब के फैनी गांव के परविंदर और हरविंदर सिंह फैनी ने दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई111 के लैंडिंग गियर बॉक्स में छिपकर यात्रा की। परविंदर की प्रचंड ठंड और ऑक्सीजन की कमी से मौत हो गई। हरविंदर चमत्कारिक रूप से बच गया था, पर अंधा और दिमागी रूप से विकलांग हो गया। मानवीय आधार पर ब्रिटेन ने हरविंदर को शरण प्रदान कर दी थी।

### लड़के के जिंदा बचने से एजेंसिया हैरान

किसी तरह विमान के पिछले लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में घुसने में कामयाब रहा। विमान की पूरी जांच के बाद इसे सुरक्षित घोषित किया गया। उसी दिन लड़के को उसी फ्लाइट से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, विमान में पहिये के पास छिपकर यात्रा करना बेहद खतरनाक होता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर तापमान माइनस 40 से माइनस 60 डिग्री 0 सेल्सियस तक गिर जाता है और आक्सीजन भी बेहद कम हो जाती है, जिससे कुछ ही मिनटों में बेहोशी या मौत हो सकती है। हालांकि, इस मामले में एजेंसियां हैरान हैं कि लड़का कैसे जिंदा बच गया, क्योंकि लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट विमान के सबसे निचले हिस्से में होता है।

## न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

- मैक्रों ने ट्रम्प को फोन करके कहा: जल्दी रास्ता खाली करो

**न्यूयार्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयार्क में उस वक्त फंस गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का काफिला गुजरने की वजह से सड़क बंद कर दी गई। यह घटना यूएन की 80वीं बैठक के दौरान हुई, जब मैक्रों फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रम्प के काफिले के लिए रास्ता रोक दिया, जिससे मैक्रों की कार रुक गई। एक वायरल वीडियो में मैक्रों कार से उतरकर पुलिस से पूछते दिखे कि क्या बात है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प का काफिला जा रहा है। यह सुनकर मैक्रों ने तुरंत ट्रम्प को फोन किया। वीडियो में मैक्रों ट्रम्प से हंसते हुए कहते हैं-आप कैसे हैं? मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जल्दी रास्ता खाली करो! इंतजार करने की बजाय, मैक्रों कार छोड़कर पैदल ही चल पड़े। वे आधे घंटे तक न्यूयार्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रम्प से फोन पर बात करते रहे।

## न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के छात्रनेता पर अंडे फेंके

### हसीना की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आतंकी बताया

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर और नोबेल विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के काफिले को न्यूयॉर्क में विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के साथ आए छात्रनेता अख्तर हुसैन पर अंडे फेंके और उन्हें आतंकी करार दिया।

इस दौरान भीड़ ने यूनुस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। यूनुस और उनके सहयोगी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में शामिल होने रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। जैसे ही उनका काफिला जेएफके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकला, वहां मौजूद अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी अख्तर हुसैन को अंडे मारते हुए 'आतंकी' कह रहे हैं और यूनुस सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। अख्तर हुसैन उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया था। इसी आंदोलन के दबाव में हसीना को 5 अगस्त को इस्तीफा देना पड़ा और बाद में उन्होंने भारत में शरण ले ली। इसके बाद ही यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अख्तर हुसैन को भी अवामी लीग के कार्यकर्ता सीधा दुश्मन मानते हैं।



चीफ एडवाइजर यूनुस के खिलाफ भी की नारेबाजी

## रोड्रिगो दुर्तेते पर मानवता के विरुद्व अपराध का आरोप

**हेग।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुर्तेते पर नीदरलैंड के हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया है। 80 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति पर दर्जनों लोगों की हत्याओं के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार होने का आरोप है, जो कथित रूप से उसके तथाकथित मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध के अंतर्गत की गई थीं जिस दौरान हजारों छोटे-मोटे मादक पदार्थ विक्रेताओं, उपयोगकर्ताओं और अन्य लोगों को बिना किसी मुकदमे के मार दिया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के आरोपपत्र में कई संशोधन शामिल हैं।

## रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम: भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू

**रबात (मोरक्को)।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फार द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है।



**रक्षा मंत्री राजनाथ बोले: मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम**

## पांच देशों ने फलस्तीन को दी विधिवत मान्यता

### संयुक्त राष्ट्र में मैक्रों बोले: ये हमास की हार, यूएन चीफ ने कहा: ये इनाम नहीं अधिकार है

**न्यूयार्क।** फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फलस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर विधिवत् मान्यता दे दी है। सोमवार देर रात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजरायल-फलस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक हुई, जहां इसकी आधिकारिक घोषणा हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फलस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं और फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल ने खड़े होकर इसका स्वागत किया। वहीं यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फलस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजरायल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फलस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। इसके मुताबिक यह तभी कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा और सभी इजरायली बंधकों की रिहाई हो जाएगी। इससे पहले रविवार को 4 देशों-ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को मान्यता दी थी। अब तक करीब 150 देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा है कि भविष्य में गाजा पर शासन करने में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने हमास से हथियार छोड़ने को कहा। अब्बास ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक को संबोधित किया, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वीजा देने से इन्कार कर दिया था। अब्बास ने गाजा में जंग खत्म होने के बाद राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि हम तीन महीने के भीतर एक अंतरिम संविधान तैयार करेंगे, ताकि अथारिटी से राज्य को सत्ता सौंपी जा सके।




## यूएन में ट्रम्प के भाषण से पहले न्यूयॉर्क में मोबाइल नेटवर्क ठप करने की साजिश, सुरक्षा एजेंसी ने की नाकाम

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से पहले अमेरिका में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश का खुलासा किया है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने न्यूयॉर्क के आसपास ऐसे उपकरणों का नेटवर्क पकड़ा है, जो पूरे मोबाइल नेटवर्क को ठप कर सकता था और गुप्त टेलीफोनिक हमले कर सकता था। एजेंसी ने 300 से ज्यादा सिम सर्वर और एक लाख सिम कार्ड जब्त किए हैं। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, ये डिवाइस सिर्फ मोबाइल टावरों को निष्क्रिय करने के लिए ही नहीं, बल्कि गुमनाम कॉल और खतरनाक साइबर हमलों के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते थे। इससे अपराधी गुप्त और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कर सकते थे, जिससे अमेरिकी सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। यह कार्रवाई ऐसे वक्त में हुई जब दुनिया भर के नेता न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। इसी मंच पर आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया को संबोधित भी करने वाले थे।

